राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत


नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 340
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 21 जून 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट

पेज 3 गुर्दे की गांठ का बीएलके मैक्स अस्पताल में सफल रोबोटिक ऑपरेशन, 15 साल की लड़की को मिला नया जीवन

पेज 5 प्रापर्टी के झगड़े में भाई ने भाई की गोली मारकर की हत्या, भीड़ ने जमकर पीटने के बाद किया पुलिस के हवाले

पेज 7 यूएन में पाकिस्तान की फिर बेइज्जती, भारतीय नागरिक को आतंकी घोषित करने की मांग खारिज


महाराष्ट्र में 9 लोगों ने की खुदकुशी

## सांगली जिले के म्हैसाल में दो सगे भाईयों के घरों से मिलीं 9 लाशें



**परिवार के सदस्यों के नाम**

अक्काताई वनमोरे (72)
पोपट यल्लाप्पा वनमोरे (उम्र 52)
माणिक यल्लाप्पा वनमोरे (49)
संगीता पोपट वनमोरे (48)
रेखा माणिक वनमोरे (45)
अर्चना पोपट वनमोरे (30)
शुभम पोपट वनमोरे (28)
अनिता माणिक वनमोरे (28)
आदित्य माणिक वनमोरे (15)

एजेंसी

सांगली। महाराष्ट्र में सांगली जिले के म्हैसाल में एक ही परिवार में 9 लोगों के संदिग्ध हालत में शव मिले हैं। ये शव दो सगे भाइयों के परिवार के सदस्यों के हैं।

दोनों के परिवार अगल-बगल के घरों में ही रहते थे। प्राथमिक जांच में सभी की मौत जहर पीने से होना बताई गई है।

पुलिस ने शवो के पास से कीटनाशक भी बरामद किया है। सुसाइड की यह घटना सोमवार को दोपहर के वक्त सामने आई। पड़ोसियों द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार सामूहिक सुसाइड की वजह आर्थिक बदहाली हो सकती है।

### देर सुबह तक गेट न खुलने पर गांववालों को हुआ शक

दोनों भाईयों के परिवार आमतौर पर सुबह जल्दी जाग जाते थे। लेकिन आज देर सुबह तक दोनों घरों के दरवाजे नहीं खुले तो ग्रामीणों को शक हुआ।

इस दौरान पड़ोसियों ने परिवार के कई सदस्यों से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन, जब किसी ने भी कॉल रिसीव नहीं किया तो अनहोनी की आशंका पर घर की तलाशी ली गई। इस दौरान परिवार के सभी सदस्यों को मृत देखा और पुलिस को सूचना की।

### आर्थिक तंगी का सामना कर रहा था परिवार

पुलिस को पड़ोसियों ने बताया कि परिवार के लोग आर्थिक तंगी के चलते पिछले काफी समय से तनाव में थे। दोनों भाईयों ने काफी लोगों से कर्ज भी ले रखा था।

इसलिए अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है कि कर्ज चुकाने के दबाव में इन्होंने सामूहिक आत्महत्या कर ली।

## बाढ़ और लैंडस्लाइड से हाहाकार

### पिछले 24 घंटे में 11 की मौत, अमित शाह ने सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से बात की

**असम।** असम में बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से पिछले 24 घंटे में 11 लोगों की मौत हो गई है। असम स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के मुताबिक, राज्य में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। 30 से ज्यादा जिलों में लगभग 43 लाख लोग इससे प्रभावित हैं।

राज्य में जारी बाढ़ की वजह से सोमवार तक 70 लोगों की मौत हो चुकी है। नागौन जिले में रविवार रात बाढ़ के पानी में बह गए दो पुलिसकर्मियों के शव सोमवार को बरामद किए गए। असम पुलिस के मुताबिक, कामपुर थाने की एक टीम रविवार देर रात बचाव अभियान में लगी हुई थी, तब ही सब-इंस्पेक्टर समुज्जल काकोटी और कांस्टेबल राजीव बोरदोलोई बाढ़ के पानी में बह गए थे।

### अमित शाह ने असम और मेघायल के सीएम से बात की

बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा से बात की। अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार असम और मेघालय के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। एक इंटर-मिनिस्ट्रियल सेंट्रल टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी।



### देश में सामान्य से ज्यादा बारिश संभव

मानसून रविवार तक को देश के 50 प्रतिशत हिस्से में छा चुका है। खास बात यह है कि मानसून पहुंचने के बाद कुछ जगहों पर दोगुनी बारिश हो रही है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर यही ट्रेंड जारी रहता है तो देशभर में सामान्य से ज्यादा बारिश होगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मानसून के पैटर्न में कुछ सालों से एक बड़ा बदलाव आया है।

पहले जितनी बारिश एक महीने में होती थी, अब हफ्तेभर में हो रही है। पहले धीमी रफ्तार में बड़े इलाके में बारिश होती थी, अब किसी सीमित इलाके में बहुत ज्यादा बारिश हो रही है। यह क्लाइमेट चेंज का असर है। उदाहरण के लिए तमिलनाडु में अब तक सामान्य से 72 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है, जबकि केरल में 57 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इसी तरह मेघालय में सामान्य से 3 गुना, असम में 2 गुना ज्यादा बारिश हो चुकी है, जबकि पड़ोसी राज्य मणिपुर में अभी 28 प्रतिशत बारिश कम हुई है।

रविवार रात मुंबई के कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। बारिश ने जहां उमस से राहत दी, वहीं जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक मुंबई में अभी बादल छाए रहेंगे और तेज बारिश होगी।

**ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे कई गांव जलमग्न**

असम के नागौन जिले में ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे स्थित कुछ गांव जलमग्न हो गए हैं। जलभराव के कारण करीब ढाई लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इन गांवों की 5,174 हेक्टेयर की खेती बर्बाद हो गई है। राज्य सरकार ने बचाव कार्यों के साथ 30 राहत शिविर खोले हैं।

**बारिश का अनुमान बढ़ा**

मौसम एजेंसी स्काईमेट के विज्ञानी महेश पलावत ने बताया कि मानसून जून के दूसरे पखवाड़े में मध्य भारत पहुंचता है, जो कि समय पर है। इस महीने के आखिर तक मानसूनी बारिश होती रहेगी। अप्रैल में हमारा अनुमान था कि जून में 98 प्रतिशत बारिश रहेगी, लेकिन अब लगता है कि 110 प्रतिशत तक होगी।

**जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बादल फटने से ट्रक ड्राइवर की मौत**

**जम्मू-कश्मीर में पुंछ के मंडी क्षेत्र में बादल फटने से एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। मंडी के तहसीलदार ने बताया- बादल फटने की वजह से पहाड़ी से काफी मलबा बहकर आया। यह मलबा सड़क पर जा रहे ट्रक पर गिरा, जिससे मलबे में दबकर ड्राइवर की मौत हो गई है।**

## मूसेवाला को 6 शूटर्स ने मारी थीं गोलियां

### फायरिंग में न मरता तो ग्रेनेड अटैक करते, मर्डर के बाद गैंगस्टर बराड़ को कहा- काम हो गया

चंडीगढ। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में शार्प शूटर प्रियवर्त फौजी और कशिश को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह दोनों अपने तीसरे साथी केशव के साथ गुजरात के मुंद्रा पोर्ट के नजदीक एक किराए के मकान में छिपे थे। फौजी हरियाणा के सोनीपत जिले के गढ़ी सिसाना का रहने वाला है। वही पूरे हत्याकांड के मॉड्यूल को लीड कर रहा था। केशव उर्फ कुलदीप हरियाणा के झज्जर जिले के गांव बेरी का रहने वाला है। उसके खिलाफ झज्जर में 2021 में मर्डर केस दर्ज है। कशिश बठिंडा का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस ने खुलासा किया कि मूसेवाला की हत्या में कुल 6 शार्प शूटर्स शामिल थे। जो कोरोला और बोलेरो में सवार



होकर आए थे। दिल्ली पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि अगर हथियार फेल हो जाते या मौके पर कोई खतरा होता तो शार्प शूटर्स ने मूसेवाला पर ग्रेनेड अटैक की भी प्लानिंग कर रखी थी। इसके अलावा शार्प शूटर्स ने पुलिस की वर्दी भी ले रखी थी। हालांकि, नेम प्लेट न होने की वजह से उन्होंने वर्दी नहीं पहनी। मूसेवाला की हत्या के बाद इन शार्प शूटर्स ने गोल्डी बराड़ को कॉल कर कहा कि काम हो गया।

### मन्नू ने एके 47 से मारी गोलियां

पहले मोगा के शार्प शूटर मनप्रीत मन्नू ने एके 47 से मूसेवाला पर फायर किया। गोली मूसेवाला को लगी। मूसेवाला की थार वहीं रुक गई। फिर शूटर कोरोला से उतरे और बोलेरो से भी 4 शूटर उतरे। सभी 6 शार्प शूटर्स ने फायरिंग की। जब इन्हें पता चल गया कि अब मूसेवाला बच नहीं पाएगा तो सभी वहां से फरार हो गए।

### यह हुई बरामदगी

दिल्ली पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों से 8 हाई एक्सप्लोसिव ग्रेनेड, अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर बरामद किए गए हैं। इसे47 पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा एक असॉल्ट राइफल, 3 पिस्टल, 36 राउंड कारतूस, सीरीज असॉल्ट राइफल का एक पार्ट भी मिला है।

शार्प शूटर प्रियवर्त फौजी और अंकित सेरसा 25 मई को हरियाणा में बीसला पेट्रोल पंप पर नजर आए थे। इसी पंप की तेल वाली पर्ची से इन शार्प शूटर्स की शिनाख्त हुई थी, जो वारदात कर फरार होने के बाद उनकी बोलेरो से बरामद हुई थी। शार्प शूटर प्रियवर्त फौजी और अंकित सेरसा 25 मई को हरियाणा में बीसला पेट्रोल पंप पर नजर आए थे। इसी पंप की तेल वाली पर्ची से इन शार्प शूटर्स की शिनाख्त हुई थी, जो वारदात कर फरार होने के बाद उनकी बोलेरो से बरामद हुई थी।

### सेना ने अग्निपथ भर्ती योजना की अधिसूचना जारी की

नयी दिल्ली। तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना के देशव्यापी विरोध के बीच सेना ने आज इस योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी। यह अधिसूचना सोमवार को सेना की वेबसाइट पर जारी की गयी है और इसमें अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित सेवा शर्तों तथा भर्ती रैलियों के बारे में जानकारी दी गयी है। अधिसूचना के अनुसार जनरल ड्यूटी , टेक्निकल , कर्लक, स्टोर कीपर और ट्रेडमेन आदि की भर्ती प्रक्रिया आगामी जुलाई से शुरू हो जायेगी। सेना की योजना है कि आगामी अगस्त के पहले पखवाड़े में अग्निवीरों की भर्ती के लिए पहली भर्ती रैली का आयोजन किया जाना है। इसके बाद उम्मीदवारों का शारीरिक और चिकित्सा परीक्षण के बाद उनकी लिखित परीक्षा ली जाएगी।

लगातार पांचवें दिन 12,000 से ज्यादा कोरोना केस

## देश में 12,781 नए मरीज मिले, 4,000 अकेले महाराष्ट्र में, 18 की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना केस में लगातार इजाफा हो रहा है। रविवार को 12,781 नए संक्रमित मिले। 18 मरीजों की मौत हो गई। अभी 76,700 का इलाज चल रहा है। सिर्फ महाराष्ट्र में ही सबसे ज्यादा 4,004 मरीज मिले हैं। 3,376 नए संक्रमितों के साथ केरल दूसरे नंबर पर है। देश में एक दिन पहले ही शनिवार को 12,899, जबकि शुक्रवार को 13,216 केस मिले थे। बीते 7 दिन में ही 66 हजार से ज्यादा केस आ चुके हैं।

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 4,004 केस मिले महाराष्ट्र में 3 हजार से भी ज्यादा कोरोना मामले लगातार दर्ज किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र में इलाज करा रहे



मरीजों की संख्या 23,746 और पॉजिटिविटी रेट 9.57 प्रतिशत पाया गया। महाराष्ट्र में बीते 24 घंटे में 4,004 मामले सामने आए और एक की जान गई। शनिवार को महाराष्ट्र में 3,883 और केरल में 3,253 नए कोरोना केस दर्ज किए गए थे।

### केरल में सबसे ज्यादा मौतें

इस बीच केरल में 3,376 मामले सामने आए हैं। केरल में एक्टिव केस 21,571 और पॉजिटिविटी रेट 16.44 प्रतिशत है। देखा जाए देश में हुई कुल 18 नए लोगों में अकेले 11 केरल में दर्ज किए गए हैं।

दिल्ली के तीन और कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब और पश्चिम बंगाल के एक-एक व्यक्ति शामिल है।

कर्नाटक में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 623 मामले सामने आए हैं और 412 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में कुल कोरोना संक्रमण के मामले 39.60 लाख से अधिक हो गए हैं।

## नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने राहुल से चौथी बार की पूछताछ

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से नेशनल हेराल्ड मामले में सोमवार को चौथी बार पूछताछ की।

इधर कांग्रेस नेताओं ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के साथ एकजुटता दिखाते हुए आज जंतर-मंतर पर फिर से विरोध प्रदर्शन किया। पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए दिल्ली पुलिस ने ईडी कार्यालय और कांग्रेस मुख्यालय की ओर जाने वाले कई रास्तों पर अवरोध लगा दिये और कई अन्य मार्गो पर यातायात परिवर्तित कर दिया।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ईडी गैर कानूनी तरीके पार्टी के नेताओं की छवि खराब करने के लिए कुछ चुनिन्दा मीडिया घरानों को पूछताछ की सूचनाएं दे रहा है।

इस बीच कांग्रेस ने यहां जारी एक बयान में कहा कि दिल्ली की सभी ब्लॉक कांग्रेस समितियों ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के कार्यालय में दिल्ली पुलिस के जबरन प्रवेश और महिलाओं सहित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की पिटाई के खिलाफ अपने-अपने क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन किया।


बयान में कहा गया कि पार्टी के एक नेता को ईडी ने नेशनल हेराल्ड जैसे मामूली मामले में तलब किया और लंबे समय तक पूछताछ की यह सिर्फ उसे परेशान करने और पीड़ा देने के लिए किया गया।

## जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों में 7 आतंकी ढेर

### कल तड़के भी 3 दहशतगर्दों को मारा गया; इस साल 114 आतंकियों का सफाया

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में सोमवार तड़के तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। इनमें से दो को कुपवाड़ा में और एक को पुलवामा जिले में हुए एनकाउंटर में मारा गया है। पिछले 24 घंटों में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच तीन मुठभेड़ हुई। सेना ने इनमें 7 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया है। रविवार को कुपवाड़ा और कुलगाम जिले में हुए एनकाउंटर में 4 आतंकी



मारे गए थे।

### पुलवामा में तलाशी के दौरान आतंकी की फायरिंग

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुरक्षाबलों द्वारा पुलवामा के चटपोरा इलाके की घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान आतंकी ने फायरिंग कर दी और मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया, उन्होंने कहा कि अभियान जारी है।

### कुपवाड़ा और कुलगाम में 6 आतंकी ढेर

कुपवाड़ा और कुलगाम में सुरक्षाबलों ने रविवार को दो एनकाउंटर में 4 आतंकियों को मार गिराया। कुपवाड़ा एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए, जिनमें एक पाकिस्तानी था और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सदस्य था।

IGP कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि आज सुबह दो और आतंकियों को मार दिया गया। इसमें एक पाकिस्तानी और एक लोकल आतंकवादी शामिल है।

सुरक्षाबलों ने कुपवाड़ा ऑपरेशन आतंकी शौकत अहमद शेख से मिली जानकारी के बाद शुरू किया है, जिसे हाल ही में सेना ने गिरफ्तार किया था।

### कुलगाम में मारा गया पाकिस्तानी आतंकी

कुपवाड़ा के अलावा कुलगाम के दमहाल हांजी पोरा इलाके में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू चल रही है। यहां भी 2 आतंकियों को मारा गया है। इसमें भी एक आतंकी पाकिस्तानी था।

जात-पात

मुंह पर थूका, गालियां देकर पीटा; 2 नामजद समेत 14 पर केस

## लखनऊ में दलित डिलीवरी बॉय से खाना लेने से इनकार

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार रात जोमैटो के डिलीवरी बॉय से खाना लेने से कस्टमर ने इंकार कर दिया। वजह थी कि डिलीवरी बॉय दलित था। आरोप है कि कस्टमर को जैसे ही डिलीवरी बॉय के दलित होने का पता चला, उन्होंने खाना लेने से इंकार कर दिया।

सिर्फ यही नहीं, परिवार के लोगों के साथ मिलकर डिलीवरी बॉय की जमकर पिटाई भी की। मन नहीं भरा तो उसके मुंह पर थूक दिया। ये पूरी घटना आशियाना इलाके की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 2 नामजद, 12 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामला केवल मारपीट का है।

### नाम सुनते ही भड़क गया कस्टमर

आशियाना निवासी विनीत रावत जोमैटो में डिलीवरी बॉय है। शनिवार रात उसे आशियाना में ही अजय सिंह नाम के कस्टमर के यहां डिलीवरी देने के लिए भेजा। वो डिलीवरी लेकर पहुंचा।

विनीत ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि जैसे ही उसने अजय सिंह को अपना नाम विनीत रावत बताया, इस पर वह भड़क गए। उन्होंने गालियां देते हुए कहा- अब हम तुम लोगों का छुआ सामान लेंगे क्या? इस पर मैंने उनसे कहा, अगर आपको खाना नहीं लेना है तो कैंसिल कर दीजिए, पर गालियां मत दीजिए।

इस पर, पहले तो उन्होंने खाने का पैकेट फेंक दिया, इसके बाद मुंह पर तंबाकू थूक दिया।

जब विनीत ने विरोध किया तो अजय और उनके परिवार के सदस्यों ने मिलकर उसकी डंडों से खूब पिटाई की।

विनीत जैसे-तैसे वहां से भागे और पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर बाद पहुंची डायल- 112 की टीम ने विनीत को उसकी गाड़ी दिलवाई और कहा कि थाने जाकर केस दर्ज करा दे। इस मामले में आशियाना इंस्पेक्टर दीपक पांडेय का कहना है कि शनिवार रात विपिन ऑर्डर लेकर पहुंचा तो अजय अपने एक दोस्त को छोड़ने के लिए कही जा रहे थे। अजय के मुताबिक जैसे ही वह घर से निकले विनीत पहुंच गया। विनीत ने उन्हीं से उनके घर का पता पूछा। अजय ने पान मसाला खाया हुआ था। विनीत को पता बताने के लिए उन्होंने मसाला थूका।

इसके छींटे विनीत पर पड़ गए। इस पर विनीत ने गाली देते हुए विवाद किया। इसी बात पर अजय और उनके घरवालों ने विनीत की पिटाई कर दी।

### वकील के साथ थाने पहुंचकर दर्ज कराई एफआईआर

पुलिस ने बताया कि विनीत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस विनीत को थाने लेकर आ रही थी, लेकिन उसने उस वक्त मना कर दिया था।

रविवार को वकील के साथ आकर एफआईआर दर्ज कराई। फिलहाल, रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से गहनता से पूछताछ की जाएगी। आसपास लगे हुए सीसीटीवीकी भी जांच की जाएगी।

## अग्निपथ योजना के खिलाफ भारत बंद के दौरान कुछ राज्यों में छुट-पुट प्रदर्शन, 500 से अधिक ट्रेन रद्द

नयी दिल्ली। सेनाओं में भर्ती की नयी योजना 'अग्निपथ' के विरोध में विपक्षी दलों और कई अन्य संगठनों के सोमवार को भारत बंद के आह्वान का देश के विभिन्न भागों में कोई खास असर नहीं दिखा और उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा में दुकानें और बाजार खुले रहे और सड़कों पर यातायात भी सामान्य दिखा।

बंद के दौरान रेलवे ने सोमवार को एहतियात के तौर पर 530 से अधिक ट्रेन रद्द कर दी थीं, जिनमें 348 यात्री और 181 मेल और एक्सप्रेस शामिल हैं। राज्य सरकारों ने कई जगह इंटरनेट सेवाओं को अस्थायी तौर पर स्थगित कर दिया था ताकि शरारती तत्व बंद में हिंसा भड़काने के लिए सोशल नेटवर्क का इस्तेमाल न कर सकें।

बिहार के 20 जिलों में इंटरनेट सेवाएं प्रभावित थी। छपरा में दुकाने बंद रहीं लेकिन बंद के दौरान बड़ी घटना की सूचना नहीं थी।

दिल्ली में कांग्रेस पार्टी ने अग्निपथ योजना को वापस लिए जाने को लेकर राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को ज्ञापन दिया। राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पार्टी के सात नेताओं के दल ने श्री कोविंद से मिलकर उन्हें अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग का ज्ञापन दिया। कांग्रेस ने राष्ट्रपति को एक और पत्र दिया, जिसमें कांग्रेस पार्टी को सरकार की ओर से डराने-धमकाने और कुचलने की कोशिश का आरोप लगाया गया। बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों ने बंद की अपील को देखते हुए खास कर बड़े शहरों और कस्बों में जगह-जगह पुलिस बंदोबस्त कड़ा कर रखा था।

दिल्ली में खास कर दूसरे प्रदेशों से लगे सीमावर्ती इलाकों में पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गयी थी।

राजधानी में कांग्रेस पार्टी की ओर से जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया गया लेकिन शहर में दुकानें, बाजार और प्रतिष्ठान खुले रहे। सड़कों पर यातायात भी सामान्य दिनों की तरह ही दिखा। दिल्ली, नोएडा के बीच चिल्ला नाके पर 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ कुछ संगठनों के द्वारा विरोध प्रदर्शन के कारण दोनों तरफ जाम की स्थिति बन गयी थी और वाहनों की लंबी कतारें देखी गयीं।

## शार्ट न्यूज

### हरिद्वार में अवैध निर्माण गिराने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार के लक्सर में बिना नोटिस दिये सरकारी भूमि पर हुए कथित अवैध निर्माण को गिराने के आदेश पर रोक लगा दी है और प्रशासन को निर्धारित प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिये हैं। लक्सर के नवाब अली की ओर से दायर विशेष अपील पर सोमवार को संजय कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि हरिद्वार जिला प्रशासन की ओर से 11 अप्रैल को एक आदेश जारी कर उसके घर को गिराने के आदेश जारी कर दिये गये। प्रशासन की ओर से दलील दी गयी है कि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से घर का निर्माण किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि जिला प्रशासन की ओर से गिराने के आदेश जारी करने से पहले उसे नोटिस जारी नहीं किया गया और न ही उसका पक्ष सुना गया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉ. कार्तिकेय हरि गुप्ता ने बताया कि पीठ ने मामले को सुनने के बाद घर को गिराने के आदेश पर रोक लगा दी है और प्रशासन को इस मामले में निर्धारित प्रावधानों का पालन करने को कहा है।

### खट्टर ने दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही को भेंट किया प्रशस्ति पत्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने माउंट एवरेस्ट के बेस कैम्प पर तिरंगा लहराने वाले गुरुग्राम जिले के बाबरा बाकीपुर गांव के दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हेयांश कुमार को आज प्रशस्ति पत्र प्रदान कर भविष्य के लिए उसे शुभकामनाएं दीं। श्री खट्टर ने कहा कि इस बच्चे ने छोटी आयु में ही माउंट एवरेंस्ट बेस कैंप में 5364 मीटर की ऊंचाई पर तिरंगा फहराकर अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया है तथा हरियाणा और गुरुग्राम जिले का नाम रोशन किया है। वह दुनिया की सबसे ऊँची इस चोटी के बेस कैम्प तक पहुंचने वाला सबसे कम उम्र का पर्वतारोही बन गया है। मुख्यमंत्री ने हेयांश के माता-पिता को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने हेयांश को गोद में बिठा कर उससे खूब बातें की और उसे मिठाई खिलाई। हेयांश की उम्र इस समय मात्र तीन वर्ष, सात माह और 27 दिन है। उसने हिमाचल प्रदेश में अपना औपचारिक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद गत 23 अप्रैल को पिता मंजीत कुमार के साथ यह यात्रा शुरू की। इससे पहले यह रिकॉर्ड चार साल चार माह के एक बच्चे अद्विवत गोलेचा के नाम था।

### केबल कार में फंसे 11 पर्यटक

सोलन। हिमाचल प्रदेश में सोलन के परवाणु में चार महिलाओं समेत 11 पर्यटक आज टिंबर ट्रेल रिसोर्ट्स की एक केबल कार में फंस गये। 1.8 किलोमीटर के रोपवे पर एक कार बीच में अटक गई जिसमें दिल्ली से आई चार महिला पर्यटकों समेत ग्यारह पर्यटक फंस गये। वह बनासर इलाके में टिंबर ट्रेल रिसोर्ट जाने के लिए केबल कार में चढ़े थे लेकिन तकनीकी खराबी के कारण केबल कार बीच में ही अटक गई, जिससे पर्यटक हवा में लटक गये। करीब 3500 फुट नीचे कौशल्या नदी बह रही थी। सोलन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है और दो पर्यटकों को बचा लिया गया है। उहोंने कहा कि एक छोटी ट्रॉली की मदद से पर्यटकों को केबल कार से निकाला जा रहा है। सोलन उपायुक्त कृतिका कुल्हरी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई है और सेना से भी संपर्क किया गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की जांच के आदेश नहीं दिये गये हैं क्योंकि इस समय फोकस बचाव एवं राहत कार्य पर है पर सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाले जाने के बाद टीटीआर केबल की 'सुरक्षा ऑडिट' की जाएगी।

### मोदी सरकार अब नौजवानों के खिलाफ 'अग्निपथ योजना' लाई : मान

संगरूर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि किसानों-मजदूरों के बाद नरेंद्र मोदी सरकार अब नौजवानों के खिलाफ 'अग्निपथ योजना' ले आई है। मान ने यहां मलेरकोटला और मेहला कलां में संगरूर लोकसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) प्रत्याशी गुरमेल सिंह के लिए रोड शो में केन्द्र सरकार की सेना में संविदा भर्ती की योजना अग्निपथ पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों-मजदूरों के बाद अब नरेंद्र मोदी सरकार नौजवानों के खिलाफ अग्निपथ नाम की यह काली योजना लेकर आई है। उन्होंने कहा कि देश भर में इसका विरोध हो रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री को नौजवानों की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने पहले तीन महीने के कार्यकाल में ऐसे-ऐसे काम किये हैं जो पारंपारिक राजनीतिक दलों की सरकारें कार्यकाल के आखिरी तीन महीनों में करती हैं। चिटफंड कंपनियों की तरफ से लोगों का पैसा ठगे जाने के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुनाफाखोर चिंटफंड कंपनियों की संपत्तियों को बेचकर हम ठगी के शिकार हुए परिवारों को एक-एक पैसा लौटाएंगे। मुख्यमंत्री ने शिरोमणि अकाली दल पर हमला बोलते हुए कहा कि सुखबीर बादल 25 साल तक पंजाब पर शासन की बात करते थे आज उनके पास तीन विधायक रह गये हैं। उन्होंने कांग्रेस पर अपने भ्रष्ट मंत्री धर्मसोत के बचाव में नारे लगाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेसी नेता भ्रष्टाचार को अपना अधिकार मानते हैं।

### 18 नगरपरिषद व 28 नगरपालिका में मतदान संपन्न, 22 जून को होगी मतगणना

चंडीगढ़। हरियाणा की 18 नगरपरिषद व 28 नगरपालिका में अध्यक्ष व पार्षद पद के लिए हुए चुनाव के दौरान 70.4 प्रतिशत मतदान हुआ। हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह के अनुसार मतदान शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि मतगणना 22 जून को होगी। सिंह ने बताया कि 18 नगरपरिषद और 28 नगरपालिका में रात आठ बजे तक 12 लाख 95 हजार 508 मतदाताओं ने मतदान किया, जो कुल मतदाता संख्या का 70.4 प्रतिशत है। उन्होंने मतदान की जिलावार स्थिति के बारे में बताया कि अंबाला में 68.6 प्रतिशत, भिवानी में 63.6, चरखीदादरी में 68.2, फतेहाबाद में 77.4, गुरुग्राम में 79.3, हिसार में 75.7, झज्जर में 61.7, जींद में 70.2, कैथल में 73.5, करनाल में 72.6 कुरुक्षेत्र में 71.5, महेंद्रगढ़ में 75.5, मेवात में 75.6, पलवल में 65.9, पंचकूला में 68.2, पानीपत में 69.3, रेवाड़ी में 84.6, रोहतक में 77.5, सिरसा में 74.3, सोनीपत में 65.6 और यमुनानगर में 78.2 प्रतिशत मतदान हुआ।

### आपस में भिड़े भाजपा, जजपा कार्यकर्ता

सिरसा। हरियाणा में निकाय चुनाव के दौरान सिरसा जिले के डबवाली में प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी गठबंधन सहयोगी जननायक जनता पार्टी (जजपा) के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। डबवाली के वार्ड 5 में मतदाताओं में पैसे बंटने के आरोप भी लगे। जजपा भाजपा गठबंधन के चलते चेयरमैन पद के लिए तो एक ही उम्मीदवार था जबकि कई वार्ड में जजपा और भाजपा के कई उम्मीदवार आमने-सामने थे। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं में मतदान को लेकर पहले कहासुनी हुई और मामला कुर्सियों चलने तक आ पहुंचा। आपस में हुई झड़प में जजपा के अमन, विनोद व पवन तथा भाजपा के सुरेश बिश्नोई व किशोरी लाल घायल हो गये। सभी घायलों को डबवाली से प्राथमिक उपचार के बाद सिरसा नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। डबवाली अनाज मंडी के रेस्ट हाउस में बने वार्ड संख्या 05 के मतदान केंद्र के नजदीक जजपा कार्यालय के बाहर कथित वोट खरीद फरोख्त की शिकायत दूसरे दलों के प्रत्याशियों को मिली तो एक महिला मतदाता को पैसे देने का वीडियो बनाकर वारयल कर दिया गया। इस दौरान इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) महिला विंग की प्रदेश महासचिव सुनैना चौटाला मौके पर पहुंचीं और विभिन्न दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक हुई। बाद में मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने आकर भीड़ को तितर-बितर किया। सुनैना चौटाला ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन जजपा के साथ मिला हुआ है और सिवाय जजपा-भाजपा प्रत्याशियों के किसी प्रत्याशी के पोस्टर नजर नहीं आये। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत से मतदाताओं में पैसा बांटा जा रहा है।

**सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में पुलिस को बड़ी कामयाबी**

# 2 शूटरों सहित 3 गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद



नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की सनसनीखेज हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शूटरों के एक मॉड्यूल हेड समेत तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी वही शूटर हैं जिन्होंने मूसेवाला पर गोलियां चलाई थीं। बताया जा रहा है कि यह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हुए थे और इनका आपराधिक इतिहास है।

मूसेवाला हत्याकांड के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने दिल्ली पुलिस की पूछताछ में कबूल किया था कि मूसेवाला को उसके गैंग ने ही मरवाया है। हालांकि, इसमें उसका कोई हाथ नहीं है। बिश्नोई ने यह भी कहा था कि उसे मूसेवाला हत्याकांड के बारे में टीवी देखकर ही पता चला था।

लॉरेंस बिश्नोई इन दिनों पंजाब पुलिस की गिरफ्त में है। पंजाब पुलिस 14 जून को लॉरेंस को गिरफ्तार कर एक दिन की ट्रांजिट रिमांड पर पंजाब ले गई थी। पंजाब पुलिस ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में दलील दी थी कि इस मामले की जांच के दौरान पता चला है कि लॉरेंस बिश्नोई सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता है और उससे हिरासत में पूछताछ जरूरी है।

अब तक की पुलिस की जांच में सामने आया है कि सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश के तार कनाडा से लेकर दिल्ली की तिहाड़ जेल तक जुड़े थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को शुरू से ही शक था सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश तिहाड़ जेल से जुड़ी हो सकती है। बीते दिनों दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा था कि तिहाड़ जेल से एक फोन नंबर का पता चला है। कुछ दिन पहले एक अपराधी मोहम्मद शाहरुख को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह कनाडा में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से बात करने के लिए एक मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल कर रहा था। गोल्डी बराड़ ने ही मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली है, जिसके बाद पुलिस को इस हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का भी हाथ होने का शक है, क्योंकि बराड़ जेल में बंद गैंगस्टर का करीबी साथी है।

गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में कांग्रेस में शामिल हुए सिद्धू मूसेवाला की अज्ञात लोगों द्वारा 29 मई को पंजाब के मानसा में अज्ञात हमलावरों द्वारा बीच सड़क पर गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना पंजाब पुलिस द्वारा 424 अन्य लोगों के साथ उनकी सुरक्षा में कटौती के एक दिन बाद हुई। पुलिस को घटनास्थल से गोलियों के 30 खाली कारतूस बरामद हुए हैं। हमलावर कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े थे।

# पुष्कर सिंह धामी योग के प्रति जागरूकता दौड़ में हुए शामिल



देहरादून। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वसंध्या पर 'रन फॉर योग' कार्यक्रम के तहत घण्टाघर से महादेवी कन्या इंटर कॉलेज तक आयोजित दौड़ में शामिल होकर योग के प्रति युवाओं एवं जनता को जागरूकता का संदेश दिया।

आयोजित दौड़ समापन स्थल पर पहुंचकर श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में योग को मान्यता दिलवाई। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मना रही है। साथ ही, संस्कृति, धर्म, भारत की परंपराओं के संरक्षण का कार्य आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। साथ ही योग से शरीर, विचार हमेशा स्वस्थ सकारात्मक रहते हैं उन्होंने कहां दौड़ की अगुवाई कर रहे एनसीसी युवाओं को देख उन्हें अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाए जाने का सभी से आग्रह किया।

# तमिलनाडु 10वीं बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी

चेन्नई। तमिलनाडु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा के परीक्षा के परिणाम सोमवार को घोषित किए गए, जिसमें एक बार फिर लड़कियों ने बाजी मारी।

स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने परीक्षा परिणाम जारी किये। गौरतलब है कि तमिलनाडु सरकार ने कोरोना महामारी के कारण दो वर्ष के अंतराल के बाद यह परीक्षा आयोजित की थी। परीक्षा में इस वर्ष कुल 90.07 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, जो वर्ष 2019 के 95.2 प्रतिशत की तुलना में कम है।कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 और 2021 में परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया था। इस वर्ष कोरोना मानदंडों का पालन करते हुए 8.21 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने सकूलों के माध्यम से इस परीक्षा में शामिल हुए थे।

परीक्षा में 94.38 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण हुई, जबकि उत्तीर्ण छात्रों की संख्या 85.83 फीसदी रही।

उल्लेखनीय है कि भाषा में 94.84 प्रतिशत, अंग्रेजी में 96.18 प्रतिशत, गणित में 90.89 प्रतिशत, विज्ञान में 93.67 प्रतिशत और समाजिक विज्ञान में 91.86 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

# नवाब मलिक और अनिल देशमुख को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका, वोटिंग की अनुमति नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख और कैबिनेट मिनिस्टर नवाब मलिक को एमएलसी चुनाव में वोट डालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। दोनों ही नेता फिलहाल अलग-अलग मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। महाराष्ट्र में आज एमएलसी चुनाव के लिए मतदान हो रहा है, जिसमें वोट डालने की परमिशन मांगने के लिए देशमुख और मलिक ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इससे पहले हाई कोर्ट ने दोनों की मांग को खारिज कर दिया था। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री देशमुख और कैबिनेट मंत्री मलिक के वकील ने मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की है। खास बात है कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में केवल 285 वोट ही उपलब्ध हैं। क्योंकि मलिक और देशमुख न्यायिक हिरासत में हैं और शिवसेना के विधायक रमेश लाटके का का ही में निधन हो गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दोनों नेताओं की याचिका को खारिज कर दिया था।

जस्टिस एनजे जमादार की बेंच ने कहा था कि वे शुक्रवार की शाम तक लिखित आदेश तैयार कर देंगे। इसके जवाब में मलिक की तरफ से कोर्ट में पेश हुए वकील अमित देसाई ने कहा कि आदेश थोड़ा जल्दी दे दिया जाए, क्योंकि चुनाव सोमवार को हैं।

अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के चलते मलिक न्यायिक हिरासत में हैं। जबकि, देशमुख के खिलाफ ईडी ने जांच शुरू की है, जिसके चलते वह न्यायिक हिरासत का सामना कर रहे हैं। इससे पहे मुंबई कोर्ट ने राज्यसभा चुनाव में भी वोट डालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

# जवानों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाना चाहते थे जनरल रावत, क्या अग्निपथ उनका अपमान नहीं : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** केंद्र की नई सेना भर्ती योजना अग्निपथ को लेकर कांग्रेस पार्टी ने फिर से मोदी सरकार पर हमला बोला है। इस बार कांग्रेस ने दिवंगत पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत का हवाला देते हुए कहा है कि उन्होंने सेना के जवानों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था। जवानों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने के लिए रावत के अक्टूबर 2020 के प्रस्ताव का हवाला देते हुए कांग्रेस ने सरकार से पूछा कि वह चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के दृष्टिकोण का अपमान क्यों कर रही है। कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने जनरल रावत के हवाले से कहा कि उनके प्रस्ताव में जवानों की सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष करने की मांग की गई थी। अजय माकन ने दावा किया कि पूर्व मुख्य रक्षा प्रमुख दिवंगत विपिन रावत ने हेलीकॉप्टर हादसे में अपनी मृत्यु से कुछ महीने पहले यह प्रस्ताव दिया था कि सैनिकों के सेवानिवृत्त होने की आयु 58 वर्ष की जाए, जो फिलहाल 17 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो जाते हैं। माकन ने आरोप लगाया कि यह योजना जनरल बिपिन रावत की सोच के विरुद्ध है और उनके अपमान की दास्तान है।

उन्होंने पूछा, जब जनरल रावत सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाना चाहते थे, तो क्या सेना प्रमुख उनके दृष्टिकोण के खिलाफ जा रहे हैं। क्या सरकार ने जनरल रावत के प्रस्ताव का पालन करने की कोशिश की है? वह चाहते थे कि जवान 58 साल तक सेवा करें और अब सरकार उन्हें चार साल बाद ही सेवानिवृत्त करना चाहती है। शर्मनाक। उन्होंने कहा, कम से कम सीडीएस, उनके विचारों का अपमान तो मत कीजिए। कांग्रेस ने बिना परामर्श के बड़े फैसलों को लागू करने के लिए भी सरकार पर निशाना साधा।

माकन से जब कुछ भाजपा नेताओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, एसी कमरों में बैठे नौकरशाहों ने योजना का मसौदा तैयार किया और राजनीतिक नेताओं से इसका बचाव करने को कहा गया। माकन ने कहा, मैं इन नेताओं को दोष नहीं देता। इस योजना को तैयार करने में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। एसी कमरों में बैठे कुछ नौकरशाहों ने मसौदा तैयार किया और राजनेताओं से इस योजना का बचाव करने को कहा। तथ्य यह है कि लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण इनपुट लोगों और उनके चुने हुए सांसदों का होता है लेकिन न तो सांसदों से सलाह ली गई और न ही संसद की।

कांग्रेस ने आज दोनों मुद्दों को लेकर जंतर-मंतर पर 'सत्याग्रह' किया जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल इन्हीं दो मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात करेगा।

# अगरतला उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सुदीप राय बर्मन पर हमला

अगरतला। अगरतला उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार और भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के पूर्व मंत्री सुदीप राय बर्मन पर रविवार देर रात अज्ञात व्यक्ति ने हमला किया जिससे वह घायल हो गए। बर्मन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद शहर में तनाव बढ़ गया है।

गौरतलब है कि यह घटना सत्तारूढ़ भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं की कथित मौजूदगी में हुई, जहां भीड़ में मौजूद एक अज्ञात हमलावर ने श्री बर्मन को निशाना बनाते हुए उन पर पत्थर से हमला किया। उनके चेहरे पर पत्थर लगने से आंख, दांत और नाक की हड्डी पर चोटें आई है और उनको तत्काल अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया।

अस्पताल में उनका उपचार कर रहे डॉक्टर ने बताया, राय बर्मन की स्थिति खतरे से बाहर है और उनका इलाज चल रहा है। हालांकि उनको और एक दिन अस्पताल में रहने के साथ-साथ कुछ दिनों के लिए आराम करने की जरूरत होगी।

बारडोली से कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व भाजपा विधायक आशीष कुमार साहा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता आलोक गोस्वामी के आवास पर भाजपा के गुंडों के द्वारा हमला करने के बाद करीब 11 बजे रात को श्री गोस्वामी के एक आपातकाल फोन कॉल पर श्री राय बर्मन और अन्य दो को पीएसओ जाना पड़ा।

श्री साहा ने आरोप लगाया, " घटना स्थल पर पहुंचने के बाद नशे में धुत भाजपा के कार्यकर्ताओं ने श्री सुदीप राय बर्मन पर पथराव शुरु कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, सूचना मंत्री और निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रभारी सुशांत चौधरी तथा भाजपा के उम्मीदवार डॉ अशोक सिन्हा मौजूद रहे। मौके पर मौजूद श्री बर्मन के सुरक्षा अधिकारियों और चालक ने उनको वाहन में बैठाया तो असमाजिक तत्वों ने उनकी कार पर भी पत्थर फेंके।

# राहुल गांधी से पूछताछ जारी, नेशनल हेराल्ड केस में चौथे दिन पहुंचे ईडी दफ्तर



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय पहुंच गए हैं। हर दिन की तरह इस बार भी उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा साथ मौजूद रहीं। सोमवार को चौथी बार प्रवर्तन निदेशालय उनसे सवाल-जवाब कर रहा है। इससे पहले 15 से 17 जून तक पूछताछ हुई थी। बताया जा रहा है कि अब तक प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी राहुल गांधी से करीब 30 घंटे की पूछताछ कर चुके हैं।

दरअसल, नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम राहुल गांधी से पूछताछ कर रही है। राहुल गांधी 11 बजकर 5 मिनट पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड प्लस सिक्योरिटी के साथ ईडी के दफ्तर पहुंचे। राहुल गांधी से पूछताछ को देखते हुए केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर के चारो तरफ सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इलाके में धारा 144 भी लगाई गई है। इससे पहले राहुल गांधी से ईडी ने तीन दिन पूछताछ की थी। तीनों ही दिन कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोध में सड़कों पर उतर आए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से राहुल गांधी से पूछताछ का विरोध किया जा रहा है और इसे देखते हुए दिल्ली पुलिस अलर्ट है।

राजधानी दिल्ली के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। उधर इस बीच कांग्रेस बड़े प्रदर्शन की तैयारी में हैं। ईडी की कार्रवाई के विरोध में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता दिल्ली में जुट रहे हैं, तो वहीं अग्निपथ योजना के विरोध में भी कांग्रेस देश भर में विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। साथ ही दिल्ली की ट्रैफिक पुलिस ने भी ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी।

# तृणमूल कांग्रेस ही ले सकती है भाजपा से मोर्चा

अगरतला। त्रिपुरा में चार विधानसभाओं के उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस(टीएमसी) के पक्ष में प्रचार के लिए आये अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने लोगों से उनकी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है और दावा किया है कि उनकी पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मोर्चा ले सकती है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मतदाताओं से अपील की कि टीएमसी के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि इन उपचुनावों में चारों सीटों पर भाजपा विरोधी सभी टीएमसी के पक्ष में मतदान करें क्योंकि पश्चिम बंगाल हो या त्रिपुरा यह साबित हो चुका है कि भाजपा का सामना टीएमसी ही कर सकती है। बनर्जी ने दावा किया कि त्रिपुरा के लोगों ने पिछले पचास वर्षों में माकपा, भाजपा और कांग्रेस सभी को मौका दिया है लेकिन टीएमसी को एक बार भी सत्ता में आने का मौका नहीं दिया गया है। सामान्य रूस से पांच साल में एक बार ही लोगों को मत देने का मौका मिलाता है लेकिन इन चार विधानसभाओं में लोगों को 51 माह बाद ही दूसरी बार मतदान का मौकामिला है। टीएमसी उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनायें यदि सत्ता में आने के बाद आप टीएमसी नेता के कामकाज से संतुष्ट न हो तों नौ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से उन्हें सत्ता से बेदखल कर दें।

# पुलिस लाठीचार्ज में कांग्रेस नेता की आंख की रोशनी गई, पार्टी बोली- हम उठाएंगे इलाज का खर्चा




**तिरुवनंतपुरम।** पुलिस लाठीचार्ज में कांग्रेस के एक नेता की आंख की रोशनी चली गई। मामला केरल के इडुक्की जिले का है। डॉक्टरों ने कहा कि यूथ कांग्रेस इडुक्की जिले के महासचिव बिलाल समद की पिछले हफ्ते थोडुजपुझा में पुलिस लाठीचार्ज में एक आंख की रोशनी चली गई थी। लाठीचार्ज में घायल होने के बाद समद को एर्नाकुलम के अंगमल्ली के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी पलक और आँख की पुतली में बीस से अधिक टांके लगाए थे। डॉक्टरों ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि वह घायल आंख से फिर कभी देख सके। इडुक्की जिला अध्यक्ष सी पी मैथ्यू पर कथित हमले के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित रैली के हिंसक हो जाने और पुलिस से भिड़ जाने के बाद समद गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने घायल कांग्रेसी नेता से मुलाकात की और कहा कि पार्टी उनके इलाज का सारा खर्च उठाएगी।

उन्होंने कहा, एयरपोर्ट ड्रामा के बाद, कांग्रेस के 30 कार्यालयों पर हमला किया गया। यहां तक कि उत्तरी केरल में महात्मा गांधी की प्रतिमा को भी नहीं बख्शा गया। पार्टी के गुंडे और पुलिस टीम ने हमारे कार्यकर्ताओं पर हमला किया। राज्य ने इस तरह का दमनकारी शासन कभी नहीं देखा। सतीसन ने कहा कि उन्हें मौत की धमकी भी मिली लेकिन कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि कोझिकोड के जिला अध्यक्ष के प्रवीण कुमार को भी पुलिस कार्रवाई के दौरान उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया और उनका इलाज चल रहा है।

उन्होंने कहा, पुलिस पार्टी एजेंटों की तरह व्यवहार कर रही है और वे अपनी जड़ से ही पक्षपाती हैं। कोझीकोड जिले में भड़काऊ नारे लगाने और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जान से मारने की धमकी देने वाले माकपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने में पुलिस को तीन दिन लग गए। वहीं दूसरी तरफ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के संयोजक ई पी जयराजन ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले हफ्ते एक विमान में सीएम पिनाराई विजयन का कथिततौर पर घेराव किया था जिससे अशांति शुरू हुई।

पिछले सोमवार (13 जून) को तीन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कन्नूर-तिरुवनंतपुरम की फ्लाइट में सीएम के खिलाफ नारेबाजी की थी। पुलिस ने बाद में कन्नूर (उत्तरी केरल) के रहने वाले तीन युवकों फरजीन मजीद, नवीन कुमार और सुनीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया। दो पुलिस हिरासत में हैं जबकि सुनीत कुमार हाथापाई में हवाई अड्डे से बाहर निकल गए। आपराधिक साजिश की हत्या के प्रयास के अलावा, अधिकारियों को उनके कर्तव्य में बाधा डालने, अवैध रूप से इकट्ठा होने और विमानों और यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्यों में के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस घटना के चलते व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ। राज्य की राजधानी इंदिरा भवन में पार्टी मुख्यालय सहित कम से कम 30 कांग्रेस कार्यालयों पर माकपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया। सत्तारूढ़ माकपा ने इसे आतंकवादी कृत्य करार दिया, लेकिन कांग्रेस ने पार्टी कार्यकर्ताओं का बचाव करते हुए कहा, यह दमनकारी शासन के खिलाफ विरोध का एक प्रतीकात्मक तरीका था। सोना तस्करी के आरोपी स्वप्ना सुरेश के खुलासे के बाद से राज्य में विरोध का सिलसिला जारी है।

## शार्ट न्यूज

### भाजपा दिल्ली प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा राजेंद्र नगर विधान सभा में राजेश भाटिया के समर्थन के लिए किया विशाल सभा का आयोजन



**नई दिल्ली।** भाजपा दिल्ली प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा राजेंद्र नगर विधान सभा में श्री राजेश भाटिया जी के समर्थन के लिए विशाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमे दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, आयुर्वेदिक डॉक्टर,होमियोपैथिक चिकित्सा से सम्बंधित लोग, फिज़िओथेरेसपिस्ट, विभिन्न प्रकार के चिकित्सा कर्मियों ने हिस्सा लिया। वहा पर उपस्थित दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता जी ने कहा की चिकित्सा में जुड़े हुए लोग हजारो लोगो को सीधे अपने विचार रख सकते है। श्री राजेश भाटिया जी ने कहा स्थानीय हु लोगो के सुख दु:ख में काम आता हु तो इसीलिए लोग मुझे वोट देंगे। स्थानीय मुद्दे स्थानीय कैंडिडेट और स्थानीय विधायक होना चाहिए। डॉक्टर्स की तरफ से एवं चिकित्सा कर्मियों की तरफ से दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता जी को और राजेंद्र नगर विधान सभा के प्रत्याशी श्री राजेश भाटिया जी को ये विश्वाश दिलाया गया की डॉक्टर्स हमेश सच के साथ चलते है। डॉक्टर्स एक सच्चे संस्कार, विचारधारा के साथ चलते है। डॉक्टर्स ज्यादातर भाजपा के साथ चलते है। भाजपा लोगो के सेवा सुशाशन और गरीब कल्याण की भावना से, राष्ट्र निर्माण की भावना से काम करती है। इसमें उपस्थित चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री वीरेंद्र रोहिल्ला जी, संयोजक डॉ हरीश गुप्ता जी, सह प्रभारी डॉ अनिल गोयल जी, सह संयोजक डॉ वी के मोंगा जी ने अपने विचार रखे और भिन्न विधाओं में भी लोगो ने अपने विचार रख। डॉ अनिल गोयल जी ने बोलते हुए कहा की जो भाजपा पार्टी है वो एक विचार धारा पर आधारित पंच निष्ठाओं पर आधारित पार्टी है जबकि दूसरी आम आदमी पार्टी है जो झूठ पर आधारित है, परपंच पर आधारित, प्रचार आधारित पार्टी है।

### व्यापारियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय को गोयल को बताया अपना दर्द

नई दिल्ली। गांधी स्मृति के वाइस चेयरमैन पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विजय गोयल जी आमंत्रण पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिशन पंजीकृत के पाधिकारिओ एवम अभिन्न अंग संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया श्री गोयल जी सभी समस्याओं को ध्यान से सुना समाधान के गुरमंत्र दिया और समाधान के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने वायदा किया एवम सभी व्यापारियों को गांधी जी आत्म कथा की कॉपी भेट की और सादर बाजार पूर्ण विकास एंड रेडिलॉपमेंट की प्लानिंग की बात की। ड्रेनेज सिस्टम लॉ एंड ऑर्डर इव टीजिंग जेब कतरे की भरमार खुले तारों की गुचे, पटरी माफिया, जल माफिया, क्राइम व पार्किंग की समस्या को लेकर सभी मुद्दों पर विचार हुआ इस अवसर पर कन्वेनर पवन कुमार चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, वाइस चेयरमैन राज सपरा,अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष दीपक जैन, महामंत्री कमल कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा, पवन कुमार राकेश यादव, ने श्री विजय गोयल को प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत भी किया।

### महिलाओं और बच्चों के कैंसर से जुड़े भ्रम दूर करने की जरूरतः आरजीसीआईआरसी

नई दिल्ली। महिलाओं और बच्चों के कैंसर से जुड़े भ्रम दूर करने की आवश्यकता है, ताकि मरीजों के इलाज में देरी न हो और वे शुरुआती स्टेज में ही स्पेशलाइज्ड अस्पताल में जाकर जांच करा लें। दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के विशेषज्ञो - डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. लीना डडवाल और डॉ. पायल मल्होत्रा ने यह जानकारी साझा की। आरजीसीआईआरसी (नीति बाग) के मेडिकल ओंकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि स्तन कैंसर शहरी महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर है। लोगों में यह भ्रम है कि दर्दरहित गांठ से कोई नुकसान नहीं होता है। इसी कारण से महिलाएं डॉक्टर से मिलने में देर करती हैं। सच्चाई यह है कि दर्दरहित गांठ के कैंसर होने की आशंका ज्यादा होती है। इसी तरह इस भ्रम को भी दूर करने की आवश्यकता है कि बायोप्सी से शरीर में कैंसर का प्रसार बढ़ जाता है। सर्जिकल ओंकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. लीना डडवाल ने नई ब्रेस्ट कंजर्वेशन सर्जरी के बारे में चर्चा की। पहले यह माना जाता था कि स्तन कैंसर की स्थिति में पूरा स्तन काटकर हटाना पड़ेगा। हालांकि अब ऐसा नहीं है। अब ऐसी नई सर्जरी उपलब्ध हैं, जिनसे 80 प्रतिशत मामलों में बस गांठ को हटाया जाता है और स्तन पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। डॉ. शर्मा और डॉ. डडवाल ने बताया कि स्तन कैंसर के कारणों में धूम्रपान एवं शराब के सेवन जैसे लाइफस्टाइल से जुड़े कारकों के अलावा फैमिली हिस्ट्री, बढ़ती उम्र, हार्मोनल असंतुलन, कम उम्र में माहवारी शुरू हो जाना व देरी से मीनोपॉज होना आदि भी शुमार हैं। महिलाओं को 40 साल की उम्र के बाद नियमित तौर पर जांच एवं स्क्रीनिंग कराते रहना चाहिए। वहीं पीडियाट्रिक ओंकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. पायल मल्होत्रा ने बच्चों के कैंसर से जुड़े मिथकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बच्चों और बड़ों में होने वाले कैंसर एक जैसे नहीं होते हैं और बच्चों के कैंसर प्राय: इलाज के योग्य होते हैं। बच्चों में कैंसर के मामले बहुत दुर्लभ होते हैं, लेकिन इसके लक्षणों को समय रहते समझना जरूरी है। इसका समय से पता लगना चाहिए और बच्चे को स्पेशलाइज्ड पीडियाट्रिक कैंसर सेंटर ले जाना चाहिए। बच्चों में कैंसर के लक्षणों को पहचानने में बच्चों के इलाज से जुड़े सामान्य डॉक्टरों की बड़ी भूमिका होती है।

### कांग्रेसी नेता मर्यादा और आचरण भूल बैठे हैं : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभाम में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अग्निपथ योजना को लेकर कुछ कांग्रेसी नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के बारे में प्रयोग की जा रही अभद्र भाषा की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेसी नेता बौखलाहट में मर्यादा और आचरण की सीमा भी भूल बैठे हैं। लगता है जनता द्वारा ठुकराए जाने के बाद इनका अपने दिमाग पर भी काबू नहीं रहा। बिधूड़ी ने कहा है कि कांग्रेस जनता में अपनी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता पूरी तरह खो बैठी है। इसकी वजह यह है कि वह राष्ट्रहित की हर योजना का विरोध कर रही है। चाहे नागरिकता कानून हो, सर्जिकल स्ट्राइक हो, नोटबंदी हो या फिर जीएसटी लागू करना हो। यहां तक कि कांग्रेस ने कोरोना से लड़ने के लिए वेक्सीनेशन का भी विरोध किया था। कांग्रेस की मानसिकता ही देशविरोधी हो गई है और जनता भी यह पूरी तरह समझ चुकी है। कांग्रेस की इसी मानसिकता और नीतियों का यह परिणाम है कि वह लगातार सिकुड़ती जा रही है लेकिन फिर भी कांग्रेसी नेताओं को यह समझ नहीं आ रहा कि जनता उनसे विमुख हो चुकी है। बिधूड़ी ने कहा कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती के लिए अब शेडयूल को भी अधिसूचित कर दिया गया है और यह देश के युवाओं के लिए एक आदर्श योजना है। इस योजना के माध्यम से वह सभी देश के युवा जो भारतीय सेना में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे अपना सपना पूरा कर सकते हैं। यह योजना देश में रोजगार के अवसर को बढ़ाने में भी कारगर साबित होगी। इस योजना के संचालन से देश की सुरक्षा को भी मजबूत बनाया जा सकेगा। इस योजना के माध्यम से भारतीय सेना की तीनों शाखाओं थलसेना, नौसेना और वायु सेना में बड़ी संख्या में भर्ती की जाएगी। इस योजना के संचालन से देश के युवा सशक्त और आत्मनिर्भर बनेंगे। साथ ही उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। दुनिया भर में हुए सर्वेक्षण के मुताबिक कम अवधि की नौकरी से सैनिकों के मनोबल पर असर नहीं पड़ता है। कार्यकाल पूरा होने के पश्चात उम्मीदवार सेवा निधि प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा कौशल का प्रमाण पत्र और उच्चतर शिक्षा के लिए क्रेडिट का प्रावधान भी किया गया है। बिधूड़ी ने कहा कि कांग्रेसी नेता जहां अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वही युवाओं को बरगलाने की भी कोशिश कर रहे हैं लेकिन जनता जानती है कि कांग्रेस ने देश को किस स्थिति में पहुंचा दिया है।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने केजरीवाल के भ्रष्टाचार की जानकारी देने के लिए जारी की ईमेल

## 22 जून से भाजपा के सांसद, विधायक एवं पदाधिकारी केजरीवाल के हवाहवाई अस्पतालों की ग्राउंड जीरो से खोलेंगे पोल : आदेश गुप्ता

**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता और सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज तिवारी ने दिल्ली की केजरीवाल सरकरा पर हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कोरोना काल में दिल्ली सरकार ने कोरोना के उपचार के लिए सात अस्थाई अस्पताल बनाने के लिए 1256 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन स्थानों पर ये अस्पताल बनाने की बात कही गई वहां पहले से ही अस्पताल बने हुए थे और इन्हीं अस्पतालों में उपचार के नाम पर 1256 करोड़ रुपये की लूट को अंजाम दे दिया गया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार का यह अपने आप में अनोखा मामला है, लेकिन केजरीवाल अपने दूसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने पर आमदा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने जनता से केजरीवाल के भ्रष्टाचार की जानकारी ईमेल आईडी corruptionofkejriwal@gmail.com पर भेजने की अपील करते हुए



स्पष्ट किया कि 22 जून से पार्टी केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा अभियान चलाएगी। अभियान के पहले दिन प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के सभी सांसदों एवं अन्य पदाधिकारी उन सभी सात अस्पतालों का दौरा कर वास्तविकता का पता लगाएंगे कि वहां कोरोना उपचार के नाम पर क्या किया गया है। अगर कुछ किया तो वह ढांचा कहां गया।

आदेश गुप्ता एवं श्री मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली सरकार की व्यय समिति ने 10 अगस्त 2021 को कोरोना उपचार के लिए सात अस्थायी अस्पताल बनाने के लिए 1210 करोड़ रुपये का प्रस्ताव पारित किया जिसे बाद में 1256 करोड़ रुपये कर दिए गया। सच्चाई ये है कि रघुवीर नगर और किराड़ी सहित जिन स्थानों पर ये सुविधायें थीं वहां पहले से ही अस्पताल बने हुए थे। इस तरह से दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने 1256 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार करोना उपचार के नाम पर ही कर दिया।

उन्होंने कहा कि आपदा काल में जब दिल्ली के हर व्यक्ति ने अपनी हैसियत के मुताबिक किसी न किसी व्यक्ति की मदद की तब सरकार ने मदद के नाम पर 1256 करोड़ रुपये का घोटाला कर दिया। इस मामले की बकायदा शिकायत की गई थी लेकिन दिल्ली सरकार ने इसकी जांच नहीं होने दी। अदालत में मामला ले जाने पर अब इसकी जांच एसीबी को सौंपी गई है और उम्मीद है कि केजरीवाल सहित व्यय समिति में शामिल उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ मंत्री सत्येन्द्र जैन सहित बड़े प्रशासनिक अधिकारी भी फंसेंगे।

# गुर्दे की गांठ का बीएलके मैक्स अस्पताल में सफल रोबोटिक ऑपरेशन, 15 साल की लड़की को मिला नया जीवन

**आनंद राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। उत्तर भारत के लीडिंग अस्पतालों में शुमार नई दिल्ली के बीएलके-मैक्स सुपर स्पशेयलिटी अस्पताल ने रोबोटिक सर्जरी की मदद से एक यंग लड़की की जिंदगी बचाई है. ये लड़की एक किडनी के साथ पैदा हुई थी और अब 15 साल की उम्र में उसका सफल ऑपरेशन किया गया है. रोबोटिक सर्जरी के जरिए 10*10 सेंटीमीटर साइज की गांठ (रेनल सिस्ट) को निकाला गया है.

ये ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण था क्योंकि गांठ हटाते वक्त डॉक्टरों को ये भी सुनिश्चित करना था कि किडनी या ब्लड वेसल्स और यूरेटर को नुकसान न पहुंचे. दरअसल, इस केस में रेनल वेसल्स और यूरेटर अजीब तरह से गांठ से जुड़े थे, ऐसे में अगर इनमें से किसी भी अंग पर असर पड़ता तो मरीज के लिए मुश्किल हो सकती थी.

ये सफल सर्जरी डॉक्टर सुरेंद्र डबास के नेतृत्व में की गई है. डॉक्टर डबास बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल में सर्जिकल ऑनकॉलजी एंड रोबोटिक सर्जरी डिपार्टमेंट के प्रमुख और सीनियर डायरेक्टर हैं.





15 साल की दीपाली का जन्म सामान्य नहीं हुआ था. उसकी दोनों किडनी एक साथ जुड़ी हुई थीं और बाएं हिस्से में थी. जबकि राइट किडनी वाला एरिया खाली था यानी अब्सेंट राइट किडनी.

दीपाली अपनी इस गंभीर समस्या के साथ बीएलके अस्पताल में आई. उसे करीब डेढ़ साल से दर्द की प्रॉब्लम हो रही थी. यहां जब दीपाली की जांच की गई, सीटी स्कैन किए गए तो आंतों के बाएं हिस्से पर सींग जैसे आकार की चीज नजर आई. बाईं किडनी में गांठ थी. जबकि दाईं किडनी थी ही नहीं. किडनी में गांठ का साइज 10*10 सेंटीमीटर यानी टेनिस बॉल की बराबर था.

डॉक्टर सुरेंद्र डबास ने बताया, ये सबसे पेचीदा केस में से था. दीपाली का जन्म बाएं हिस्से में फ्यूज्ड किडनी के साथ हुआ था, जबकि दाहिना हिस्सा खाली था. उसकी किडनी में बड़ी गांठ थी जिसका जल्द से जल्द ऑपरेशन होना जरूरी था. गांठ का ऑपरेशन करने में सबसे मुश्किल ये थी कि किडनी, यूरेटर और रेनल वेसल्स को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होने देना था. इस केस पर मंथन के बाद हमने रोबोटिक सर्जरी करने का फैसला किया.

ये ऑपरेशन सफल रहा. रोबोटिक तकनीक का उपयोग करते हुए, गांठ के आसपास की संरचनाओं, रक्त वाहिकाओं और यूटेरस को बिना नुकसान पहुंचे बहुत ही सावधानी से टीम ने अपना काम किया और गांठ को हटा दिया गया. इसमें ब्लड लॉस भी काफी कम हुआ.

रोबोटिक सर्जरी का फायदा ये हुआ कि दीपाली ने तुरंत रिकवरी कर ली और ऑपरेशन के चौथे दिन वो अस्पताल से डिस्चार्ज हो गई.

जिस पैरा पेल्विक गांठ का ऑपरेशन किया गया वो दरअसल किडनी के हीलियम (बीच वाला सामने वाला हिस्सा) पर होती है लेकिन धीरे-धीरे ये पेल्विस, रक्त वाहिकाओं और अन्य हिस्सों तक बढ़ती जाती है. इस गांठ के चलते यूरोनेफ्रोसिस, रेनो-वस्क्यूलर, हाइपरटेंशन की दिक्कत हो जाती है, जिससे किडनी फेल होने का खतरा भी रहता है.

दीपाली के केस की बात की जाए तो इनके राइड राइड किडनी बचपन से नहीं है, ऐसे में अगर वक्त पर इलाज नहीं किया जाता तो आगे चलकर गंभीर समस्याएं हो सकती थी.

डॉक्टर डबास ने कहा कि आमतौर पर डॉक्टर्स इस तरह की गांठ को निकालने के लिए ओपन सर्जरी करते हैं, लेकिन हमने रोबोटिक सर्जरी का इस्तेमाल किया है, जिसमें बॉडी को कम से कम नुकसान पहुंचता है, दर्द कम होता है, ब्लड लॉस कम होता है, जल्दी रिकवरी होती है और अस्पताल में भी कम भर्ती रहना पड़ता है. इसके अलावा ऑपरेशन के चलते होने वाले इंफेक्शन का खतरा भी रोबोटिक सर्जरी में बहुत कम रहता है.

दीपाली एक टीनएज लड़की है और ये ऑपरेशन काफी जटिल था. ऐसे में, ये सफल ऑपरेशन रोबोटिक सर्जरी के सुरक्षित होने का एक बड़ा उदाहरण है।

# अग्निपथ योजना के विरोध में जंतर मंतर, दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन

नई दिल्ली। संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति द्वारा अग्निपथ योजना के विरोध में आज जंतर मंतर, दिल्ली पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। मोदी सरकार की युवाओं को धोखा देने एवं सेना को कमजोर करने वाली अग्निपथ योजना के खिलाफ संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति का विरोध प्रदर्शन। संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति ने सेना के अपमान के विरोध में जंतर मंतर पर कैलाश विजयवर्गीय की फोटो सहित बयान जलाकर विरोध प्रदर्शन किया ।

16 जून को ITO पर हुए संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति द्वारा प्रदर्शन जिसमे सभी संगठनो के शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन में पुलिस की बर्बरता देखने को मिली। संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के लगभग 150 से अधिक प्रदर्शनकारियों को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन ले जाया गया। आज पुन: SRAS द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन में संयुक्त रोजगार आन्दोलनं समिति के संगठनो- देश की बात फाउंडेशन, CYSS, RYA, SVS, AISA, JNCP, INSO, AAP यूथ विंग आदि ने भाग लिया। संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति द्वारा विरोध प्रदर्शन के समर्थन में पहुँचे दिल्ली के कैबिनेट मंत्री श्री गोपाल राय ने कहा कि इस देश के अंदर छात्र और जवान जो सेना में भर्ती के लिए तैयारी कर रहे है वो आज पूरे देश में अग्निपथ योजना का विरोध हो रहा है लेकिन आज जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह लोकतंत्र की हत्या है लेकिन इससे अग्निपथ योजना के खिलाफ आवाज़ बंद नहीं होगी। कल जिस तरह से भाजपा के नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा अग्निवीरो को हम भाजपा कारयालों में सिक्योरिटी की नौकरी देंगे, यह इस तरह से दर्शाता है कि भाजपा की मानसिकता क्या है। अग्निपथ योजना के घोषित होने पांच दिन के अंदर पांच तरह के परिवर्तन किए गए, यह इस बात को दर्शा रहा है कि अग्निपथ योजना केंद्र सरकार द्वारा बिना तैयारी के लाई हुई योजना है, साथ ही मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी कि समस्या के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति बनाना अनिवार्य है।

यह सरकार सब से बातचीत करके बेरोजगारी का समाधान निकालें जिससे सबको रोजगार मिल सके, एक सही मानचित्र तैयार हो सके और एक नीति बन सके।

# निपुण योजना से कुशल निर्माण कामगार बढ़ेंगे: पुरी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को कहा कि भारत में विश्व स्तरीय भवन एवं अवसरंचना संबंधी निर्माण कार्य होते हैं और 'निपुण योजना' के तहत बड़ी संख्या में कुशल निर्माण कामगार तैयार होने से इस क्षेत्र में दुनिया भर में भारत का परचम लहरायेगा। 'निपुण योजना' के तहत निर्माण कार्य में लगे सभी तरह के कामगारों को प्रशिक्षित करके उन्हें और कुशल बनाया जायेगा जिससे वे न केवल राष्ट्र निर्माण में बेहतर योगदान दे सकेंगे बल्कि खाड़ी और यूरोपीय देशों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगे। पुरी ने यहां 'निपुण योजना' का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत में विश्व स्तरीय इमारतें और अवसरंचनायें निर्मित की जाती हैं लेकिन उनकी चर्चा बहुत कम होती है। उन्होंने कहा कि सेंट्रल विस्टा परियोजना, विश्व स्तरीय हवाई अड्डे आदि इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास की यह योजना इस क्षेत्र के लिए कई मायनों में परिवर्तनकारी साबित होगी। उन्होंने इसे एक अच्छी पहल करार देते हुए कहा कि इससे निर्माण कार्य में लगे कामगार और हुनरमंद होंगे जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा, कार्य जल्द पूरे होंगे, लागत कम होगी और कामगारों की आय में वृद्धि होगी। इससे सभी संबद्ध पक्ष बेहतर स्थिति में रहेंगे। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण क्षेत्र का देश के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने और रोजगार देने में महती योगदान है। उम्मीद है निपुण योजना के माध्यम से पर्याप्त संख्या में कुशल कामगारों की उपलब्धता से यह क्षेत्र अपना योगदान और बढ़ा सकेगा।

# भाजपा प्रत्याशी राजेश भाटिया को समाज के विभिन्न वर्गों ने बैठकों के माध्यम से दिया समर्थन-न्यू राजेन्द्र नगर में प्रत्याशी ने किया डोर-टू-डोर कैम्पेन

## आदेश गुप्ता, प्रवेश साहिब सिंह, गौतम गम्भीर एवं हंसराज हंस ने किया सघन प्रचार

नई दिल्ली। राजेन्द्र नगर से विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री राजेश भाटिया ने आज अपना दैनिक चुनाव अभियान न्यू राजेन्द्र नगर में सघन डोर-टू-डोर कैम्पेन से शुरू किया और लगभग 1000 परिवारों से सम्पर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। श्री राजेश भाटिया ने कहा कि मैं राजेन्द्र नगर में पैदा होकर पला बढ़ा हूँ यहाँ की समस्याओं को जानता समझता हूँ जबकि करावल नगर से चुनाव हार कर आये आम आदमी पार्टी प्रत्याशी जब तक क्षेत्र को समझेंगे तब तक तो 2.5 वर्ष का कार्यकाल ही खत्म हो जायेगा, अत: क्षेत्र हित में मुझे वोट दें।

आज राजेन्द्र नगर में बसे समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुख नागरिकों ने बैठकों का आयोजन कर भाजपा





प्रत्याशी श्री राजेश भाटिया को समर्थन की घोषणा की जिनमें प्रमुख थे बैरवा समाज, राजस्थानी समाज एवं सिन्धु समाज।

इनके आलावा क्षेत्र में निवासी चार्टर्ड आकंउटैंटों के ग्रुप के आलावा सर गंगा राम हॉस्पिटल कर्मचारियों ने भी बैठकें कर श्री राजेश भाटिया को समर्थन की घोषणा की।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता, सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह, श्री गौतम गंभीर एवं श्री हंसराज हंस, विधायक श्री अजय महावर और वरिष्ठ नेता श्री हर्ष मलहोत्रा एवं श्री अशोक गोयल देवराहा आदि ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में नारायणा इंडस्ट्रीयल एरिया, सोनिया कैम्प, पांडव नगर, डब्ल्यू.ई.ए. करोल बाग, इन्द्रपुरी आदि में बैठकों को सम्बोधित किया।

आदेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली वालों को विकास के सपने दिखाते हैं पर गत 7 वर्ष में विकास में पिछड़ने वाले राजेन्द्र नगर के लोगों के साथ ही पूरी दिल्ली जानती है की केजरीवाल सरकार को विकास में कोई रूची नही। इसका ताज़ा उदाहरण है की कल ही पोल खुली है की केजरीवाल सरकार ने प्रगति मैदान टनल विकास प्रोजेक्ट में अपनी तय 20 प्रतिशत राशि नही चुकाई। उन्होने लोगों से कहा की वह श्री राजेश भाटिया के रूप में विकास पुरूष को चुनें।

सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह ने नारायणा में राजेन्द्र में रहने वाले केन्द्रीय योजनाओं के लाभार्थियों की बैठक में कहा की जहाँ केन्द्र सरकार अपनी योजनाओं से दिल्ली वालों को समग्र विकास देना चाह रही है वहीं केजरीवाल सरकार ने आयुष्मान भारत योजना या अनेक बीमा योजनाओं और आवास योजनाओं को रोक कर जनता खासकर गरीबों को लाभ से वंचित किया है।

# बसपा के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम के निजी सचिव रहे पूरन सिंह और उनके भतीजे बलविंदर सिंह समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल

## राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में पटका और टोपी पहना कर सभी का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया

**विवेक राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम के निजी सचिव रहे और बसपा मध्यप्रदेश के प्रभारी पूरन सिंह अहिरवार अपने समर्थकों के साथ आज आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इसके अलावा, स्वर्गीय कांशीराम के भतीजे बलविंदर सिंह ने भी ''आप'' की सदस्यता ग्रहण की। ''आप'' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय ने पार्टी मुख्यालय में पटका और टोपी पहनाकर सभी का स्वागत करते हुए कहा कि पूरन सिंह ने अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। स्वर्गीय कांशीराम के भतीजे बलविंदर सिंह भी ''आप'' परिवार में शामिल हुए हैं। सभी लोगों का पार्टी में स्वागत है। इस दौरान पूरन सिंह ने कहा कि आज देश में कोई बाबा साहब के मिशन को लेकर चल रहा है, तो वो सिर्फ अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी है। हमारा जो मिशन है, उस पर आम आदमी पार्टी काम कर रही है। इसलिए मैंने ''आप'' के साथ जुड़कर उस



मिशन को पूरा करने फैसला किया है। इस दौरान आम आदमी पार्टी, मध्यप्रदेश के प्रभारी मुकेश गोयल व वरिष्ठ नेता अशोक भी मौजूद रहे।

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम के निजी सचिव और बसपा मध्य प्रदेश के प्रभारी पूरन सिंह अहिरवार अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आज पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर पटका और टोपी पहना कर सभी का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि इस देश को अगर संविधान देने का काम बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने किया, तो उस संविधान में दिए गए अधिकारों को राजनीतिक शक्ति के द्वारा जमीन पर उतारने का काम स्वर्गीय कांशीराम जी ने किया। उन्होंने बहुजन समाज के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। ऐसे स्वर्गीय कांशीराम जी के निजी सचिव पूरन सिंह अहिरवार जो बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी रह चुके हैं और कई राज्यों में इन्होंने बहुजन समाज पार्टी के लिए काम किया है। वर्तमान में पूरन सिंह बसपा मध्य प्रदेश के प्रभारी थे। आज वो अरविंद केजरीवाल जी की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी परिवार में शामिल हो गए हैं।

वो नीतियां, जो शिक्षा-स्वास्थ्य, बिजली, पानी, जो गरीब आदमी और हिन्दुस्तान के आम आदमी के लिए है। ऐसी नीतियों जो समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता करती हैं। आजादी के बाद दिल्ली सरकार, देश की पहली सरकार है, जिसने फैसला लिया कि हम बाबा साहब के लिखे गए संविधान को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने का काम करेंगे। आज तक किसी भी सरकार ने ऐसा फैसला नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि बहुत ही अच्छी बात है कि आज पूरन सिंह के साथ स्वर्गीय कांशीराम जी के भतीजे बलविंदर सिंह भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। सभी लोगों का ह्दय से आम आदमी पार्टी परिवार में स्वागत है।

आम आदमी पार्टी की सदस्यता लेने के उपरांत पूरन सिंह अहिरवार ने कहा कि मैं मान्यवर कांशीराम साहब के लेख पढ़कर प्रभावित हुआ था और 1980 में उनके द्वारा शुरू किए गए दलित शोषित समाजिक आंदोलन का हिस्सा बना। 1984 से मैं विदिशा से बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ा। मेरे काम से प्रभावित होकर मान्यवर साहब ने मुझे कई जिम्मेदारियां दीं। मैंने समाज के हित में अपने समय का हमेशा सदुपयोग किया। इससे प्रभावित होकर मान्यवर कांशीराम साहब ने मुझे अपना निजी सचिव और पार्लियामेंट्री सचिव बनाया। बसपा ने 1989 में एक आंदोलन शुरू किया, जिसका नारा मंडल आयोग लागू करो, वरना कुर्सी खाली करो था। इसमें मैंने सक्रिय भूमिका निभाई। इसी दौरान मुझे रेलवे में नौकरी मिली। वहां करीब छह साल तक नौकरी की। 1996 में मैने एनटीपीसी में नौकरी शुरू की।

### देश का युवा अकेला नही है, इस लड़ाई में हम उनके साथ है : श्रीनिवास बी वी

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने आज देश भर में अग्निपथ भर्ती योजना के विरुद्ध रेल रोको आंदोलन व चक्का जाम प्रदर्शन किया। इस पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि अग्निपथ स्कीम के खिलाफ देशभर के युवाओं ने भारत बंद का आह्वान किया है। हम देश के युवाओं के साथ हैं। सरकार मनमानी करते हुए कोई भी फैसला नहीं ले सकती। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को छलावा योजना बताते हुए कहा कि मोदी सरकार अग्निपथ योजना के नाम पर अग्निवीर बनाने की बजाए सैन्य सम्मान को कम कर रही है। इसमें ना भविष्य सुनिश्चित है, ना सम्मान है। मोदी सरकार ने अग्निपथ स्कीम थोपकर सेना में भर्ती के इंतजार में बैठे युवाओं के साथ धोखा किया है। वन रैंक वन पेंशन की बजाय नो रैंक नो पेंशन और युवाओं को टेंशन देने की स्कीम है अग्निपथ। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार सच्चाई बताए कि क्या आपने इस योजना के बारे में विपक्ष से चर्चा की, क्या आपने पार्लियामेंट्री कमेटी की मीटिंग में कोई चर्चा की ? क्या आपने नौजवानों से पूछा कि हम आपके लिए यह योजना लाना चाहते हैं ? मोदी सरकार की अग्निपथ स्कीम में भर्ती होने वाले वीरों के लिए न पेंशन है, न कैंटीन है, न सम्मान है। तो फिर ये कैसी सैन्य भर्ती है ? भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की अग्निपथ योजना युवाओं का भविष्य खराब करेगी, युवा को शॉर्ट टर्म रोजगार नहीं चाहिए। मोदी सरकार ने अग्निपथ को थोपकर देश के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। इस विश्वासघात के पक्ष में एक झूठ पत्र भी जारी किया है, मगर फिर भी युवाओं को समझा नहीं पा रहे हैं, क्योंकि झूठ को समझाया नहीं जा सकता। भारतीय सेना नौकरी पाने का जरिया नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का माध्यम है। भाजपा राष्ट्रसेवा के माध्यम को अग्निपथ के नाम पर ठेके पर देने का षड्यंत्र रच रही है, जो कि देश के लिए घातक साबित होगा। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा कि देश का युवा सड़कों पर है और देश के कोने कोने में सरकार द्वारा लाई गई अग्निपथ योजना का भारी विरोध हो रहा है। हम युवाओं की मांग को अपना पूरा समर्थन देते हैं और उनकी भावनाओं को हम समझते हैं, पर वे शांति पूर्वक अपना विरोध दर्ज करें और उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि तुरंत प्रभाव से अग्निपथ भर्ती योजना वापस ली जाए और इसको तुरंत रद्द किया जाए, क्योंकि यह योजना ना तो राष्ट्र की सुरक्षा के हित में है, ना राष्ट्रहित में है और न ही हमारे देश के नौजवानों के भविष्य के हित में है।

## संपादकीय

# सरकार और नौजवान, दोनों ही मर्यादा का पालन नहीं कर रहे हैं



पिछले कुछ वर्षों के दौरान यह देखने में आया है कि मोदी सरकार की यह स्थायी कमजोरी बन गई है कि वह कोई भी बड़ा देशहितकारी कदम उठाने के पहले उससे सीधे प्रभावित होने वाले लोगों की प्रतिक्रिया जानने की कोशिश नहीं करती।

जैसा कि मैंने परसों लिखा था, अग्निपथ योजना के विरुद्ध चला आंदोलन पिछले सभी आंदोलन से भयंकर सिद्ध होगा। वही अब सारे देश में हो रहा है। पहले उत्तर भारत के कुछ शहरों में हुए प्रदर्शनों में नौजवानों ने थोड़ी-बहुत तोड़-फोड़ की थी लेकिन अब पिछले दो दिनों में हम जो दृश्य देख रहे हैं, वैसे भयानक दृश्य मेरी याद्दाश्त में पहले कभी नहीं देखे गए। दर्जनों रेलगाड़ियों, स्टेशनों और पेट्रोल पंपों में आग लगा दी गई, कई बाजार लूट लिये गए, कई कारों, बसों और अन्य वाहनों को जला दिया गया और घरों व सरकारी दफ्तरों को भी नहीं छोड़ा गया।

अभी तक पुलिस इन प्रदर्शनकारियों का मुकाबला बंदूकों से नहीं कर रही है लेकिन यही हिंसा विकराल होती गई तो पुलिस ही नहीं, सेना को भी बुलाना पड़ जाएगा। मुझे विश्वास है कि मोदी सरकार कोई बर्बर और हिंसक कदम नहीं उठाएगी। ऐसा कदम उठाते समय हो सकता है कि छात्रों और नौजवानों को भड़काने का दोष विपक्षी नेताओं के मत्थे मढ़ा जाए लेकिन मैं पहले ही कह चुका हूं कि नौजवानों का यह आंदोलन स्वत: स्फूर्त है। इसका कोई नेता नहीं है। यह किसी के उकसाने पर शुरू नहीं हुआ है। यह अलग बात है कि विरोधी दल अब इस आंदोलन का फायदा उठाने के लिए इसका डट कर समर्थन करने लगें, जैसा कि उन्होंने करना शुरू कर दिया है। इस आंदोलन से डर कर सरकार ने कई नई रियायतों की घोषणाएं जरूर की हैं और वे अच्छी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का रवैया काफी रचनात्मक है और भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने तो यहां तक कह दिया है कि चार साल तक फौज में रहने वाले जवान को वे अपने दफ्तर में सबसे पहले मौका देंगे।

चार साल का फौजी अनुभव रखन वाले जवानों को कहीं भी उपयुक्त रोजगार मिलना ज्यादा आसान होगा। इसके अलावा इस अग्निपथ योजना का लक्ष्य भारतीय सेना को आधुनिक और शक्तिशाली बनाना है और पेंशन पर खर्च होने वाले पैसे को बचाकर उसे आधुनिक शास्त्रास्त्रों की खरीद में लगाना है। अमेरिका, इस्राइल तथा कई अन्य शक्तिशाली देशों में भी कमोबेश इसी प्रणाली को लागू किया जा रहा है लेकिन मोदी सरकार की यह स्थायी कमजोरी बन गई है कि वह कोई भी बड़ा देशहितकारी कदम उठाने के पहले उससे सीधे प्रभावित होने वाले लोगों की प्रतिक्रिया जानने की कोशिश नहीं करती। जो गलती उसने भूमि अधिग्रहण अध्यादेश लाने, नोटबंदी करने और नागरिकता कानून लागू करते वक्त की, वही गलती उसने अग्निपथ पर चलने की कर दी!

यह सैन्य-पथ स्वयं सरकार का अग्निपथ बन गया है। अब वह भावी फौजियों के लिए कितनी ही रियायतें घोषित करती रहे, इस आंदोलन के रूकने के आसार दिखाई नहीं पड़ते। यह अत्यंत दुखद है कि जो नौजवान फौज में अपने लिए लंबी नौकरी चाहते हैं, उनके व्यवहार में आज हम घोर अनुशासनहीनता और अराजकता देख रहे हैं। क्या ये लोग फौज में भर्ती होकर भारत के लिए यश अर्जित कर सकेंगे? सच्चाई तो यह है कि हमारी सरकार और ये नौजवान, दोनों ही अपनी-अपनी मर्यादा का पालन नहीं कर रहे हैं।

# समुद्र में सुरक्षित नौवहन में हाइड्रोग्राफी का उल्लेखनीय योगदान

**पुखराज प्राज**

सम्पूर्ण पृथ्वी पर लगभग 71 फीसदी भाग जल राशियों से पूर्ण होता है। शेष भूमंडल है। जिसमें विश्वकोश के अनुसार 193 देश जिन्हे अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हैं। विचारणीय है की कई राष्ट्रों की सीमा में जल राशियों के की अवस्थिति, इन्हे समुद्र तटीय सीमा कहा जाता है। लेकिन समुद्र सीमा का पर्याय पृथक होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समुद्र की सीमाओं पर कानून और नियंत्रण अधिकार के संदर्भ में सन् 1958 में संयुक्त राष्ट्र के जिनेवा सम्मेलन में समुद्र के कानून पर पहला सम्मेलन 86 देशों के प्रतिनिधित्व में हुआ था। इसके पूर्व यानी 24 अक्टूबर 1945 में संयुक्त राष्ट्र के गठन से पहले समुद्र के कानून से संबंधित पहला सम्मेलन 1930 में हेग में आयोजित किया गया था। जिसे अंतर्राष्ट्रीय कानून 1930 के संहिताकरण सम्मेलन कहा गया। यहा सम्मेलन हेग हुआ।यह राष्ट्र संघ द्वारा 13 मार्च और 12 अप्रैल 1930 के बीच शुरू किया गया था और इसमें 47 सरकारों और एक पर्यवेक्षक ने भाग लिया था। सम्मेलन प्रादेशिक जल से संबंधित एक सम्मेलन को अपनाने में असमर्थ था क्योंकि क्षेत्रीय जल की चौड़ाई और निकटवर्ती क्षेत्र की समस्या के सवाल पर कोई समझौता नहीं किया जा सका। हालांकि, प्रादेशिक जल की कानूनी स्थिति, निर्दोष मार्ग के अधिकार और प्रादेशिक जल को मापने के लिए आधार रेखा के संबंध में कुछ समझौते थे। समुद्र या महा जल राशियाँ सिर्फ पानी और विशालकाय क्षेत्रफल लिए नहीं अपितु अर्थव्यवस्था, यातायात और अनुसंधान के लिए आवश्यक क्षेत्र है। इसे अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण में विश्व बैंक ने परिभाषा करते हुए कहा है कि, नीली अर्थव्यवस्था समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को संरक्षित करते हुए आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका और नौकरियों के लिए समुद्री संसाधनों का सतत उपयोग है। यानी इकोनॉमिक लाभ के परिदृश्य में समुद्र पर अपने-अपने वर्चस्व के लिए विभिन्न राष्ट्र अपने हक के लिए लड़ते रहते हैं। जब कोई समुद्री विवाद लंबे समय तक अनसुलझा रहता है या जब इसे निपटाने में लंबा समय लगता है या जब इसे उचित समय के भीतर सुलझाया नहीं जा सकता है, तो इसे एक लंबा समुद्री विवाद माना जाता है। राज्यों के बीच समुद्री सीमा विवाद निपटान एक अंतरराष्ट्रीय घटना है जिसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय कानून पार्टियों को अपने विवाद को निपटाने में मदद करता है यदि वे अपने समझौते से इसका लाभ माँगते हैं। अन्यथा यह किसी विशेष विवादित मुद्दे पर अनायास ही कुछ नहीं कर पाता है। समुद्री मामलों के मामले में, समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, यूएनसीएलओएस सन् 1982 विशिष्ट संहिताकरण है। जिसे सन् 1982 में प्रख्यापित किया गया और जो सन् 1994 में लागू हुआ था। 2005 सीआईए वर्ल्ड फैक्टबुक कहती है कि, दुनिया में कम से कम हजार सकल रजिस्टर्ड टन के व्यापारी जहाजों की कुल संख्या तीस हजार से अधिक थी। 2010 में 26त्न की वृद्धि के साथ लगभग 40 हजार हुई है। दिसंबर 2018 तक सभी व्यापारी नाविकों में से एक चौथाई फिलीपींस में पैदा हुए थे। ज्ञातव्य है कि, इन जल या समुद्री मार्ग की निर्धारित रूट के बीना समुद्री यातायात संभव नहीं है। यहां पर जहाजों के निर्धारित रूट और नेविगेशन के निर्धारण की प्रणाली हाइड्रोलाजी के अंतर्गत संभव होता है। 24 जुलाई सन् 1737 को जन्मे अलेक्जेंडर डेलरिम्पल एक स्कॉटिश भूगोलवेत्ता और ब्रिटिश एडमिरल्टी के पहले हाइड्रोग्राफर थे। उन्होंने बताया कि दक्षिण प्रशांत में एक विशाल अनदेखा महाद्वीप मौजूद था, टेरा ऑस्ट्रेलिस इनकॉग्निटो इसके साथ उन्होंने हजारों समुद्री चार्ट तैयार किए। पहली बार समुद्र और महासागरों की एक उल्लेखनीय संख्या का मानचित्रण किया। शिपिंग की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके सिद्धांतों ने इस पौराणिक भूमि की खोज में कई अभियानों को प्रेरित किया।

**अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून, 2022 पर विशेष**

# योग से संभव है संतुलित एवं स्वस्थ जीवन




**ललित गर्ग**

भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। इसीलिये समूची दुनिया के लिये अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वीकार्य हुआ है। आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। सद्गुरू मानते हैं, 'ध्यान और योग से हम अपने भीतर की सफाई बहुत अच्छी तरह से कर सकते हैं। योग का प्रयोजन है, मन की गांठों को खोलना और उनका इलाज करना।'

पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। यह गुस्सा दूसरों की वजह से शुरू होता है और अंतत: इसे आप अपने ऊपर निकालने लगते हैं। कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया। एबी कहते हैं, 'आपको पता ही नहीं होता कि आपने अपने दिल में क्या-क्या भर रखा है। इसके लिए जरूरी है कि अपने आपको जानें। अगर कोई पुरानी बात आपको मथ रही है तो उसे जाने न दें। आप उस व्यक्ति को माफ कर दें और खुद को भी। इस तरह बिना बोझ के आप जिंदगी में आगे बढ़ पाएंगे।' मन की गंदगी को धोने का माध्यम है योग।

पवित्र अंत:करण ही वह दर्पण है जिसमें आत्मा का दर्शन, प्रकृति का प्रदर्शन और ब्रह्म का संदर्शन होता है। शुद्ध अंत:करण में बुद्धि आकाशवत् निर्मल और स्वच्छ रहती है, मन गंगा जैसा पवित्र रहता है, चित्त ऐसा स्थिर रहता है जैसे बिना वायु के अविचल दीपक की ज्योति और सम्पूर्ण चेतना भगवान में मिलने के लिए ऐसी बहती है जैसे समुद्र में मिलने के लिए नदियां। जैसे शीशे में अपना चेहरा तभी दिखलायी पड़ता है जबकि शीशा साफ और स्थिर हो, इसी प्रकार शुद्ध अंत:करण से ही परम ब्रह्म के दर्शन होते हैं।

ईर्ष्या जीवन की बड़ी विसंगति है, यह एक तरह की मानसिक व्याधि है। ईर्ष्यालु मनुष्य में सुख एवं स्वास्थ्य का भाव दुर्बल होता है। उसकी इस वृत्ति के कारण वह निरंतर मानसिक तनाव में जीता है। उसके संकीर्ण



विचार और व्यवहार से पारिवारिक और सामाजिक जीवन में टकराव और बिखराव की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। जिसका किसी भी मंत्र-तंत्र, जड़ी-बूटी व औषधि से चिकित्सा संभव नहीं है। ईर्ष्यालु मनुष्य तनाव झेलता ही है, दूसरों को भी तनाव देने का प्रयास करता है। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम अपनी कमजोरियों पर ही नहीं, बल्कि उनसे उबरने के रास्तों पर भी विचार करेंगे। यहीं से हमारी तरक्की का रास्ता खुलता है और इसके लिये योग की प्रभावी माध्यम है।

अभी कुछ दिन पहले ही एक बात समाचारपत्रों में पढ़ी कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। इस आधार पर तो हम यही कह सकते हैं कि हम अपने मस्तिष्क का सही और पूरा उपयोग करना नहीं जानते। यह ऐसी ही बात है कि हमारे पास बहुत कुछ और सब कुछ है, किन्तु अपनी अज्ञानता के कारण हम गरीब और निरीह बने हुए हैं। चाहे कर्म का क्षेत्र हो या धर्म का क्षेत्र हो, दोनों में हम पिछड़े हुए हैं। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था और उसके विकास का

बहुत सारी समस्याएं अज्ञान के कारण पैदा होती हैं। शरीर और उसके विभिन्न अवयवों के बारे में जानकारी के अभाव में आदमी के सामने अनेक शारीरिक कठिनाइयां खड़ी हो जाती हैं। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की।

वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है। शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक शांति एवं स्वस्थ्यता के लिये योग की एकमात्र रास्ता है।

लेकिन भोगवादी युग में योग का इतिहास समय की अनंत गहराइयों में छुप गया है। वैसे कुछ लोग यह भी मानते हैं कि योग विज्ञान वेदों से भी प्राचीन है। दुनिया में भारतीय योग को परचम फहराने वाले स्वामी विवेकानंद कहते हैं-''निर्मल हृदय ही सत्य के प्रतिबिम्ब के लिए सर्वोत्तम दर्पण है। इसलिए सारी साधना हृदय को निर्मल करने के लिए ही है। जब वह निर्मल हो जाता है तो सारे सत्य उसी क्षण उसमें प्रतिबिम्बित हो जाते हैं।...पावित्र्य के बिना आध्यात्मिक शक्ति नहीं आ सकती। अपवित्र कल्पना उतनी ही बुरी है, जितना अपवित्र कार्य।'' आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्धेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी है, उसका कारण भी योग का अभाव ही है।

हम अपनी समस्या को समझें और अपना समाधान खोजें। समस्याएं परेशान करती हैं। जरूरत खुद को काबू में रखने की होती है, हम दूसरों को काबू में करने में जुटे रहते हैं। रूमी कहते हैं, 'तूफान को शांत करने की कोशिश छोड़ दें। खुद को शांत होने दें। तूफान तो गुजर ही जाता है।' लेकिन ऐसा नहीं होता, क्योंकि हमारा मनोबल कमजोर होता है। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लडने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे।

हम जितना ध्यान रोगों को ठीक करने में देते हैं, उतना उनसे बचने में नहीं देते। दवा पर जितना भरोसा रखते हैं, उतना भोजन पर नहीं रखते। यही कारण है रोग पीछा नहीं छोड़ते। हमें यह पता होता है कि कार के लिए कौन सा ईंधन सही है, पर हम ये नहीं जानते कि शरीर को ठीक रखने के लिए कौन से ईंधन की जरूरत है? हमें कैसा भोजन करना चाहिए? कैसी सोच चाहिए? कैसी जीवनशैली चाहिए?

योग एवं ध्यान एक ऐसी विधा है जो हमें भीड़ से हटाकर स्वयं की श्रेष्ठताओं से पहचान कराती है। हममें स्वयं पुरुषार्थ करने का जज्बा जगाती है। स्वयं की कमियों से रू-ब-रू होने को प्रेरित करती है। स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार कराती है। आज जरूरत है कि हम अपनी समस्याओं के समाधान के लिये औरों के मुंहताज न बने। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान हमारे भीतर से न मिले। भगवान महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- 'पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या?

इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। लेखिका व वक्ता गैब्रियल बर्नस्टेन ने भी कहा है कि 'हम इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं कि हमारी आंखें क्या देखती हैं? हम जिम्मेदार इस बात के लिए हैं कि उसे कैसे अपनाते हैं।' हमारे भीतर ऐसी शक्तियां हैं, जो हमें बचा सकती हैं। योग, संकल्प एवं संयम की शक्ति बहुत बड़ी शक्ति है। अनावश्यक कल्पना मानसिक बल को नष्ट करती है। लोग अनावश्यक कल्पना बहुत करते हैं। यदि उस कल्पना को योग में बदल दिया जाए तो वह एक महान शक्ति बन सकती है।

# करें योग, दूर भगाएं रोग

**योगेश कुमार गोयल**

उत्तम स्वास्थ्य तथा रोगों के प्रबंधन और रोकथाम में योग की उपयोगिता भली-भांति स्थापित हो चुकी है और प्रतिरक्षण निर्माण तथा तनाव से राहत की दिशा में योग के लाभ जगजाहिर हैं। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कई योग गुरू तथा आध्यात्मिक नेता समूचे विश्व समुदाय से अपील करते रहे हैं कि लोग स्वयं अपनी तथा मानवता की बेहतरी के लिए अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाएं। स्वस्थ शरीर किसी वरदान से कम नहीं है और योगासनों का लाभ तथा महत्व किसी से छिपा नहीं है। कुछ प्रमुख योगाभ्यास फेफड़ों को मजबूत बनाने के अलावा कई शारीरिक व्याधियों से बचाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे ही योगाभ्यासों में भुजंगासन, सर्वांगासन, योग मुद्रासन, शशकासन, मकरासन, विश्रामासन, गोमुखासन, उत्तानपादासन, ताड़ासन, हलासन, सेतुबंधासन, मंडूकासन, उष्ट्रासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, शलभासन, धनुरासन, त्रिकोणासन, पश्चिमोत्तानासन, पादंगुष्ठासन इत्यादि प्रमुख हैं। अनुलोम विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी, उज्जायी इत्यादि प्राणायाम करने से फेफड़े मजबूत होने संबंधी कई प्रमाण मिल चुके हैं। कपालभाति प्राणायाम से नसें मजबूत होने के अलावा शरीर में रक्त संचार सुचारू रूप से होता है, सांस की बंद नली खुल जाती है और सांस लेने में आसानी होती है। भस्त्रिका प्राणायाम से हृदय स्वस्थ होता है, नाक तथा सीने की समस्या दूर होती है, अस्थमा रोग दूर होता है, अतिरिक्त शारीरिक वजन घटता है तथा तनाव और चिंता दूर होती है। उज्जायी प्राणायाम हृदय संबंधी बीमारियों में फायदेमंद है, इससे दिमाग शांत रहता है। ध्यान लगाने की क्षमता बढ़ती है और शरीर में गर्माहट आती है। उद्गीथ प्राणायाम करने से याद्दाश्त तेज होती है, नर्वस सिस्टम ठीक रहता है, तनाव व चिंता दूर होती है और इस प्राणायाम से वजन घटाने में मदद मिलती है। भुजंगासन अर्थात् कोबरा पोज सूर्य नमस्कार का हिस्सा है। इस आसन को करने से फेफड़े मजबूत बनते हैं, किडनी स्वस्थ होती है, रीढ़ की हड्डी मजबूत बनती है, लीवर संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है, तनाव, चिंता और डिप्रैशन दूर होता है। उष्ट्रासन से हृदय मजबूत होता है, पाचन शक्ति सुधरती है, मोटापा कम होता है तथा टखनों का दर्द दूर होता है। सर्वांगासन करने से मस्तिष्क में रक्त तथा ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर होता है, जिससे बाल झड़ने की समस्या दूर होती है, मानसिक तनाव कम होता है, त्वचा की रंगत निखरती है, चेहरे पर कील-मुहांसे नहीं होते, झुर्रियां नहीं पड़ती। इस आसन से थायरॉयड की समस्या ठीक हो जाती है, पेट के सभी आंतरिक अंग सही प्रकार से काम करने लगते हैं। हलासन पाचन तंत्र के अंगों की मसाज कर पाचन सुधारने में मदद करता है। इस आसन से शुगर लेवल नियंत्रित रहता है, मेटाबॉलिज्म बढ़ने से वजन घटाने में मददगार है, रीढ़ की हड्डी में लचीलापन बढ़ाकर कमर दर्द में आराम देता है, तनाव और थकान से राहत देता है, दिमाग को शांति मिलती है, थायरॉयड ग्रंथि से जुड़ी समस्याएं खत्म होती हैं, नपुंसकता, साइनोसाइटिस, सिरदर्द इत्यादि परेशानियों से भी राहत मिलती है। त्रिकोणासन को इम्युनिटी बूस्टर योग माना गया है। इससे पेट पर जमी अतिरिक्त चर्बी दूर होती है, जिससे मोटापा कम होता है, शारीरिक संतुलन ठीक होता है, गर्दन, पीठ, कमर तथा पैर के स्नायु मजबूत होते हैं, चिंता, तनाव, कमर तथा पीठ का दर्द दूर होता है, पाचन प्रणाली ठीक होती है और एसिडिटी से छुटकारा मिलता है। ताड़ासन को माउंटेन पोज कहा जाता है। इस योग को करने से लम्बाई बढ़ती है, पाचन तंत्र मजबूत होता है, शरीर में रक्त संचार सही तरीके से होता है, घुटनों, टखनों और भुजाओं में मजबूती आती है, कब्ज की शिकायत दूर होती है, श्वसन प्रणाली मजबूत होने से श्वसन संबंधी बीमारियों से छुटकारा मिलता है, सियाटिका की समस्या दूर होती है। पादंगुष्ठासन मस्तिष्क को शांत कर तनाव व हल्के डिप्रैशन में राहत देता है, किडनी तथा आंतों की कार्यपद्धति बेहतर करता है, रजोनिवृत्ति के लक्षण कम करने में मददगार है।

## बदलाव के साथ बदलने की जरुरत है

देश मे जो हालात बन रहे है वही हमे नई समझ और विश्वास की जरूरत है। पुराने विश्वास से नई सदी का निर्माण नही कर सकते। परिवर्तन यहाँ है। हमारे जीवन का लगभग हर पहलू शिफ्ट हो गया है। लॉक डाउन और कोरोना वायरस ने सबकुछ बदल दिया ।हम में से कई पहली बार घर से काम कर रहे हैं, और हमारे बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे थे। यह तनाव और चिंता के उच्च स्तर का निर्माण कर रहा है।अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।कई अपनी नौकरी खो रहे हैं।इस माहौल में सबकुछ जानकार भी जीवन अलग है।हम सभी के पास इस नई वास्तविकता बदलाव के अनुकूल या विरोध करने का विकल्प है। जब एक चीज मर जाती है, तो अक्सर कुछ नया निकलता है। यह नियम है हमें भूलना नहीं चाहिए ।आपके व्यवसाय या करियर के लिए इसका क्या मतलब है? उस प्रश्न का उत्तर आपके परिवर्तन को स्वीकार करने खुलेपन में है। भूल जाईये अब चीजे जैसी थी ।आप जीवन और वास्तविकता को कैसे चाहते हैं, इस तनाव के साथ शांति में रहें।केवल, जब आप वास्तव में बदलने के लिए तैयार हैं तो आप छिपे हुए अवसरों को देख सकते हैं। जो आपके समक्ष मौजूद हो सकते हैं। मेरी वर्तमान स्थिति में क्या अवसर हो सकते हैं? सोचिये अभी आप अभी क्या काम कर रहे है और क्या नहीं? जो काम कर रहे है, उसे और कैसे अच्छे से कर सकते हैं ? यदि आपने अपनी नौकरी खो दी है या किसी प्रकार के अधर पर हैं, तो अब एक अलग करियर पर विचार करने का समय है। या एक नया व्यवसाय शुरू करें। हालांकि अर्थव्यवस्था चरमरा रही है, ऑनलाइन कारोबार काफी अच्छा कर रहे हैं। शायद यह एक रास्ता है। यदि आप खुद को सामान्य से अधिक डाउनटाइम के साथ पाते हैं, तो हो सकता है कि किसी प्रकार के करियर या व्यवसाय कौशल में सुधार के लिए ऑनलाइन कोर्स करें। इस तरह, आप एक कदम आगे हो जाओगे, जब जीवन वापस सामान्य हो जाता है। अपनी स्थिति के बावजूद, आप अपने व्यवसाय या करियर में विकास और विस्तार के अवसर के रूप में इसे बदलने और देखने के लिए अनुकूल होने का विकल्प चुन सकते हैं।

# योग भगाए रोग - मानवता के लिए योग



भारत की अत्यंत प्राचीन विरासत में से एक योग भी है आदि अनादि काल से ही योग एक जीवन जीने की कला और आज के आधुनिक डिजिटल युग में एक विज्ञान और औषधी रहित चिकित्सा पद्धति के रूप में वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो चुका है, जिससे भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लग गएहैं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है,योग दिवस पर भारत का रिकॉर्ड- संयुक्त राष्ट्र महासभा में पीएम के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद 21 जून को 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस साल करीब 35 हजार से ज्यादा लोगों ने दिल्ली के राजपथ पर योगासन किया। खास बात रही कि इनमें 84 देशों के प्रतिनिधि शामिल थे और 21 योगासनों का अभ्यास किया गया। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड था। भारत में योग दिवस पर हुए इतने बड़े आयोजन को लेकर दो रिकॉर्ड गिनीज बुक में दर्ज किए गए। जिसमें पहला रिकॉर्ड 35,985 लोगों का साथ में योग करना था और दूसरा रिकॉर्ड 84 देशों के प्रतिनिधियों का एक साथ इस समारोह में हिस्सा लेना था।

साथियों बात अगर हम 21 जून को ही योग दिवस मनाने की करें तो, इसके पीछे एक खास वजह है। 21 जून को उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है, जिसे लोग ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के मुताबिक, ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन होता है। माना जाता है कि सूर्य दक्षिणायन का समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए फायदेमंद है। इसी वजह से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा।

साथियों बात अगर हम योग के प्राचीन विरासत होने की करें तो, भारतीय संस्कृति में योग रचा-बसा है। मन-मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए प्राचीन भारत में ऋषियों ने योग के उच्चतम विधा को अपनाया और खुद को आत्मनियंत्रित किया। माना जाता है कि योग शरीर की इंद्रियों को नियंत्रित करने की क्षमता देता है जिससे निरोग रहा जा सकता है। योग भगाए रोग तो सदियों पुरानी कहावत है। लेकिन समय का पहिया घूमा और हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में शामिल हो गए। जीवन की आपाधापी के बीच अपनी प्राचीन पद्धति को भूलने लगे जिसका खामियाजा तमाम तरह की शारीरिक बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

हालांकि, बीते कुछेक सालों में देश ही नहीं दुनिया ने योग की उपयोगिता को समझा और इसको अपनी दिनचर्या में शामिल किया। दुनिया को योग से नए सिरे से परिचित कराने में 21 जून का भी कम योगदान नहीं है। साल 2015 में 21 जून को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। यह सफर देखते ही देखते सात साल का पड़ाव पार कर लिया। कोरोना काल में भी दुनिया ने योग को खूब अपनाया।

साथियों बात अगर हम इस वर्ष 8 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2022 को खास बनाने की करें तो, देश में 8वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ हो गया है। इसकी रूपरेखा पिछले 100 दिनों से चल रही थी, इस अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में 100 से ज्यादा संगठन हिस्सा ले रहे हैं, ये कार्यक्रम देश के 100 शहरों में आयोजित किया गए थे।

साथियों, देश के केंद्रीय आयुष मंत्री ने रविवार, 13 मार्च को %योग महोत्सव 2022 का उद्घाटन किया था। इसके साथ ही आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 100 दिनों की उल्टी गिनती भी शुरू हो गई है। योग दिवस के लिए चलाए जा रहे इस अभियान को 100 दिन, 100 शहर और 100 संगठन की थीम पर चलाया जा रहा था। ये कार्यक्रम 21 जून (अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस) तक पूरी दुनिया में संचालित हुए।

साथियों बात अगर हम इसके 50 दिनों की उल्टी गिनती की करें तो,अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022 की 50 दिनों की उल्टी गिनती के अवसर पर आयोजित योग उत्सव के लिए असम के शिवसागर जिले का चुनाव केंद्र सरकार के पर्यटन को प्रोत्साहित करने का हिस्सा है। पर्यटन और आस-पास भवन बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भारत सरकार ने पांच पुरातत्व स्थलों राखीगढ़ी, हस्तिनापुर, शिवसागर, धोलावीरा और आदिचनल्लूर को चिन्हित किया है। केंद्र सरकार ने इन पुरातत्व स्थलों को विकसित कर उन्हें देश के प्रतिष्ठित स्थलों में बदलने की एक योजना की घोषणा की है।

साथियों बात अगर हम योग दिवस की भव्यता की करें तो इसमें पूरा देश ही नहीं बल्कि 80 देशों के लोग भाग ले रहे हैं, केंद्रीय मंत्री के अनुसार इस बार यह अनूठा आयोजन होने जा रहा है जो सुबह 3 बजे से शुरू होकर रात को 10 बजे तक चलेगा। यह दिवस न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कैलेंडर में एक दिन को चिह्नित करेगा, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और कल्याण को देखने और देखने के हमारे तरीके में एक क्रांति का प्रतीक होगा।

उन्होंने कहा कि, इस दिन के माध्यम से, हमारा उद्देश्य पारंपरिक प्रथाओं को अपनाने में तेजी लाना और विश्व को मन, शरीर और आत्मा के लिए इसके लाभों की याद दिलाना है. इस वर्ष की विषयवस्तु दुनिया के सामने आ रही भू-राजनीतिक दुविधाओं पर विचार करते हुए हर किसी को अपने स्वयं के परोपकारी और सहानुभूतिपूर्ण स्वरूप को आत्मसात करने में सहायक होने का प्रयास करने वाली है।

उन्होंने आगे बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के इस वर्ष देश में लगभग 75 प्रतिष्ठित स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। यह दिन ऐसे अभिनव गार्जियन रिंग कार्यक्रम का भी साक्षी होगा, जिसमें विदेशों में भारतीय मिशनों द्वारा आयोजित किए जा रहे सभी कार्यक्रमों का 16 समय क्षेत्रों में सीधा प्रसारण होगा जो विश्व के पूर्वी हिस्से से शुरू होकर सूर्य की गति के साथ पश्चिम की ओर बढेगा।

## वर्षा ऋतु !

ढेर सारी खुशियों की बौछार,
सभी करते हैं इस ऋतु का इंतजार ,
पशु पक्षियों और बच्चे,
किसानों के खेत,
खलियान और फसलें, इस ऋतु में
मेहक उठता है वातावरण, वर्षा होने
से सभी के मन में उठता है हर्षोल्लास
और आनंद !

चारों ओर वातावरण हराभरा हो
जाता, नीले बादलों में इन्द्रधनुष
दिखाई देता,
सुहाने मौसम में पक्षियों की उड़ान,
चहचहाने की आवाज सुंदर सा
आसमान!

हरियाली छाए, फूलों का खिलना
कोयल गाए, मोर का नाचना,
रंग बिरंगे छाते, छोटे बच्चे कागजी
नाव बनाते,
भुट्टो का भीगते हुए खाना,
मजे से बारिश में भीगना!

काले बादल जोरो से गढ़-गड़ाए,
ठंडी ठंडी चले हवाएं,
कितना रोमांचक है यह मौसम,
चमक उठता है सुंदर उपवन,
रिमझिम रिमझिम वर्षा आए,
चलो इस ऋतु का लुफ्त उठाएं,
हमारे मन को प्रसन्नचित्त कर जाए,
प्रकृति की तरह हम भी खुलकर
मुस्कुराए!!

## शार्ट न्यूज

### कम्पनी के कर्मियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा, निवेशकों का धन गबन करने का आरोप

**अमेठी।** अमेठी में जगदीशपुर के रोड नम्बर चार पर कार्यालय खोलकर जनता से पैसा निवेश कराने वाली कम्पनी के कर्मचारियों के विरुद्ध कमरौली थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी गिरिजा शंकर मिश्र ने कमरौली थाने में तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि जगदीशपुर के रोड नम्बर चार पर कार्यालय खोलकर बीते तीन सालों से जनकल्याण प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड जनता से पैसा निवेश करा रही थी। कम्पनी की लोक लुभावनी स्कीम के झांसे में आकर उसने भी अन्य लोगों की भांति अपनी गाढी कमाई कम्पनी में निवेश की थी। जिसके बदले कम्पनी ने बांड दिया था। लेकिन जब पैसा देने का समय आया तो कम्पनी के कर्मी कार्यालय पर ताला लटका कर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कम्पनी के सीएमडी सुंदर लाल चौहान, एमडी अनिल सिंह, डायरेक्टर निर्मल चौबे व प्रभात चौहान, सीनियर मैनेजर राम खेलावन, जूनियर मैनेजर शैलेष सहित सात लोगों पर आईपीसी की धारा 406 व 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

### बस की टक्कर से तीन की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के रिसिया क्षेत्र में एक प्राइवेट बस की टक्कर से बाइक सवार मासूम समेत तीन लोगों की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सिंघापुरवा गांव निवासी योगेश कुमार सोनकर (22) डिगीहा मोहल्ले में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता था। रविवार देर रात योगेश बाइक से घर के लिए रवाना हुआ। रास्ते में उसने एक ग्रामीण और उसकी छह वर्षीय बेटी को लिफ्ट दे दिया। आसाम रोड पर पेट्रोल टंकी के निकट नानपारा की ओर से आ रही एक प्राइवेट बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मौके पर ही योगेश, मासूम बच्ची समेत तीन की मौत हो गई। मासूम बच्ची और मृतक ग्रामीण की पहचान नहीं हो सकी है।

### बलरामपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया नजरबंद, जा रहे थे ज्ञापन देने

**बलरामपुर।** केंद्र सरकार पर राहुल गांधी को ईडी के माध्यम से परेशान किए जाने का आरोप लगाकर धरना देने जा रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष व उनके समर्थकों को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोतवाल को दिया है। कांग्रेश जिलाध्यक्ष हारिश विन खालिद व अन्य कार्यकर्ताओं ने सोमवार को धरना प्रदर्शन किए जाने की योजना बनाई थी। सुबह लगभग 10 बजे कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नई बस्ती स्थित आवास पर पीसीसी सदस्य डॉ पंकज गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवलाल व शाहिद हसन टीपू पहुंच गए। इस बात की भनक नगर कोतवाल संजय दुबे को लग गई। उन्होंने पुलिस बल के साथ हरीश बिन खालिद के घर को घेर लिया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि वह बीरविनय चौराहे पर शांतिपूर्वक धरना देना चाहते हैं। वहां से पैदल निकलकर कलेक्ट्रेट जाकर ज्ञापन देंगे। कोतवाल ने उन्हें घर से नहीं निकलने दिया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को ईडी के माध्यम से बार बार बुलाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। इस बात का दबाव बनाया जा रहा है कि वह सरकार की गलत नीतियों का विरोध न करें। केंद्र सरकार विपक्ष के नेताओं पर दबाव बनाकर मनमानी करना चाहती है। उन्होंने कोतवाल संजय दुबे को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंप दिया।

### डीआईजी अनिल कुमार के नाम गैर जमानती वारंट जारी, पत्नी पर जालसाजी का केस

**लखनऊ।** लखनऊ में डीआईजी अनिल कुमार के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। डीआईजी और उनकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज हुए हैं। साथ ही मामले में उनके पार्टनर के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ है। इस बार उन पर फ्लैट के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस दूरसंचार में डीआईजी के पद पर तैनात अनिल कुमार और उनकी पत्नी के खिलाफ जालसाजी के कई केस दर्ज हैं। केवल इन दो पर ही नहीं बल्कि डीआईजी की पत्नी का एक दोस्त भी इस मामले में आरोपी हैं। डीआईजी की पत्नी पुष्पा के मित्र चंद्रपाल सिंह के खिलाफ भी कई धाराओं में केस दर्ज किए गए। डीआईजी अनिल कुमार महानगर कॉलोनी में पत्नी संग रहते हैं और वहां की पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए तैयार है। डीआईजी अनिल कुमार का विवादों से नाता है और उनपर कई केस दर्ज हैं। इस बार फ्लैट बेचने में धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज हुआ है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने और उनकी पत्नी पुष्पा ने महानगर की इंदिरा दर्शन रेजीडेंसी स्थित अपना फ्लैट 60 लाख रुपये में बेचने की डील तय की थी। इस फ्लैट को बेचने के लिए उन्होंने एडवांस बुकिंग के लिए 5 लाख रूपये लिए। बचे हुए पैसे उन्होंने किश्तों में लेने की डील की थी।

### सीतापुर में गुटखा खाने के पैसे नहीं देने पर बेटे ने पिता को पीटकर मार डाला

**सीतापुर।** सीतापुर में सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम किरतापुर में गुटखा खाने का पैसा नहीं देने पर बेटे ने पिता को डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों ने आरोपी पुत्र को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। रिश्ते को कलंकित करने वाली इस घटना के बाद गांव के लोग स्तबध हैं। पुलिस ने अस्पताल से शव पोस्टमार्टम को भेजा है। मामला थाना सकरन क्षेत्र के ग्राम किरतापुर निवासी शत्रोहनलाल (50) पुत्र शिवराम रविवार की रात घर में खाना खा रहे थे। तभी बेटा अखिलेश घर पहुंचा और पिता से गुटखा पान मसाला खाने के लिए पैसे मांगने लगा। पिता ने पान मसाला खाने के लिए पैसे देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि पान मसाला बहुति खाते हो। कैंसर हो जाएगा इससे अखिलेश अपना आपा खो बैठा और पिता पर ताबड़तोड़ डंडे से कई वार कर दिए। शत्रोहन संभल नहीं पाए और वहीं चीखने चिल्लाने लगे। चीखने की आवाज सुनकर गांव वालों ने दौड़कर घायल शत्रोहन को बेटे से छुड़ाया तब तक उसकी हालत बहुत नाजुक हो चुकी थी। गांव वालों ने घटना के संबंध में सकरन पुलिस को सूचना दी और घायल शत्रोहन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रापर्टी के झगड़े में भाई ने भाई की गोली मारकर की हत्या, भीड़ ने जमकर पीटने के बाद किया पुलिस के हवाले



**महाराजगंज।** यूपी के महराजगंज के नौतनवा कस्बे के मालवीय नगर में संपत्ति विवाद को लेकर एक भाई ने अपने ही छोटे भाई को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते हैं घर से बाहर तक भगदड़ मच गई। जिला अस्पताल में घायल कैलाश वर्मा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने जिला अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। सोमवार की सुबह विवाद को लेकर आरोपी ने कैलाश वर्मा को गोली मार दी। गोली लगने से घायल कैलाश जमीन पर गिरकर तड़पने लगा और मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। दूसरी ओर गोली मारकर भाग रहे आरोपी को घर के अन्य लोगों ने पकड़ लिया। इस दौरान मोहल्ले के लोग भी इकट्ठा हो गए और उसकी जमकर पिटाई कर दी। हमलावर भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस हादसे के बाद गोली लगने से खून से लथपथ पड़े शख्स को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे तत्काल जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जबकि घायल हमलावर का इलाज पुलिस की निगरानी में नौतनवा सीएचसी में ही चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय का कहना है कि गोली मारने वाला शख्स पुलिस की हिरासत में है।

## अग्निपथ योजना : बंद का यूपी में कोई असर नहीं, हिंसक प्रदर्शन मामले में अब तक 475 गिरफ्तार

**लखनऊ।** सेना में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में कुछ संगठनों के भारत बंद के आवाहन का उत्तर प्रदेश में कोई असर नहीं दिखा है। हालांकि कुछ जगहों पर युवाओं का विरोध प्रदर्शन देखने को मिला लेकिन वो भी पुलिस को देखकर भाग खड़े हुए। यूपी में अग्निपथ के विरोध में हुई हिंसक घटनाओं के मामले में अब तक कुल 475 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि कुल 39 मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

सोमवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि हमने भारत बंद को देखते हुए जरूरी इंतजाम किए हैं। पीएसई की 141 कंपनियां और सीएपीएफ की 10 कंपनियां तैनात प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक स्थिति नियंत्रण में है और किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उत्तर प्रदेश में बंद का कोई असर नहीं देखा गया है। एडीजी ने आगे कहा कि बीते दिनों



अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदेश में हुई हिंसक घटनाओं के मामले में अब तक 39 केस दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, 475 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 330 को गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भड़काने की कोशिश करने वाले कोचिंग संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### रेल यात्री हुए परेशान

सेना में भर्ती के लिए सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर जगह-जगह प्रदर्शनकारियों द्वारा ट्रेनों में आग लगाने की घटना ने कई ट्रेनों के पहिए जरूर थाम दिए हैं। परिचालन कारणों से उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल से प्रारंभ होने वाली एवं गुजरने वाली 30 रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण किया गया है। लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों को रद कर दिया है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को रेलवे स्टेशन पर तमाम लोग रेलगाड़ियों के आने का इंतजार करते नजर आए। इनमें अधिकांश भट्ठा मजदूर हैं, मजदूरों का मानना है कि बिहार की ओर जाने वाली कोई भी ट्रेन मुरादाबाद से गुजरेगी तो हम उसमें सवार हो जाएंगे।

मंडल रेल प्रशासन सूत्रों ने बताया कि आनंद विहार-दानापुर जनसाधारण, मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति, रक्सौल सद्भावाना, रक्सौल सत्याग्रह, मालदा टाउन, श्रमजीवी, न्यू जलपाईगुड़ी, गरीबरथ, अमृतसर-जयनगर स्पेशल, शहीद, गंगा सतलुज, अर्चना एक्सप्रेस आदि ट्रेनें निरस्त होने से लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

## मौलाना तौकीर रजा पर भी योगी सरकार का शिकंजा

### कई धाराओं में केस दर्ज, हजारों लोगों की भीड़ जुटाने का आरोप

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा पर भी अब योगी सरकार ने शिकंजा कस दिया है।

उनके खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा ने भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया था। उनके खिलाफ बरेली कोतवाली की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि प्रदर्शन के लिए 1500 लोगों की अनुमति दी गई थी। लेकिन आयोजकों ने हजारों की भीड़ बुला ली।

सिटी मजिस्ट्रेट राजीव पांडेय ने आईएमसी के जिलाध्यक्ष फरहत खान और महानगर अध्यक्ष मखदूम बेग के प्रार्थना पत्र पर रविवार 19 जून को प्रदर्शन की अनुमति दी थी। अनुमति में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि 1500 लोगों से ज्यादा की भीड़ इस्लामिया ग्राउंड में नहीं होगी। कोविड-19 का पालन किया जाएगा।

आईएमसी के नेताओं ने अनुमति की शर्तों का उल्लंघन किया। 1500 लोगों के बजाय हजारों की भीड़ बुलाई गई। इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव पांडे की ओर से कोतवाली में आईएमसी जिला अध्यक्ष फरहत खान और महानगर अध्यक्ष मखदूम बेग के खिलाफ धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।


## अग्निपथ योजना युवाओं के लिए बेहतरीन मौका : कठेरिया

इटावा। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध करने वालो को आड़ें हाथो लेते हुए कहा है कि सैन्य बल का हिस्सा बनने के लिये लालयित युवाओं को यह योजना बेहतरीन मौका देने वाली है। प्रो कठेरिया ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार की नीति का विरोध लोकतांत्रिक अधिकार है मगर अधिकार के बहाने हिंसा को कतई उचित नहीं किया जा सकता है। दुनिया के विकसित सभी देशों में इस तरह की पद्धति लागू है ।

## लखनऊ में तेजी से बढ़ रहे कोरोना मरीज, 132 नए पॉजिटिव केस

लखनऊ। कोरोना मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। सोमवार को 132 लोगों में वायरस की पुष्टि हुई है। रोजाना छह से सात हजार लोगों की जांच कराई जा रही है। लगातार मरीजों की संख्या में वृद्धि से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है।सबसे ज्यादा अलीगंज में 25 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। चिनहट में 22 लोग संक्रमित मिले हैं। आलमबाग में 18 लोगों में वायरस मिले हैं। सिल्वर जुबली इलाके में 16, कैंसरबाग 13, रेडक्रास 10 और इंदिरानगर में 5 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक बाहर से आने वालों की जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि मई तक के नमूनों की रिपोर्ट आ चुकी है। जल्द ही जून तक पॉजिटिव आने वालों की रिपोर्ट जल्द आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि अभी कोरोना के नए वैरिएंट



की पुष्टि नहीं हुई है। वायरस के ओमीक्रॉन वैरिएंट की ही पुष्टि हुई है।

#### बरते सावधानी

सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि कुल 18 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। करीब 589 मरीज होम आईसोलेशन में हैं। इनमें 60 फीसदी मरीज बिना लक्षण वाले हैं। बाकी 40 फीसदी मरीज सर्दी-जुकाम और बुखार के हल्के लक्षण वाले हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि वायरस से बचाव के लिए कोविड प्रोटोकाल का पालन करें। मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें। भीड़-भाड़ में जाने से बचें।

## अग्निपथ योजना को लेकर भाजपा पर जमकर बरसे अखिलेश और मायावती

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने सेना में भर्ती संबंधी केंद्र की नई योजना अग्निपथ को लेकर सोमवार को केन्द्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। सपा प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा सरकार का चतुर्दिक विरोध दर्शा रहा है कि भाजपा ने जनाधार खो दिया है। वहीं मायावती ने कहा कि देश की सुरक्षा व फौजी के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान से जुड़ी योजना होने के बावजूद भाजपा नेतागण जिस प्रकार से इस बारे में अनाप-शनाप व अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं वह घोर अनुचित है।

अखिलेश यादव ने सोमवार को ट्वीट किया कि देश के युवाओं में वर्तमान के प्रति निराशा-हताशा और भविष्य के प्रति आशंका-असुरक्षा का भाव, देश के विकास के लिए घातक साबित होता है। सरकारों का दायित्व देश के वर्तमान को सुधारना व भविष्य को संवारना होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा



सरकार का चतुर्दिक विरोध दर्शा रहा है कि भाजपा ने जनाधार खो दिया है। सपा प्रमुख ने एक अन्य ट्वीट में सरकार को सलाह दी कि अग्निपथ की नीति सरकार ने बनायी है अत: सरकार व सत्ताधारी दल के प्रवक्ता किसी और को आगे न करें।

इसी ट्वीट में उन्होंने कहा कि अमीर उद्योगपतियों की आय की सुरक्षा से अधिक जरूरी है देश की सुरक्षा, इसीलिए जो भी बजट कम पड़ रहा है उसके लिए सरकार कॉरपोरेट पर अतिरिक्त कर लगाए परंतु देश की सुरक्षा के साथ समझौता न करें।

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को ट्वीट किया कि केन्द्र की अग्निपथ योजना देश की सुरक्षा व फौजी के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान से जुड़ी है, इसके बावजूद भाजपा नेतागण जिस प्रकार से अनाप-शनाप व अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं वह घोर अनुचित है।

इसी ट्वीट में मायावती ने नसीहत दी कि जनता में भ्रम व सेना के लिए मुश्किलें पैदा करने वाली संकीर्ण राजनीति तुरन्त बंद हों। बसपा प्रमुख ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि देश को अचंभित करने वाली नई सैन्य भर्ती योजना अग्निपथ, सरकार द्वारा नोटबंदी व तालाबंदी आदि की तरह ही, अचानक व काफी आपाधापी में थोपी जा रही है, जिससे प्रभावित होने वाले करोड़ों युवा व उनके परिवार वालों में खासा आक्रोश है। सरकार इनके प्रति भी अहंकारी रवैये से बचे।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने 14 जून को अग्निपथ योजना की घोषणा की जिसके तहत साढ़े 17 साल से 21 साल तक के युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती किया जाएगा और उनमें से 25 फीसदी सैनिकों को अगले 15 और साल के लिए सेना में रखा जाएगा।

हालांकि बाद में सरकार ने 2022 में भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा को बढ़ाकर 23 साल कर दिया। इस नई योजना के तहत भर्ती रंगरूटों को अग्निवीर कहा जाएगा। अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदेश में युवा आंदोलित हैं और रविवार को गृह विभाग की ओर से जारी बयान के मुताबिक प्रदेश में अग्निपथ योजना के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शनों के मामले में राज्य के 14 जिलों में अब तक कुल 34 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जबकि 387 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## सुलतानपुर : पूर्व विधायक चंद्र भद्र सिंह सोनू समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**सुलतानपुर।** पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू मायंग समेत चार लोगों के खिलाफ धनपतगंज थाने में मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है। इससे पहले 23 मई को भी उनके व उनके भाई बाहुबली ब्लॉक प्रमुख यशभद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। हाल ही में जिला प्रशासन ने यशभद्र सिंह को जिला बदर किया है। धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी बैजनाथ निषाद की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बैजनाथ का आरोप है कि पट्टीदार फूलचंद निषाद के घर का पानी उसके घर से बह रहा है। इसे बंद करने के लिए उसने फूलचंद से कहा भी लेकिन उसने सुना नहीं। बैजनाथ ने बताया कि अब हमारे घर पर चंद्रभद्र सिंह सोनू, रोशन सिंह व पप्पू सिंह आ धमके और नाली खुला रखने की



धमकी दिया। पीड़ित ने पूर्व विधायक पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उसे गालिया दी और घर गिरवा देने की धमकी दिया। उसने यह भी आरोप लगाया है कि उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तुम्हें यहां रहने नहीं दूंगा। चूंकि पूर्व विधायक दबंग हैं इसलिए कोई उनके खिलाफ गवाही देने को तैयार नहीं है। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वही पूर्व विधायक ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है. कहा, दबाव में समस्त कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले 23 मई को पूर्व विधायक के परिवार के सदस्य सूर्यभद्र सिंह पुत्र रणभद्र सिंह, मणिभद्र सिंह पुत्र जयभद्र सिंह व भूभद्र सिंह पुत्र भौभद्र सिंह निवासी मायंग ने धनपतगंज थाने में केस दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि पूर्व विधायक दबंग व आपराधिक प्रवृति के व्यक्ति हैं। चंद्रभद्र सिंह से पैतृक पुरानी आबादी व मकान का बंटवारा हो चुका है। बावजूद इसके 19 मई को जमीन पर उनके द्वारा कब्जा किया गया। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें रोका था। शिकायतकर्ताओ ने पूर्व विधायक को गैंगेस्टर अपराधी बताते हुए उन्हें जान का खतरा बताया था।

## चंबल मे पर्यटको ने उठाया राफ्टिंग का लुत्फ

**इटावा।** पांच नदियों के संगम पर आयोजित चंबल कटहल महोत्सव के दौरान पर्यटकों ने जम कर मस्ती की और पहली दफा चंबल मे राफ्टिंग का लुफ्त उठाया।

महोत्सव के दौरान योग के विविध आसन तो कराये ही गये, साथ ही पांच नदियों के अहम सिंध नदी में राफ्टिंग की गई। सिंध नदी की धार राफ्टिंग मुफ़ीद है जो रोमांच से भर देती है। ये पहला मौका था जब नदियों के इस संगम के किनारे कटहल फेस्टिवल का आयोजन हुआ। इस दौरान न सिर्फ कटहल के बारे में, बल्कि कटहल के उत्पादन के बारे में भी लोगों ने जानकारी ली। सुबह योगा कराया गया. कई सैलानी पंचनद के किनारे रात में कैम्पिंग करते हुए रुके भी। चंबल फाउंडेशन चंबल घाटी की सकारात्मक पहचान विश्व के सामने लाने की लगातार कई वर्षों से भागीरथ प्रयास कर रहा है. चंबल की खूबसूरत को



निहारने दूरदराज से सैलानी आ रहे है। चंबल कटहल फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सुमित प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाले वर्षों में इस फेस्टिवल की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देगी. चम्बल के कटहल के लजीज खानों का लुत्फ़ लेने के लिए विदेशी सैलानी खिंचे चले आएंगे. चंबल कटहल फेस्टिवल में कई प्रदेशों से लाए गए कटहलों की प्रदर्शनी लगाई गई. जहां चंबल के बीहड़ में पैदा हुआ सबसे बड़े साइज का कटहल देखने के बाद दर्शकों ने दांतों तले उंगली दबा ली. वहीं, थाईलैंड के रंगीन कटहल ने लोगों में रोमांच भर दिया। विश्व में कटहल की मांग को देखते हुए बीहड़वासियों से इसका पौधा लगाने की अपील की गई. दरअसल ब्रिटिश काल में चम्बल में बड़े पैमाने पर कटहल की खेती होती थी. हत्या जैसे संगीन जुर्म में कटहल के पांच पेड़ों पर जमानत मिल जाती थी. हैरानी की बात है कि चम्बल घाटी में पका कटहल नहीं खाया जाता है. जबकि केला और अनानास के स्वाद जैसा पका कटहल खाने का देश में खूब चलन है।

## राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं का बेहतर प्रशिक्षण जरूरी : डा शर्मा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को जीवन में बेहतर प्रशिक्षण दिया जाना जरूरी है। अगर उन्हे सही दिशा नहीं दिखाई जाएगी तो वे भटक सकते हैं।

डा शर्मा ने सोमवार को आर्यवीर दल के प्रशिक्षण सत्र का उदघाटन करते हुये कहा कि आज कश्मीर जो युवा आतंकी गतिविधियों में लिप्त है उन्हें असल में गोली चलाने जो प्रशिक्षण मिला है उसका वह नकारात्मक प्रयोग कर रहे हैं। ऐसा नहीं हो इसलिए समाज के युवाओं को सही और सकारात्मक



प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है।

उन्होने कहा कि संस्था आर्य समाज सही मायने मे राष्ट्र निर्माण के लिए युवा तैयार कर रही है। आर्य समाज के 300 आर्यवीर तीन लाख युवाओं का सर्वागीण विकास करने में सक्षम हैं। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए। अनवरत परिश्रम करने की प्रवृत्ति तथा उद्देश्य से नहीं भटकने का जज्बा ही व्यक्ति को जीवन में आगे लेकर जाता है।

डा शर्मा ने श्रीराम प्रपत्ति पीठ देवराहा बाबा आश्रम द्वारा बाबा के महासमाधि दिवस पर कहा कि बाबा धरती पर एक ऐसी शख्सियत थे जो ईश्वर से आपका तारतम्य स्थापित कराते थे। आज भी अगर उनका सच्चे मन से स्मरण किया जाए तो आभास होगा कि वे आपके निकट हैं। वे हमारे आदर्श हैं और उनके स्मरण मात्र से ही हमे शक्ति प्राप्त होती है।

## यौमु दुरूद में नूपुर के खिलाफ आक्रोश तो योगी की हुयी तारीफ

बरेली। इत्तिहाद -ए -मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) द्वारा आयोजित यौमे दुरूद में रविवार को बरेली में उमड़े जनसैलाब में पैगंबर मोहम्मद साहब पर विवादित बयान देने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग दोहरायी गयी वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ में कसीदे गढ़े गये।

इस्लामियां कॉलेज मैदान में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच यौमे दुरूद का पाठ शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। इस मौके पर आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा ने कहा हम कितने समय से भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार नहीं सुन रही है क्योंकि हम ट्रेन नहीं जला रहे हैं।

उन्होने कहा हमे योगी आदित्यनाथ सबसे ज्यादा नापसंद थे लेकिन पिछले दिनों उन्होने साबित किया कि वह राजधर्म का पालन कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने टोपियां लगाकर खुराफात करने वालों पर करवाई की थी। इसलिए उनको मुबारकबाद देते हैं। बीते दिनों बरेली के कर्मचारी नगर में एक घटना हुई जिसमे आरोपी ने रेप कर मुसलमानों पर आरोप लगाने का काम किया मगर जिला पुलिस ने सही दोषियों को जेल भेज दिया।

सैन्य भर्ती के लिये अग्निपथ योजना का मखौल उडाते हुये उन्होंने कहा कि अग्निपथ नाम रखा है तो आग तो लगनी ही थी। इस योजना को बंद किया जाना चाहिए।

मौलाना ने कहा कि यौमे दुरूह से पूरी दुनिया में खुशहाली और शांति लाई जा सकती है। उन्होंने कुछ लोगो पर निशाना साधते हुए कहा हमारे यहां ऊँचा नीचा नहीं होता, जब हमारे यहां नमाज होती है तब नमाज के वक्त सभी एक हो जाते है, चाहे पास में खड़ा होने वाला कोई भी काम करता हो, नमाज के वक्त हमारा भाई होता है। उन्होने एलान किया कि अगर बात नहीं सुनी गई भारत के हर सूबे में यह माहौल बनाकर दिखाया जायेगा। सरकार हमारी बात सुनने को मजबूर हो जाएगी।

## रामजन्मभूमि निधि समर्पण में श्री राम मंदिर के लिए दान में मिले 22 करोड़ के चेक बाउंस

एजेंसी

अयोध्या। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से चलाए गये निधि समर्पण अभियान में अब तक कुल 5457.94 करोड़ की धनराशि एकत्र हो चुकी है। हालांकि यह संख्या अभी अंतिम नहीं है क्योंकि जिलावार आडिट का काम अभी पूरा नहीं हो सका है।

फिलहाल अखिल भारतीय स्तर से निधि समर्पण अभियान की मानीटरिंग कर रही टीम की गणना में एक टेन्टिव रिपोर्ट सामने आई है। इसके अनुसार श्रीराम मंदिर के लिए दान करने वालों में लगभग 22 करोड़ के कई चेक ऐसे हैं जो बाउंस हो गये हैं।

इन्हें अलग करते हुए एक दूसरी रिपोर्ट बनाई जा रही है।

रिपोर्ट के जरिए चेक बाउंस होने के कारणों का पता लगेगा। तकनीकी कारणों से बाउंस होने वाले चेक को बैंक के साथ बैठक करके दोबारा रिप्रेजेंट किया जाएगा। इस रिपोर्ट के मुताबिक कूपनों व रसीद के जरिए 2253.97 करोड़ की निधि एकत्र हुई। इसी तरह से डिजिटल माध्यमों से 2753.97 करोड़ व एसबीआई-पीएनबी व बीओबी के बचत खातों में करीब 450 करोड़ की धनराशि एकत्र हुई है।

ट्रस्ट की ओर से निधि समर्पणके दस, सौ व एक हजार के कूपन छपवाए गये थे। इसके अलावा इससे अधिक की धनराशि के लिए रसीदों का प्रयोग किया गया। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट में बताया गया कि दस रुपये के कूपन से 30.99 करोड़, सौ रुपये के कूपन से 372.48 करोड़ व एक हजार के कूपन से 225.46 करोड़ व रसीदों के जरिए 1625.04 करोड़ की निधि एकत्र हुई। इस प्रकार कुल राशि 2253.97 करोड़ हुई।

## शार्ट न्यूज

### रुपया सात पैसे चढ़ा

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के नरम पड़ने और घरेलू स्तर पर शेयर बाजार के हरे निशान में आने से मिले समर्थन के बल पर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सात पैसे की मजबूती के साथ 77.98 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र में रुपया 78.05 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 77.98 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 78.03 रुपये प्रति डॉलर के निचले और 77.88 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में सात पैसे की मजबूती लेकर 77.98 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

### सोना स्थिर, चाँदी में मामूली बढ़त

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातुओं में रही नरमी के बीच आज घरेलू स्तर पर सोना लगभग स्थिर रहा जबकि चाँदी में मामूली बढ़त दर्ज की गयी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 0.03 प्रतिशत उतरकर 1838.79 डॉलर प्रति औंस पर और अमेरिका सोना वायदा 1835.60 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा। इस दौरान चाँदी हाजिर 0.23 प्रतिशत उतरकर 21.60 डॉलर प्रति औंस बोली गयी। घरेलू स्तर पर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 50835 रुपये प्रति दस ग्राम पर और सोना मिनी 50825 रुपये प्रति दस ग्राम पर लगभग स्थिर रहा। इस बीच चाँदी 19 रुपये की बढ़त के साथ 60956 रुपये प्रति किलोग्राम पर और चाँदी मिनी 22 रुपये बढ़कर 61280 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### कैनन का एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च

नयी दिल्ली। इमेजिंग कंपनी कैनन इंडिया ने नई दिल्ली में अपना एक्सपीरियंस सेंटर खोला है, जहां पर वह अपने नेटवर्क वीडियो सर्वियलेंस (एनवीएस) व्यवसाय के तहत उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला का प्रदर्शन करेगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस लॉन्च के साथ उसका उद्देश्य एंड-टू-एंड सर्वियलेंस समाधान प्रदाता और सिस्टम्स इंटीग्रेटर बनना है, जो सीसीटीवी सर्वियलेंस, एक्सेस कंट्रोल, पब्लिक एड्रेसिंग, एवं वीडियो एनालिटिक्स में कंसलटैंसी व सेवाएं प्रदान करे और संपूर्ण नेटवर्किंग एवं सर्वियलेंस लाईफ साईकल का समाधान दे। भारत में एडवांस्ड वीडियो सॉल्यूशंस को मजबूत करने के लिए, कैनन उद्योग में सर्वियलेंस के क्षेत्र में काम करने वाले अग्रणी दिग्गजों – एक्सिस, माईलस्टोन, और बीसीडी को एक ही छत के नीचे लाया है, ताकि इसका एनवीएस उत्पाद पोर्टफोलियो और ज्यादा मजबूत बन सके। राजधानी के कनॉट प्लेस में स्थित इस सेंटर द्वारा ग्राहक कैनन की एनवीएस प्रस्तुतियों जैसे नेटवर्क कैमरा, आईपी ऑडियो स्पीकर, एक्सेस कंट्रोल समाधानों, वीडियो मैनेजमेंट एवं वीडियो एनालिटिक्स की श्रृंखला का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

### अमेजन की वार्डरोब रिफ्रेश सेल

नयी दिल्ली। अमेज़न फैशन की वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल कुछ पसंदीदा फैशन और ब्यूटी ब्रांडों की वाइड रेंज में अमेजिंग डील के साथ वापस आ गई है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वार्डरोब रिफ्रेश सेल 22 जून तक चलेगी जिसमें ग्राहकों को 80 फीसदी तक की छूट मिल सकती है। यह छूट फैशन और ब्यूटी कैटेगरियों में दी जा रही है, जिनमें कपड़े, घड़ियां, फैशन एवं कीमती गहने, हैंडबैग, लगेज एवं बैकपैक्स, मेकअप, स्किन केयर, हेयरकेयर, बॉथ एंड बॉडी, इत्यादि शामिल हैं। इस वार्डरोब रिफ्रेश सेल में अमेज़ॅन फैशन पर उपलब्ध अन्य के साथ एलन सोली, यूएसपीए, बीबा, वेरो मोडा, एडिडास, प्यूमा, क्रोक्स, मेबेलिन, लैक्मे, सिंबल, अमेरिकन टूरिस्टर, फास्टट्रैक, शाइनिंग दिवा, चुंबक, शॉपर्स स्टॉप, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, बोर्ज, और हिडिजाइन सहित भारत के सबसे पसंदीदा और प्रसिद्ध फैशन और ब?यूटी ब्रांडों के 3 लाख से अधिक स्टाइल उपलब्ध है।

### आयकर छापेमारी : तीन करोड़ की नकदी और 2.5 करोड़ के आभूषण जब्त

नयी दिल्ली। आयकर विभाग द्वारा चेन्नई में एक प्रमुख औद्योगिक समूह पर की गयी छापेमारी में अब तक 3 करोड़ रुपये की अघोषित नकदी और 2.5 करोड़ रुपये के बेहिसाब सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। आयकर विभाग ने आईएमएफएल, लॉजिस्टिक्स (रसद), आतिथ्य और मनोरंजन आदि क्षेत्र के व्यवसाय में संलग्न चेन्नई स्थित एक प्रमुख औद्योगिक समूह के खिलाफ 15 जून को छापामारी और जब्ती अभियान संचालित किया। इसके तहत चेन्नई, विल्लुपुरम, पुडुचेरी, कोयंबटूर और हैदराबाद में स्थित 40 से अधिक परिसरों में छापामारी की गई। इस छापामारी अभियान के दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं। इस तरह के सबूतों के विश्लेषण से संकेत मिलता है कि कर निर्धारिती समूह ने विभिन्न व्यवसायों के लेखा खातों में गैर-वास्तविक खरीद बिलों को डेबिट करके बड़े पैमाने पर 400 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी की है। ये गैर-वास्तविक खरीद बिल या तो इसके नियमित सामग्री आपूर्तिकर्ताओं से या फिर समायोजन प्रविष्टि प्रदाताओं प्राप्त किए गए थे। इस अभियान में जब्त किए गए साक्ष्यों से यह भी पता चला है कि सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को चेक के माध्यम से किए गए भुगतान को बेहिसाब निवेश करने के लिए और अन्य उद्देश्यों के लिए नकद में वापस प्राप्त किया गया है। यह समूह भारत से अपने अंतरराष्ट्रीय होटलों की श्रृंखला के बैक-ऑफिस परिचालन को नियंत्रित करता हुआ भी पाया गया है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम 30 वें दिन भी स्थिर

**नयी दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे लगातार 30 वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमश: 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने मई महीने के अंतिम सप्ताह में आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमश: आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से क्रमश: 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में ऊतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड सोमवार को मामूली 0.01 प्रतिशत की बढ़त लेकर 113.13 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 109.73 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### 14 महीने में ही 1 लाख रुपये के बन गए 39 लाख रुपये, अब मिलेगा बोनस शेयर

नई दिल्ली। एक स्मॉल कैप कंपनी के शेयरों ने पिछले 14 महीने में ही लोगों को मालामाल कर दिया है। यह कंपनी ईकेआई एनर्जी सर्विसेज है। कंपनी के शेयर इस पीरियड में 162 रुपये से 6000 रुपये के पार पहुंच गए हैं। ईकेआई एनर्जी सर्विसेज के शेयरों ने 3500 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। कंपनी अब अपने निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है, इसके लिए ईकेआई एनर्जी सर्विसेज ने रिकॉर्ड डेट फिक्स कर दी है। ईकेआई एनर्जी सर्विसेज 3:1 के रेशियो में बोनस शेयर दे रही है। कंपनी ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 1 जुलाई 2022 फिक्स की है। वहीं, बोनस इश्यू की एक्स-डेट 30 जून 2022 है। ईकेआई एनर्जी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 12,599.95 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो-लेवल 623.50 रुपये है। ईकेआई एनर्जी का मार्केट कैप 4387 करोड़ रुपये है। ईकेआई एनर्जी सर्विसेज के शेयरों ने पिछले 14 महीने से कुछ ज्यादा समय में निवेशकों को ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 9 अप्रैल 2021 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 162.05 रुपये के स्तर पर थे, जो कि 20 जून 2022 को 6390 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयरों ने इस पीरियड में 3843 फीसदी का रिटर्न निवेशकों को दिया है। अगर किसी निवेशक ने 9 अप्रैल 2021 को ईकेआई एनर्जी सर्विसेज के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 39.43 लाख रुपये होता।

## सेंसेक्स तेजी जबकि छोटी और मझौली कंपनियों में हुयी बिकवाली

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय स्तर से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, और टीसीएस जैसी दिग्गज कंपनियों में हुयी लिवाली के बल पर सेंसेक्स छह दिनों के बाद हरे निशान में लौटने में सफल रहा लेकिन छोटी और मझौली कंपनियों में भारी बिकवाली देखी गयी जिससे शेयर बाजार की तेजी कुछ मंद रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 237.42 अंकों की तेजी के साथ 51597.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 56.65 अंकों की बढ़त के साथ 15350.15 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में लिवाली से जहां सेंसेक्स को बढ़त हासिल करने में मदद मिली वहीं छोटी और मझौली कंपनियों में जमकर बिकवाली की गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 1.95 प्रतिशत उतरकर 20999.37 अंक पर और स्मॉलकैप 2.95 प्रतिशत गिरकर 23422.16 अंक पर रहा।

बीएसई में कुल मिलाकर 3578 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2725 को नुकसान हुआ जबकि 689 बढ़त हासिल करने में सफल रही। इस दौरान 164 कंपनियां उतार चढ़ाव के बीच स्थिर रही।

बीएसई में शामिल अधिकांश समूह लाल निशान में दिखे जिसमें धातु में सबसे अधिक 4.46 प्रतिशत की गिरावट रही। इसी तरह से तेल एवं गैस में 3.48 प्रतिशत, एनर्जी में 3.26 प्रतिशत, बेसिक मटेरियल्स में 2.30 प्रतिशत और कैपिटल गुड्स में 2.14 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई में शामिल मात्र चार समूह ही बढ़त में रहा जिससे सेंसेक्स हरे निशान में रहा। इसमें एफएमसीजी 1.21 प्रतिशत, वित्त 0.32 प्रतिशत, सीडी 0.41 प्रतिशत और हेल्थकेयर 0.17 प्रतिशत शामिल है।



वैश्विक स्तर पर यूरोपीय बाजार में तेजी रही जबकि एशियाई बाजार मिश्रित रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.99 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.31 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.42 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 0.74 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत उतर गया।

बीएसई का सेंसेक्स 110 अंकों की तेजी के साथ 51470.03 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही सेंसेक्स ने बढ़क को गंवाकर 51062.93 अंक के निचले स्तर तक उतरा लेकिन इसके बाद फिर से लिवाली शुरू हुयी।

उतार चढ़ाव के बीच सत्र के अंतिम समय में यह लिवाली के बल पर 51714.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 51360.42 अंक की तुलना में 237.42 अंक अर्थात 0.46 प्रतिशत बढ़कर 51597.84 अंक पर रहा।

एनएसई का निफ्टी 41अंकों की बढ़त के साथ 15334.50 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 15191.10 अंक के निचले स्तर तक टूटा लेकिन लिवाली के बल पर यह 15382.50 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह पिछले दिवस के 15293.50 अंक की तुलना में 0.37 प्रतिशत अर्थात 56.65 अंक बढ़कर 15350.15 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 27 हरे निशान में और 23 लाल निशान में रही।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 17 हरे निशान में और 13 लाल निशान में रही। बढ़त में रहने वालों में एचडीएफसी 3.97 प्रतिशत, हिन्दुस्तान यूनिलवर 3.95 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 2.96 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 2.96 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 2.47 प्रतिशत, विप्रो 2.30 प्रतिशत, इंफोसिस 1.95 प्रतिशत, नेस्ले इंडिया 1.68 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.47 प्रतिशत, सन फार्मा 1.44 प्रतिशत, टाइटन 1.40 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 0.82 प्रतिशत, टीसीएस 0.78, कोटक बैंक 0.27प्रतिशत, डॉ रेड्डीज 0.23 प्रतिशत, आईटीसी 0.23 प्रतिशत और एचसीएलटेक 0.11 प्रतिशत शामिल है।

गिरावट में रहने वालों में टाटा स्टील 5.03 प्रतिशत, इंड्सइंड बैंक 2.92 प्रतिशत, एनटीपीसी 2.17 प्रतिशत, रिलायंस 1.80 प्रतिशत, पावरग्रिड 1.56प्रतिशत, महिंद्रा 1.54प्रतिशत, स्टेट बैंक 1.53 प्रतिशत, एल टी 1.23 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.20 प्रतिशत, मारूति 0.40 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 0.39 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 0.38 प्रतिशत और एयरटेल 0.36 प्रतिशत शामिल है।

## रोका ने इन्सिग्निया एवरलक्स फॉसेट कलेक्शन लॉन्च किया

नयी दिल्ली। देश की जानी-मानी कंपनी रोका बाथरूम प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने ब्रांड न्यू रोज गोल्ड फिनिश में इन्सिग्निया एवरलक्स फॉसेट कलेक्शन के लिए बिल्कुल नया रोज गोल्ड फिनिश लॉन्च किया।

रोका बाथरूम प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केई रंगनाथन ने क्लासिक डिजाइन की लॉन्चिंग पर कहा, रोका में, हम ऐसे डिजाइंस बनाने में यकीन करते हैं जो हमारे ग्राहकों के बाथ स्पेस को बेहतर बनाते हैं और जीवन को लेकर उनके दृष्टिकोण को पूरा करते हैं। बनावट और रंगों के मामले में हमारे प्रॉडक्ट्स टॉप क्वालिटी और अनेक विकल्प प्रदान करते हैं। हमारा नया प्रॉडक्ट हमारे ग्राहकों को उनके सपनों का स्नानघर चुनने और उसको बनाने के लिए और अधिक विकल्प देते हैं। रोज गोल्ड फिनिश अपने साथ क्लास और सोफिस्टिकेशन के साथ एक मजबूत और खूबसूरत सेंस ऑफ डिज़ाइन लेकर आया है। हमारा अपना, एवरलक्स ट्रीटमेंट यह सुनिश्चित करता है कि यह प्रॉडक्ट आने वाले कई वर्षों तक आपके बाथ स्पेस को बेहतर बनाता रहे। आपके साथ अपनी लेटेस्ट ऑफरिंग्स शेयर करने को लेकर हम एक्साइटेड हैं। उन्होंने कहा कि नए फॉसेट्स में रोका की एवरलक्स टेक्नोलॉजी के फीचर मौजूद हैं जो फिटिंग्स को रगड़ या खरोंच और इंपैक्ट रेजिस्टेंट बनाकर उसको टिकाऊ बनाते है। पॉवरफुल एवरलक्स कोटिंग उसकी मजबूती को बढ़ाने साथ ही फॉसेट्स की चमक और खूबसूरती बनाए रखने में मदद करती है। नई फिटिंग्स ग्लॉस और मैट फ़िनिश दोनों विकल्पों में उपलब्ध होगी। इसके निर्माण में किसी तरह के हानिकारक रसायन का इस्तेमाल नहीं किया गया है जो इसके बनाने की प्रक्रिया को ईको-फ्रेंडली बनाता है।

रंगनाथन ने कहा रोज गोल्ड डिजाइन अपने साथ बेसिन मिक्सर, हाई नेक बेसिन मिक्सर, बिल्ट-इन बेसिन मिक्सर, बाथ शावर मिक्सर, थर्मोस्टैटिक डायवर्टर, शावर्स और शॉवर एसेसरीज- हेड शावर, हैंड शॉवर और शॉवर आर्म के साथ ही कुछ कॉम्प्लीमेंट्री प्रॉडक्ट्स जैसे हेल्थ फॉसेट्स और एंगल वॉल्व्स जैसे प्रॉडक्ट्स की एक सीरीज पेश करता है। उन्होंने कहा कि रोज गोल्ड के अलावा, रोका टाइटेनियम ब्लैक, ब्रश्ड ब्लैक और गोल्ड जैसे फिनिश भी ऑफर करता है। रोका के इन्सिग्निया कलेक्शन को प्रतिष्ठित आईएफ अवार्ड भी मिल चुका है।

### 305 रुपये पर जाएगा इस कंपनी का शेयर! अभी 177 का है एक शेयर, एक्सपर्ट ने दी बाय रेटिंग

नई दिल्ली। अपोलो टायर्स के शेयर हाल में अक्टूबर 2021 के हाई लेवल से 30 प्रतिशत से अधिक गिर गए हैं। हालांकि, एक्सपर्ट इसे खरीदारी का शानदार मौका बता रहे हैं। एनालिस्ट्स की मानें तो यह स्टॉक तेजी से आगे बढ़ेगा। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने इस स्टॉक पर 305 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है और इस पर अपनी बाय रेटिंग दी है। NSE पर सोमवार को कंपनी के शेयर 177.70 रुपये पर बंद हुए हैं। ब्रोकरेज हाउस ने कहा कि कंपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल कर रही है। EU वर्तमान में 85 प्रतिशत उपयोग स्तरों पर काम कर रहा है। उम्मीद है कि हंगरी प्लांट से अवरोध हटाने की कवायद के साथ उत्पादन में सुधार होगा। मोतीलाल ओसवाल का यह भी मानना है कि अपोलो टायर्स एक मजबूत प्रतिस्पर्धी स्थिति के साथ-साथ ट्रक/बस रेडियल टायर) टीबीआर और यात्री कार रेडियल (पीसीआर) में मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) में मजबूत रिकवरी करेगा। मोतीलाल ओसवाल ने अपने नोट में लिखा है, अपोलो टायर्स भारत और यूरोप से मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता के साथ विकास के अगले चरण के लिए तैयार है।

### हवाई जहाज खरीदने की सबसे बड़ी डील करने की तैयारी में एयर इंडिया



नई दिल्ली। जब से एयर इंडिया का मालिकाना हक फिर से टाटा के पास आया है तभी इसके स्वरूप को बदलने को लेकर बड़ी कवायद चल रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार अगले कुछ साल के अंदर एयर इंडिया अपने बेड़े में 300 नए जहाज जोड़ने की तैयारी में है। अगर यह प्लान सफल हुआ तो हवाई सफर के महाराजा के साथ यात्रा का मजा दोगुना हो जाएगा। इस पूरी डील पर नजर बनाए रखने वाले व्यक्ति के अनुसार इस पूरी खरीद के लिए टाटा समूह 40.5 अरब डॉलर रुपये खर्च करेगी। अगर सबकुछ ठीक से हुआ तो यह एविएशन सेक्टर की सबसे बड़ी डील में से एक होगी। कोविड-19 के पहले भारत दुनिया का सबसे तेजी के साथ आगे बढ़ रहा एविएशन मार्केट था। इस बाजार को ध्यान में रखते हुए एयर इंडिया की तरफ से इतना बड़ा दांव लगाया जा रहा है। इस पूरी डील पर नजर बनाए रखने वाले व्यक्ति के अनुसार, अब समय नहीं बचा है। एयरलाइन को जल्दी से यह काम करना होगा। इस पूरे ऑर्डर के जरिए 70 प्रतिशत छोटे विमान और 30 प्रतिशत बड़े विमान मंगाए जाने हैं। इसमें से एयर बस और बोइंग दोनों शामिल है।

## सरसों और सूरजमुखी तेल में भारी गिरावट, गुड में तेजी जारी

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजार में टिकाव के बीच स्थानीय स्तर पर नयी फसल के आने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों 1852 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 366 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया।

इस दौरान मांग आने से उड़द दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल उबज गया। आवक घटने के कारण गुड़ भी 25 रुपये प्रति क्विंटल गरम हो गया जबकि चीनी में टिकाव देखा गया।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 154 रिंगिट लुढ़ककर 6000 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अमेरिकी सोया तेल का जून वायदा 0.07 सेंट की गिरावट लेकर 79.51 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान सरसों तेल 1852 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 366 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया।

पॉम ऑयल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले दिवस के स्तर पर टिके रहे।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में मिश्रित रूख दिखा जहां चीनी स्थिर रहा जबकि गुड़ 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में लगभग स्थिरता रही। इस दौरान उड़द दाल 50 रुपये महंगी हो गयी जबकि चना, चना दाल, मूंग दाल, मसूर दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव स्थिर रहे।

#### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे

दाल-दलहन : चना 4500-4550,दाल चना 5500-5600, मसूर काली 8500-8600, मूंग दाल 8200-8300, उड़द दाल 9650-9750, अरहर दाल 8200-8300 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2270-2370 रुपये और चावल : 2500-2600 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3580-3690, चीनी एम. 3700-3800, मिल डिलीवरी 3460-3560 और गुड़ 3675-3775 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 16316 रुपये, मूंगफली तेल 20330 रुपये, सूरजमुखी तेल 20879 रुपये, सोया रिफाइंड 17363 रुपये, पाम ऑयल 16264 रुपये और वनस्पति तेल 17289 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## आईआईएमसी में प्रवेश के लिए अब 4 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

नई दिल्ली। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) में पांच पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 जून से बढ़ाकर 4 जुलाई कर दी गई है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट https://cuet.nta.nic.in/ पर उपलब्ध हैं। आईआईएमसी में इस वर्ष कॉमन यूनिवर्सिटीज एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी पीजी) 2022 के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। अंग्रेजी पत्रकारिता, हिंदी पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, रेडियो एवं टेलीविजन पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया में पीजी डिप्लोमा में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को सीयूईटी पीजी परीक्षा देनी होगी। प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में होगा। परीक्षा में सामान्य ज्ञान और मीडिया एवं संचार के क्षेत्र से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।




आईआईएमसी के डीन (अकादमिक) एवं प्रवेश प्रभारी प्रो. गोविंद सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने cuet का पहले फॉर्म भर दिया था और आईआईएमसी का चुनाव नहीं किया था, ऐसे विद्यार्थी 6 से 8 जुलाई के बीच करेक्शन विंडो खुलने पर भारतीय जन संचार संस्थान का विकल्प चुन सकते हैं।

प्रो. सिंह ने बताया कि ओड़िया, मराठी, मलयालम और उर्दू पत्रकारिता में डिप्लोमा कोर्स करने के लिए अलग से परीक्षा का आयोजन आईआईएमसी द्वारा किया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों के लिए एप्लीकेशन फॉर्म आईआईएमसी की आधिकारिक वेबसाइट www.iimc.gov.in पर उपलब्ध हैं।

#### कौन कर सकता है आवेदन

जिन विद्यार्थियों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री है, वे आईआईएमसी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। जो छात्र अपनी स्नातक की डिग्री के अंतिम वर्ष या सेमेस्टर परीक्षा में शामिल हुए हैं या हो रहे हैं, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं। चयन होने पर ऐसे विद्यार्थियों को 30 सितंबर 2022 तक अपनी प्रोविजनल मार्कशीट या सर्टिफिकेट की मूल प्रति जमा करानी होगी। इन विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूरा होने पर केवल तभी डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा, जब आईआईएमसी के कार्यालय में सत्यापन के लिए वे मूल डिग्री प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

#### ये होगी आयु सीमा

सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों का जन्म 1 अगस्त 1997 को या उसके बाद (1 अगस्त, 2022 को अधिकतम 25 वर्ष) होना चाहिए। ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए जन्म तिथि 1 अगस्त 1994 या उसके बाद (1 अगस्त 2022 को अधिकतम 28 वर्ष) की होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए जन्म तिथि 1 अगस्त 1992 या उसके बाद (1 अगस्त, 2022 को अधिकतम 30 वर्ष) की होनी चाहिए।

#### जानकारी के लिए ऐसे करें संपर्क

प्रो. सिंह के अनुसार किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विद्यार्थी अकादमिक विभाग, भारतीय जन संचार संस्थान, अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा दूरभाष नंबर 011-26742920, 26742940, 26742960 (एक्सटेंशन 233) पर भी संपर्क किया जा सकता है। मोबाइल नंबर 9818005590 के माध्यम से भी आवेदनकर्ता जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर विद्यार्थी व्हाट्सएप के द्वारा जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं, तो मोबाइल नंबर 9871182276 पर संदेश भेज सकते हैं।

## वेदांता के शेयरों में बड़ी गिरावट

नई दिल्ली। वेदांता के शेयरों में आज सुबह से ही लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर NSE में 15 प्रतिशत नीचे आकर 52 सप्ताह के न्यूनतम स्तर 224 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे। कंपनी के शेयरों में गिरावट की बड़ी वजह कंपनी के द्वारा तमिलनाडु में बंद पड़े कॉपर प्लांट के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट मंगाया जाना है। सरल शब्दों में कहा जाए तो कंपनी इस प्लांट को बेचने जा रही है।

#### क्यों बिक रहा है प्लांट?

कंपनी का यह विवादित प्लांट मई 2018 से बंद है। प्लांट के खिलाफ काफी प्रदर्शन हुआ था। इस प्लांट पर पर्यावरण के नियमों को ना मानने का आरोप है। लेकिन कंपनी अपने ऊपर लगने वाले सभी आरोपों को खारिज करती रही है। कंपनी तमिलनाडु राज्य सरकार के द्वारा प्लांट बंद करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

हालांकि, इस पूरे मसले पर सर्वोच्च न्यायालय कब सुनवाई करेगा यह स्पष्ट नहीं है। बता दें, इस कंपनी पर मालिकाना अरबपति उद्योगपति अनिल अग्रवाल के पास है।

#### 5 हजार से अधिक लोग कर रहे थे नौकरी

जब यह प्लांट बंद हुआ तब इसमें 5 हजार से अधिक कर्मचारी काम कर रहे थे।

वहीं, 25,000 से अधिक लोगों को इसके जरिए अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला था। वहीं, इस प्लांट का भारत के कॉपर उत्पादन 40 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। कंपनी की तरफ इस प्लांट के लिए बोली 4 जुलाई शाम 6 बजे तक मंगाई गई है।

#### क्या है अनिल अग्रवाल का आगे का प्लान

अरबपति उद्योगपति अनिल अग्रवाल ने मार्च 2021 में कहा था कि वो राज्य सरकार के साथ 100 अरब रुपये का प्लांट लगाना चाहते हैं। कंपनी का दावा है कि इसके जरिए 10 हजार लोगों को नौकरी मिलेगी। साथ ही तब कंपनी की तरफ से कहा गया था कि उसे पोर्ट के नजदीक 1 हजार एकड़ जमीन की तलाश है।

#### पिछले एक महीने में 28 प्रतिशत तक गिरे शेयर के भाव

20 मई 2022 को कंपनी के शेयर की कीमत 314.40 रुपये थी। लेकिन तब से अबतक यानी इस एक महीने के दौरान यह 90 रुपये प्रति शेयर घटकर 223.20 रुपये के लेवल पर आ गई है। इस साल के शुरुआत में जिस किसी निवेशक ने दांव लगाया होगा वह अभी नुकसान ही उठा रहा होगा।

## भारत आर्थिक चुनौतियों से निपटने को लेकर बेहतर स्थिति में, काबू में आएगी महंगाई : वित्त मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने आज सोमवार को मंथली इकोनॉमी रिव्यू पर भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर कई अहम बातें कही हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि जहां एक तरफ बाकी दुनिया में अर्थव्यवस्था अधिक जोखिम में है वहीं, दूसरी तरफ भारत में इसका जोखिम अभी भी कम है। भारतीय अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाने के लिए कई अहम कार्य किए जा रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि दुनिया भर की एजेंसियों ने पहले ही कमोडिटी की बढ़ती कीमतों, सप्लाई चेन की बाधाओं और मोनेटरी राहत वापस लेने जैसे अन्य कारणों के चलते ग्लोबल आर्थिक विकास की धीमी गति से चलने का अनुमान लगाया है। इस क्रम में भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ काफी बेहतर है।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने हाल ही में रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि का ऐलान किया। रेपो दर को 4.9त्न तक ले जाना और सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क में कटौती, सीमा शुल्क के युक्तिकरण, लक्षित वर्गों के लिए बढ़ी हुई सब्सिडी, कारोबार नीति में बदलाव समेत कई अहम फैसले लिए गए। मई 2022 की मासिक आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक विकास को कम करते हुए मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने की उम्मीद है। इस वित्त वर्ष के दौरान विकास की गति को बनाए रखने, महंगाई को कंट्रोल करने, राजकोषीय घाटे को बजट के भीतर रखने और एक्सचेंज रेट को इकोनॉमी के बाहरी फंडामेंटल के अनुरूप बनाए रखने के बीच बैलेंस कायम रखना नीति निर्माण के लिए चुनौती है।

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में आरबीआई ने बढ़ती महंगाई को काबू में लाने के लिए प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.9 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले, चार मई को आरबीआई ने अचानक से रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि की थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत किया। पहले मुद्रास्फीति 5.7 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान लगाया गया था। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसके मुताबिक, ''दुनिया के कई देश खासकर विकासशील देश इसी प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। भारत उनमें अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। इसका कारण वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता और कोविड टीकाकरण की सफलता है जिससे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को खोला जा सका है।''

## शार्ट न्यूज

### मिताली राज पर बनी बायोपिक 'शाबाश मितु' का ट्रेलर रिलीज

मुम्बई। पिछले दिनों क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान व दिग्गज क्रिकेटर मिताली राज के ऊपर बनी बायोपिक शाबाश मितु का ट्रेलर आउट हो गया है। यह फिल्म 15 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। तापसी पन्नू अभिनीत इस फिल्म को लेकर दर्शकों के साथ-साथ खेल जगत में भी खूब उत्सुकता बनी हुई है। 20 जून को वायकॉम 18 द्वारा जारी किए गए फिल्म के आधिकारिक ट्रेलर के बाद, सोशल मीडिया यूजर्स के लिए शाबाश मितु चर्चा का विषय बन गई है। ट्रेलर रिलीज के कुछ घंटे के अंदर ही इसे लगभग 20 लाख लोग देख चुके हैं। वहीं, इंडियन वीमेन क्रिकेट टीम की बल्लेबाज मोना मेशराम ने भी फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की है। उन्होंने स्वदेशी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफार्म कू ऐप पर फिल्म का ट्रेलर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, इसे फिल्म में देखने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती.. ट्रेलर बहुत ही आशाजनक है। उम्मीद है कि दीदी की जिंदगी की तरह फिल्म भी काफी दिलचस्प और दमदार होगी। टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यदि आपने इसे अभी तक नहीं देखा है, तो यहां देखें। इस फिल्म के डायरेक्टर श्रीजीत मुखर्जी हैं और इसकी कहानी प्रिया एवेन ने लिखी है। शाबाश मितु भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज की जिंदगी पर आधारित एक फिल्म है। देश की लाखों युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा मिताली के जीवन को अब इस बायोपिक के जरिये बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। मिताली एक इवेंट में कह चुकी हैं कि उन्हें इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

### टेस्ट क्रिकेट में 11 साल पूरे होने पर विराट कोहली ने अनलॉक किया अपना लैपटॉप

नयी दिल्ली। आज ही के दिन 11 साल पहले 20 जून को विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला मैच खेला था। दाएं हाथ के बल्लेबाज कोहली ने किंगस्टन, जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में टेस्ट डेब्यू किया था। आज इस मौके पर पूरे 11 साल बाद, कोहली ने अपने लैपटॉप को अनलॉक करके बेहद खास फोल्डर को सार्वजनिक रूप से ओपन किया और भारतीय बल्लेबाजी की यादों को साझा किया है। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में बहुत ही सफल कप्तानी थी। टेस्ट में 11 साल पूरे करने के बाद, कोहली ने सोमवार को स्वदेशी सोशल मीडिया मंच कू ऐप पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें टेस्ट क्रिकेट के अपने सभी प्रमुख पल शामिल किए हैं। 33 वर्षीय कोहली ने अपने करियर में अब तक 101 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 49.95 के औसत से 8,043 रन बनाए हैं। इसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 254 रन रहा है। हालांकि, कोहली हाल में फॉर्म में गिरावट के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स में डे-नाइट टेस्ट में शतक बनाया था। कोहली ने इस साल जनवरी में दक्षिण अफ्रीका में 1-2 से सीरीज हारने के बाद भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया था।

### हॉलैंड बना प्रो लीग हॉकी चैंपियन, भारत को तीसरा स्थान

रोटरडम। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग हॉकी खिताब जीतने की उम्मीद रविवार को यहां दो चरण के मुकाबले के दूसरे मैच में हॉलैंड के खिलाफ 1-2 की हार के साथ टूट गई। भारत को शनिवार को पहले मैच में भी हॉलैंड से शूट आउट में 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी जबकि 60 मिनट के नियमित समय के बाद दोनों टीम 2-2 से बराबरी पर थी। खिताब जीतने की मामूली उम्मीद बरकरार रखने के लिए भारत को हॉलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने की जरूरत थी लेकिन भारतीय टीम को कामयाबी नहीं मिली । हॉलैंड ने 14 मैच में 35 अंक के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता जबकि अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। ओलिंपिक चैंपियन बेल्जियम की टीम 16 मैच में 35 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि भारत ने 16 मैच में 30 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और 30 सेकंड के भीतर ही अभिषेक के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। अभिषेक ने दाएं छोर से गेंद को कब्जे में लिया और चार डिफेंडर को पछाड़ने के बाद हॉलैंड के गोलकीपर मॉरिट्ज वाइसर को छकाकर गोल दाग दिया।हॉलैंड ने हालांकि सातवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जिप जेनसेन के गोल से बराबरी हासिल कर ली। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम हॉलैंडऔर चौथे नंबर की टीम भारत के बीच बराबरी के बाद कड़ा मुकाबला हुआ। हॉलैंड को 11वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने नाकाम कर दिया।

### जयवर्धन नैनी की शानदार पारी से आरकेबी अकादमी फ़ाइनल में

नयी दिल्ली। स्वर्गीय श्रीमती इंद्राणी शर्मा मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच जयवर्धन नैन (75) की शानदार बल्लेबाजी और मोक्ष आनंद (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी ने आरकेबी क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से यॉर्क क्रिकेट क्लब के खिलाफ जीत दिलाई और फ़ाइनल में पहुंचा दिया । संक्षिप्त स्कोर: यॉर्क क्रिकेट क्लब: 39.3 ओवर में 212: अभिषेक चहल 61 (75 बॉल, 7म4, 2म6); मोक्ष आनंद (3/24)। आरकेबी क्रिकेट अकादमी: 37 ओवर में 213/5~जयवर्धन नैन 75 (59 बॉल, 8म4, 4म6); दीपांशु (2/36)

### इंग्लैंड टेस्ट के लिए तैयार हैं कोच द्रविड़

बेंगलुरु। 2021 में शुरू हुई टेस्ट सीरीज़ 2022 में पूरी होगी और भारत व इंग्लैंड दोनों टीमों की कमान अब एक नए कप्तान और कोच के हाथों में होगी। भारत इस सीरीज़ में 2-1 से आगे है। मूल रूप से ओल्ड ट्रैफ़र्ड में होने वाला यह मैच अब एजबेस्टन में खेला जाएगा। भारत के प्रमुख कोच राहुल द्रविड़ इस सीरीज़ के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा, यह सिर्फ़ एकमात्र टेस्ट नहीं है बल्कि इस पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी दांव पर लगे हुए हैं। जिन्होंने पिछले साल यह सीरीज़ खेली थी और भारत को बढ़त दिलाई थी, वे इस सीरीज़ को जीतने के लिए पूरी जान लगा देंगे। इंग्लैंड इस समय काफ़ी अच्छा खेल रही है, इसका भी हमें ध्यान रखना होगा। उन्होंने आगे कहा, जब हम पिछले साल इंग्लैंड से भिड़े थे तो स्थितियां कुछ अलग थीं। वे न्यूज़ीलैंड से हार कर आ रहे थे। लेकिन इस बार वे न्यूज़ीलैंड को हराकर आ रहे हैं। हालांकि हमारी टीम भी काफ़ी मज़बूत है, इसलिए मैं एक अच्छे मैच की उम्मीद कर रहा हूं। मुझे टेस्ट क्रिकेट देखना, खेलना और उसके लिए लड़कों को तैयार करना काफ़ी अच्छा लगता है और मैं इसके लिए तैयार हूं। भारत को गुरुवार से लेस्टरशायर के ख़िलाफ़ चार दिन का अभ्यास मैच खेलना है। पिछले साल शुरू हुई इस सीरीज़ में भारतीय टीम के कोच रवि शास्त्री, कप्तान विराट कोहली और उपकप्तान अजिंक्य रहाणे थे, वहीं अब कोच द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा और उपकप्तान केएल राहुल हैं। हालांकि अभी राहुल की फ़िटनेस पर संदेह बना हुआ है।

### अमेरिका पर जीत के साथ प्रो लीग अभियान समाप्त करना चाहेगा भारत

रोटरडम। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने पहले एफआईएच प्रो लीग अभियान को अमेरिका के खिलाफ डबल हेडर मुकाबलों में जीत के साथ समाप्त करना चाहेगी। सविता के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने सप्ताहांत में मौजूदा चैंपियंस अर्जेंटीना के खिलाफ हुए पहले मुकाबले में 2-2 (2-1 शूटआउट) की शूटआउट जीत दर्ज की थी जबकि दूसरे मुकाबले में उन्हें 2-3 की करीबी हार का सामना करना पड़ा था। वे वर्तमान में 12 मैचों में 24 अंकों के साथ लीग तालिका में तीसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के खिलाफ 21 और 22 जून को होने वाले दो मुकाबलों से पहले सविता ने कहा, हमारे लिए, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपनी योजनाओं पर अमल कर सकते थे और अर्जेंटीना के खिलाफ सप्ताहांत में बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे।

# कार्तिक ने किया कमाल तो वहीं भुवनेश्वर ने दिखाई अपनी क्लास



मुम्बई। दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ में 0-2 से पिछड़ने के बाद भारत ने 2-2 से बराबरी की और फिर अंतिम मुक़ाबला बारिश के कारण धुल गया। चार महीने बाद खेले जाने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस सीरीज़ में भारत का ध्यान नतीजों से ज़्यादा विश्व कप की तैयारियों पर था। इस बात को ध्यान में रखते हुए नज़र डालते हैं इस सीरीज़ में भारत के सकारात्मक पहलुओं पर।

### कार्तिक का कमाल जारी रहा

आईपीएल सीज़न में धूम मचाने के बाद दिनेश कार्तिक को भारतीय टीम में चुना गया। यह एक स्पष्ट भूमिका थी - अंतिम पांच ओवरों में जमकर बरसने की। सवाल यह था कि क्या वह आईपीएल में किए कारनामों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी रख पाएंगे। भारत ने उनका इस्तेमाल पारी के अंतिम क्षणों में ही किया। कटक में खेले गए दूसरे मैच में उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अक्षर पटेल को उनसे आगे भेजा। कार्तिक ने निराश नहीं किया और मुश्किल पिच पर धीमी शुरुआत के बावजूद 21 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राजकोट में खेले गए चौथे मैच में आया जहां उन्होंने 27 गेंदों पर 55 रन बनाकर भारत को मैच जिताऊ स्कोर तक पहुंचाया। इस सीरीज़ में 158.62 का उनका स्ट्राइक दूसरा सर्वश्रेष्ठ था। विश्व कप में अब भी थोड़ा समय है लेकिन कार्तिक के शानदार प्रदर्शन का अर्थ यह है कि राहुल द्रविड़ का समर्थन होने के बावजूद एकादश में ऋषभ पंत के स्थान पर ख़तरा मंडरा रहा है।

### बैकअप ओपनर की दौड़ में इशान आगे

पहले टी20 मैच से पहले केएल राहुल के चोटिल और सीरीज़ से बाहर होने के बाद इशान किशन और ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी की शुरुआत की। रणनीति आक्रामक क्रिकेट खेलने की थी और इसलिए दोनों ने हावी होने का प्रयास किया। स्पिन के ख़िलाफ़ इशान ने 39 गेंदों पर 91 रन बनाए लेकिन तेज़ गेंदबाज़ी के विरुद्ध 98 गेंदों पर उनके बल्ले से केवल 115 रन निकले। कुल मिलाकर इस सीरीज़ में उन्होंने 150.36 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 206 रन बनाए।

गायकवाड़ को तेज़ गेंदबाज़ी रास आती है और यह इस सीरीज़ में उनके स्ट्राइक रेट में साफ़ नज़र आया - पेस के ख़िलाफ़ 133.33 और स्पिन के ख़िलाफ़ 120।

हालांकि जब गेंद ने हरकत की, वह परेशानी में नज़र आए। कभी-कभी तो वह शॉट खेलने में देरी कर बैठे। 57 रनों की एक पारी समेत केवल 96 रन बनाने के बाद यह लग रहा है कि बैकअप ओपनर की दौड़ में इशान उनसे काफ़ी आगे हैं।

### नई गेंद के साथ भुवी ने दिखाई अपनी क्लास

जसप्रीत बुमराह की ग़ैरमौजूदगी में भुवनेश्वर कुमार ने भारतीय पेस आक्रमण का नेतृत्व किया और प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ बने।

उन्होंने नई गेंद को दोनों तरफ़ स्विंग करवाते हुए बल्लेबाज़ों को शांत रखा। पहले मैच में महंगे साबित होने के बाद उन्होंने बाक़ी बचे मैचों में छह से भी कम के दर से गेंदबाज़ी की। उन्होंने 6.07 की इकॉनमी के साथ इस सीरीज़ में संयुक्त रूप से सर्वाधिक छह विकेट झटके।

दक्षिण अफ़्रीका के कोच मार्क बाउचर ने अंतिम टी20 के बाद कहा था, भुवी इस सीरीज़ में अद्भुत थे और उन्होंने पावरप्ले में हम पर दबाव बनाया। टी20 विश्व कप के लिए 18 से 20 खिलाड़ियों का समूह तैयार कर रही भारतीय टीम में भुवनेश्वर ने बुमराह और हर्षल पटेल के बाद तीसरे तेज़ गेंदबाज़ के स्थान के लिए अपनी दावेदारी को और मज़बूत किया हैं।

### श्रेयस ने किया निराश

मध्य क्रम में एक ख़ाली स्थान के लिए कई दावेदार होने के बावजूद श्रेयस अय्यर को पांच मौक़े दिए गए। 123.68 के स्ट्राइक रेट से केवल 94 रन बनाते हुए वह इस सुनहरे अवसर का लाभ नहीं उठा पाए।कटक में वह मुश्किल पिच पर फंस गए और 35 गेंद खेलते हुए 40 रन बनाए। दक्षिण अफ़्रीकी तेज़ गेंदबाज़ों ने शॉर्ट ऑफ़ लेंथ गेंदों पर उनकी कमज़ोरी का पूरा फ़ायदा उठाया। यह कमज़ोरी चिंता का कारण बनेगी क्योंकि विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है जहां तेज़ गति और उछाल से भरी पिच देखने को मिलेगी। आयरलैंड सीरीज़ में सूर्यकुमार यादव की वापसी के मद्देनज़र श्रेयस के लिए चीज़ें कठिन नज़र आ रही है।

### ऑलराउंडर हार्दिक

हार्दिक पांड्या आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस के विजयी अभियान की मुख्य कड़ी थे। जहां इस सीरीज़ में उन्होंने ज़्यादा सुर्ख़ियां नहीं बटोरी, बल्ले के साथ वह लय में नज़र आए। गुजरात के लिए तीसरे और चौथे स्थान पर खेलने के बाद भारतीय टीम में वह फ़िनिशर की भूमिका में लौटे। चार पारियों में तीन बार उन्होंने 30 से अधिक रन बनाए और उनका कुल स्ट्राइक रेट 153.94 का रहा। गेंद के साथ वह महंगे साबित हुए लेकिन भारत इस बात से ख़ुश होगा कि उन्होंने बिना किसी परेशानी के चार पारियों में पांच ओवर फेंके।

## छह विकेट की जीत के साथ इंग्लैंड ने किया सीरीज़ पर कब्ज़ा

एम्सटलवीन। सलामी बल्लेबाज़ जेसन रॉय (73) और फ़िलिप सॉल्ट (77) के अर्धशतकों ने इंग्लैंड को नीदरलैंड पर दूसरे एकदिवसीय मैच में छह विकेट से फतह दिलायी। इंग्लैंड ने इस जीत के साथ सीरीज पर भी कब्जा कर लिया।

नीदरलैंड के एम्सटलवीन के वीआरए क्रिकेट ग्राउंड में हुए मैच को बारिश के कारण घटाकर 41 ओवर कर दिया गया, जिसमें नीदरलैंड ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी चुनी।

डच टीम की ओर से अर्धशतक लगाने वाले एकलौते बल्लेबाज़ कप्तान स्कॉट एडवर्ड ने 73 गेंदों पर 78 रन बनाये। एडवर्ड ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाये। इसके अलावा लोगन वैन बीक (30) और शेन स्नेटर (17) ने अंत में 27 गेंदों पर 44 रन की तेज़ साझेदारी कर टीम को 235 रन तक पहुंचाया।

236 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉय और सॉल्ट ने पहले विकेट के लिये 17 ओवर में 139 रन की साझेदारी कर मैच पर इंग्लैंड की पकड़ मज़बूत कर दी। कप्तान इयोन मॉर्गन एक बार फिर शून्य पर आउट हो गये और लायम लिविंग्स्टन भी चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये, लेकिन डेविड मलान (36) और मोईन अली (42) ने 37वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर इंग्लैंड को छह विकेट से जीत दिलायी।

इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की इस श्रंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

## राष्ट्रमंडल खेलों में मनप्रीत करेंगे कप्तानी



नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने 29 जुलाई से बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिये 18-सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा सोमवार को की। राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारत को इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ पूल बी में रखा गया है। भारत का पहला मैच 31 जुलाई को घाना के विरुद्ध होगा।

टीम की कप्तानी मनप्रीत सिंह करेंगे जो अपनी कप्तानी में पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक जिता चुके हैं। टीम में अनुभवी गोलकीपर के साथ कृष्ण बी पाठक को शामिल किया गया है, जो चोट से उबर कर टीम में वापसी कर रहे हैं। डिफ़ेंडर वरुण कुमार, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास , जुगराज सिंह और जरमनप्रीत सिंह को टीम में जगह दी गयी है।

मिडफ़ील्ड में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह और नीलकांत शर्मा का अनुभव शामिल है। साथ ही मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह और अभिषेक जैसे अनुभवी स्ट्राइकर अगला मोर्चा संभालेंगे।

गोल्ड कोस्ट में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत चौथे स्थान पर रहा था। इस साल एफआईएच प्रो लीग में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद उम्मीद की जा रही है कि भारतीय टीम बर्मिंघम में सफलता का परचम लहरायेगी। टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने टीम चयन के बारे में कहा, हमने राष्ट्रमंडल खेलों के लिये आज़माई हुई टीम चुनी है। इन खिलाड़ियों के पास एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष टीमों के खिलाफ दबाव वाले मैच खेलने का अनुभव है, जो हमारे लिये राष्ट्रमंडल खेलों से पहले महत्वपूर्ण रहा।

रीड ने कहा, नीदरलैंड से घर लौटकर एक अंतराल के बाद, हम भारतीय खेल प्राधिकरण, बेंगलुरू में अपना कैम्प पुनः शुरू करेंगे जहां हम बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करेंगे। इस एफआईएच प्रो लीग में जहां हमारे लिये कई अच्छे पहलू भी रहे हैं, कई ऐसे पहलू भी हैं जिनपर हम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले काम कर सकते हैं।

# यूएन में पाकिस्तान की फिर बेइज्जती, भारतीय नागरिक को आतंकी घोषित करने की मांग खारिज

नई दिल्ली। भारत सहित पांच देशों ने एक भारतीय नागरिक को संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में शामिल करने के पाकिस्तानी प्रयास को खारिज कर दिया है। इस्लामाबाद ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 समिति में गोविंद पटनायक दुग्गीवालसा को शामिल करने की योजना बनाई थी। पाकिस्तान सरकार का दावा था कि वह देश में आतंकवादी हमलों में शामिल थे।



भारत का समर्थन करने वाले देश यूके, यूएस, फ्रांस और अल्बानिया हैं। इनमें से तीन देश सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं, जबकि अल्बानिया इस महीने के लिए परिषद का अध्यक्ष है। 2020 में भी इसी नाम को समिति के 5 सदस्यों ने खारिज कर दिया था। उसे फिर से सूचीबद्ध करने की पाकिस्तान की कोशिश को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का समय बर्बाद करने के रूप में देखा जा रहा है।

### आतंकवाद को धार्मिक रंग दे रहा पाकिस्तान : भारत

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत टी.एस. तिरुमूर्ति ने इसे आतंकवाद को धार्मिक रंग देकर राजनीतिकरण करने की पाकिस्तान की कोशिश करार दिया है। पिछले हफ्ते चीन ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अब्दुल रहमान मक्की को संयुक्त राष्ट्र सूची में शामिल करने पर रोक लगा दी थी। इसके बाद भारतीय नागरिक को इसमें सूचीबद्ध करने के पाकिस्तान के प्रयास को हस्ष्ट के सभी सदस्यों ने खारिज कर दिया है।

### भारत-अमेरिका में आतंकी घोषित है मक्की

मक्की को अमेरिका आतंकवादी घोषित कर चुका है। मक्की लश्कर-ए-तैयबा के सरगना और 26/11 मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद का रिश्तेदार है।

मक्की (74) लश्कर-ए-तैयबा में कई अहम भूमिकाएं निभाता रहा है, जिसे अमेरिका ने विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित कर चुका है। भारत और अमेरिका, दोनों ने मक्की को अपने-अपने देश के कानूनों के तहत आतंकवादी घोषित कर रखा है।

### रूस बना चीन के लिए सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता

मॉस्को। रूस ने अपने खिलाफ अमेरिका ,ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन(ईयू) के प्रतिबंधों के बीच चीन को सस्ती दरों पर कच्चा तेल देना शुरू कर दिया है और इस तरह वह चीन के लिए अब सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश बन गया है। बीबीसी के अनुसार आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार चीन में रूस से होने वाले तेल आयात में पिछले एक साल में 55 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है और मई में यह रिकॉर्ड स्तर पर रहा। चीन के जनरल एडमिनिस्ट्रेटिव्स ऑफ कस्टम्स ने कहा कि यह आयात पूर्वी सर्बिया प्रशांत महासागर पाइपलाइन और रूस के यूरोपीय हिस्से में स्थित तथा सुदूर पूर्वी बंदरगाहों से आये तेल के जहाजों की मदद से चीन पहुंचता है। इससे पहले चीन सर्वाधित तेल आयात सऊदी अरब से किया करता था लेकिन वर्तमान में वह दूसरे नंबर पर खिसक गया है और रूस चीन के लिए तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। चीन की बड़ी बड़ी तेल कंपनियां रूस से तेल खरीद रहीं हैं क्योंकि रूस बेहत सस्ती दरों पर उन्हें तेल मुहैया करा रहा है।

# दुनिया के सातवें अमीर शख्स ले रहे तलाक, टॉप सात में पांच का यही हाल



नई दिल्ली। एक और अमीर शख्स का निजी जीवन चर्चा में बना हुआ है। यह सब तब सामने आया है जब गूगल के को फाउंडर और दुनिया के सातवें सबसे अमीर शख्स सर्गेई ब्रिन अपनी दूसरी पत्नी से तलाक ले रहे हैं। सर्गेई ने निकोल शानाहान से नवंबर 2018 में शादी की थी और ठीक उसी साल निकोल ने बेटी को जन्म दिया था। अब यह कपल अलग हो रहा है और उनका तलाक सुर्खियों में बना हुआ है। इसके साथ ही अब दुनिया के टॉप सात अमीरों में से पांच का तलाक हो चुका है।

दरअसल, गूगल के को फाउंडर और दुनिया के सातवें सबसे अमीर शख्स सर्गेई ब्रिन और उनकी दूसरी पत्नी निकोल शानाहान ने तलाक के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई है। सर्गेई 8.23 लाख करोड़ रुपए संपत्ति के मालिक हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों 15 दिसंबर 2021 से अलग रह रहे हैं। शानाहान लॉयर और एंटरप्रेन्योर हैं। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच मतभेद इतने ज्यादा बढ़ गए कि अब उन्होंने तलाक का फैसला लिया है।

सर्गेई इस तलाक को पूरी तरह से गोपनीय रखना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि तलाक की जानकारी अगर बाहर आई तो बेटी को परेशान किए जाने या किडनैप की आशंका है। इतना ही नहीं स्त्रोतों के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि इसके चलते उन्होंने प्राइवेट जज को नियुक्त किया है, जो केस की जल्द सुनवाई कराने में मदद करेंगे।

सर्गेई ने पहली शादी मई 2007 में ऐनी वोज्स्की से की थी। 8 साल बाद 2015 में उनका ऐनी से तलाक हो गया था। फिलहाल सर्गेई के इस तलाक के बाद दुनिया के टॉप अमीरों का निजी जीवन एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। एक तथ्य यह भी है कि सर्गेई के इस तलाक के बाद ही दुनिया के टॉप सात अमीरों में पांच का तलाक हो चुका है। अगर इस सूची की बात करें तो एलन मस्क, जेफ बेजोस, बर्नार्ड अर्नोल्ट, बिल गेट्स का नाम शामिल हैं। अब इस सूची में सर्गेई ब्रिन का नाम शामिल हो गया है। यानी टॉप सात अमीरों में सर्गेई ब्रिन पांचवें ऐसे शख्स हैं जिनका तलाक हो रहा है।

### आस्ट्रेलिया की संसद में हिजाब पहनने वाली पहली महिला बनी फातिमा पेमान

कैनबरा। फातिमा पेमान सोमवार को ऑस्ट्रेलिया की संसद में हिजाब पहनने वाली पहली मुस्लिम महिला बनीं। एबीसी न्यूज के मुताबिक सुश्री पेमान ने वेस्ट आस्ट्रेलिया की छठी सीनेट सीट का दावा किया, जिसने लेबर पार्टी की तकदीर बदल दी। सुश्री पेमान (27) सीनेट के इतिहास में तीसरी सबसे कम उम्र का सीनेटर है। उन्होंने कहा, इससे पहले कि मैं एक अफगान या मुस्लिम हूँ, मैं एक ऑस्ट्रेलियाई लेबर सीनेटर हूँ, सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों का प्रतिनिधित्व करती हूँ, चाहे उनकी आस्था, पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक पहचान, उम्र या क्षमता कुछ भी हो। उन्होंने कहा, मैं अपने प्रथम राष्ट्र में शामिल लोगों सहित सभी का प्रतिनिधित्व करूंगी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि उनके हिजाब पहनने के विचार से चुनाव को सामान्य बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, यह सिर्फ इसलिए नहीं कि इस्लामाफोबिया मीडिया में व्याप्त है लेकिन मैं चाहती हूँ कि जो युवा लड़कियां हिजाब पहनने का फैसला करती हैं, वे वास्तव में इसे गर्व के साथ करें, यह जानते हुए करें कि उन्हें इसे पहनने का पूरा अधिकार है। सुश्री पेमान जब आठ वर्ष की थी तब वह अफगानिस्तान छोड़कर अपने परिवार के साथ भाग आस्ट्रेलिया आयी थी।

### तोड़फोड़ मामले में पीटीआई नेताओं को मिली अंतरिम जमानत

इस्लामाबाद। इस्लामाबाद की एक अदालत ने 25 मई को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 'आजादी मार्च' के दौरान हुई तोड़फोड़ के मामले में पीटीआई के वरिष्ठ नेताओं को सोमवार को अंतरिम जमानत दे दी। पुलिस ने पीटीआई के 11 नेताओं के खिलाफ कोहसर थाना में हिंसा से संबंधित एक मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूर्व योजना मंत्री असद उमर, नेशनल असेंबली के पूर्व उपाध्यक्ष कासिम खान सूरी, सीनेटर फैसल जावेद, पूर्व गृह मंत्री शेख रशीद, पूर्व रक्षा मंत्री परवेज खटक, पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी, शहरयार अफरीदी, अली मोहम्मद खान, शेराज़ बशारत, राजा खुर्रम नवाज, मुराद सईद और अन्य को गिरफ्तारी से पहले जमानत पाने वाले पीटीआई नेताओं में शामिल हैं। सुनवाई के दौरान जज ने तरनोल, गोलरा व आई-9 थाना क्षेत्र में दर्ज प्रकरणों की जांच के संबंध में पूछताछ की और सभी पक्षों को जांच का हिस्सा बनने का निर्देश दिया। पीटीआई नेता कासिम खान सूरी, शहरयार अफरीदी, अली मोहम्मद खान, असद उमर, फैसल जावेद सोमवार को अदालत में पेश हुए।

### पाकिस्तान में पंजाब विस कर्मचारियों को ऐवान-ए-इकबाल में रिपोर्ट करने का आदेश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब विधानसभा सत्र आयोजित करने से संबंधित संवैधानिक संकट और गहरा गया है क्योंकि अध्यक्षों के पैनल ने विधानसभा सचिवालय के चार वरिष्ठ अधिकारियों को ऐवान-ए-इकबाल में तुरंत रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। पंजाब विधानसभा में 14 जून से बजट सत्र चल रहा है। पाकिस्तानी समाचारपत्र 'डॉन' ने सोमवार को यह जानकारी दी। अध्यक्षों के पैनल के चार सदस्यों में से एक खलील ताहिर सिंधु ने उन्हें निर्देश दिया,विशेष सचिव अली इमरान रिज़वी, मुख्य सुरक्षा अधिकारी अकबर नासिर, मुख्य रिपोर्टर उमर दरज़ और एस्टेट निदेशक असीम चीमा को तुरंत ऐवान-ए-इकबाल में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है, जहां पंजाब विधानसभा का संवैधानिक सत्र चल रहा है और वहां रिपोर्टिंग करना उनकी कानूनी जिम्मेदारी है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में सत्र की अध्यक्षता कर रही सिंधु ने चेतावनी दी,गैर-अनुपालन के मामले में, आपके साथ कानून के अनुसार निपटा जाएगा। पंजाब कानून विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्यवाहक विधानसभा सचिव के रूप में काम करने वाले विशेष सचिव आमेर हबीब, जिन्होंने राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित एक अध्यादेश के तहत प्रशासनिक मामलों में विधानसभा सचिव की शक्तियों को वापस ले लिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# मल्टीप्लेक्स में रोजगार



**मल्टीप्लेक्स** आज फिल्मों और मनोरंजन की दुनिया का अहम भाग बन चुके हैं। हर नई रिलीज होती फिल्म अपने से पिछली रिलीज हुई फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ती हुई करोड़ों रुपए का बिजनेस करती नजर आती है।यह सब मल्टीप्लेक्स के ट्रेंड से ही संभव हो पाया है। हर फैमली सप्ताह के अंतिम दिनों में बाहर मौज-मस्ती करना चाहती हैं और सभी के पास मल्टीप्लेक्स का विकल्प सबसे पहले तैयार होता है। आखिर एक ही जगह जब चार-पांच अलग-अलग फिल्में दिखाई जा रही हों, तो लोगों के पास अपनी पसंदीदा फिल्में देखने के भरपूर विकल्प मिल जाते हैं। तो कैसा हो यदि आपको ऐसी रोमांचक जगह पर कैरियर मिल जाए?

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य-** आजकल आमतौर पर एक सिनेमा हॉल में लगभग 100 लोग काम करते हैं जिसमें से 30 डायरेक्ट जॉब पर होते हैं, 20 लोग एजेंसियों के माध्यम से जुड़े होते हैं और इन लागों में हाउस बॉयज से लेकर क्रू मेंबर तथा सिनेमा मैनेजर प्रॉफिट सेंटर हेड तक शामिल होते हैं।

**आवश्यक योग्यता एवं वेतन**

- सिनेमा मैनेजर की पोजिशन के लिए हॉस्पिटेलिटी या रिटेल में ग्रेजुएट होने के साथ-साथ करीब छह या अधिक वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है।
- टीम लीड तथा शिफ्ट मैनेजर की पोजिशन के लिए हॉस्पिटेलिटी या रिटेल में ग्रेजुएट होने के साथ-साथ 3 या अधिक वर्षों का अनुभव होना चाहिए।
- क्रू मेंबर व अन्य स्थानों के लिए ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट छात्र या फैशर्स की मांग अधिक रहती है। इसके अतिरिक्त, आपको अंग्रेजी का ज्ञान होना आवश्यक है।
- यदि सेलरी की बात की जाए तो शैक्षिक योग्यता और अनुभव के आधार पर जहां सिनेमा मैनेजर की सेलरी रेंज 25,000 से 35,000 रुपए प्रतिमाह होती है, वहीं टीम लीडर और शिफ्ट मैनेजर की सैलरी रेंज 17,500 से 25,000 रुपए प्रति माह होती है।
- क्रू में आमतौर पर फ्रैशर्स और छात्र चुने जाते हैं और उनकी सेलरी 5,000 से 9,000 रुपए प्रतिमाह हो सकती है।

क्योंकि ये इंडस्ट्री काफी से वृद्धि कर रही है, इसलिए इसमें एक ही कंपनी में और एक ही लोकेशन में विकास के काफी अवसर हैं। मल्टीप्लेक्स की बढ़ती तादाद के साथ-साथ रिटेल इंडस्ट्री को भी काफी फायदा पहुंच रहा है। इसके अलावा युवाओं के लिए सबसे रोमांचक बात मल्टीप्लेक्स में कैरियर होने पर आप आसानी से हर फिल्म के फर्स्ट डे फर्स्ट शो का लुत्फ उठा सकते हैं। मल्टीप्लेक्स की दुनिया 3 तरह की नौकरियों के विकल्प देती है।

- डायरेक्ट जॉब
- एजेंसी के माध्यम से इनडायरेक्ट जॉब
- एलाइड या वेंडर जॉब जैसे फूड एंड बार, पेपर पैकिंग, इंटीरियर आदि।

अगले 5 सालों में 900 नए मल्टीप्लेस के कारण लगभग 10,000 सीधी नौकरियों के विकल्प भी सामने आने वाले हैं। इन नौकरियों में क्यू और सुपरवाइजरी स्टाफ आदि के विकल्प हैं। एजेंसियों के माध्यम से खुलने वाली लगभग 10,000 ही इनडायरेक्ट जॉब होगीं, जिसमें हाउसकीपिंग, सिक्युरिटी, मैनटेंनस आदि शामिल हैं। इसके अलावा, हर साल करीब 5000 एलाइड व वेंडर जॉब की आवश्यकता होगी, जिसमें फूड एंड बार वेंडर, कंस्ट्रक्शन, इंटीरियर वर्क्स आदि शामिल हैं। इस आंकड़ों में प्रति वर्ष 25 प्रतिशत की वृद्धि होने की भी प्रबल संभावना है।

यही नहीं, इन 25,000 नई नौकरियों के अलावा मल्टीप्लेक्स इंडस्ट्री में हर साल 1,200 अन्य प्रतिष्ठित संसाधनों की भी आवश्यकता होगी और खास बात ये है कि 20 से 30 वर्ष की आयु वाले नौजवानों के लिए इतनी भारी तदाद में नौकरियों की ये मांग आमतौर पर छोटे शहरों में होगी जहां मल्टीप्लेक्स ट्रेंड फैलना शुरू हुआ है। इंस्टिट्यूट मल्टीप्लेक्स से जुड़े क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए मुख्य रूप से मैनेजमेंट, इंटीरियर, हॉस्पिटेलिटी, रिटेल आदि से संबंधित संस्थानों से कोर्स किए जा सकते हैं।

# बॉडी लैंग्वेज आसानी से दिलाती है जॉब

बेशक आपकी नॉलेज और दूसरी स्किल्स बेहतरीन हों,लेकिन अगर आपकी बॉडी लैंग्वेज दुरुस्त नहीं है तो आपके लिए जॉब पाना आसान नहीं होगा। इसलिए बेहतर होगा कि अगली बार इंटरव्यू देते वक्त आप अपनी बॉडी लैंग्वेज का भी ख्याल रखें।आज कम्यूनिकेशन का मतलब सिर्फ बोलचाल नहीं है बल्कि आपके अंदाज से भी आपके मन में चल रही बातों को भी समझा जा सकता है। टेक्निकल लैंग्वेज में इसे बॉडी लैंग्वेज कहा जाता है। गौरतलब है कि इंटरव्यू के दौरान सही कैंडिडेट चुनने में बॉडी लैंग्वेज बड़े काम की चीज साबित हो रही है। ज्यादातर एचआर मैनेजर्स बॉडी लैंग्वेज को देखकर ही कैंडिडेट्स का सिलेक्शन करते हैं।

## सिर्फ बॉडी लैंग्वेज ही नही

आपको बता दें कि बिना शब्दों की भाषा यानी नॉन वर्बल कम्युनिकेशन में सिर्फ बॉडी लैंग्वेज,हाव-भाव, चेहरे की मुद्रा और आई कॉन्टैक्ट ही शामिल नहीं होते,बल्कि कई एक्सपर्ट आवाज की टोन और उतार-चढ़ाव को भी इसी कैटिगरी में रखते हैं। कोई कैंडिडेट इंटरव्यू में तभी सक्सेस हासिल कर सकता है जब वह तमाम सावधानियों के साथ-साथ बोलने के स्टाइल पर भी कंट्रोल रखे।काफी प्रैक्टिस के बावजूद ऐसे कम्यूनिकेशन पर पूरी तरह कंट्रोल नहीं किया जा सकता ।जिससे मन के भाव किसी न किसी रूप में सामने आ ही जाते हैं। खासतौर पर इंटरव्यू की बात करें तो शब्दों का महत्व सिर्फ 10 प्रतिशत होता है। बाकी चीजें नॉन वर्बल कम्यूनिकेशन से तय होती हैं।

## कैसी हो इंटरव्यू के समय आपकी बॉडी लैंग्वेज-

- इंटरव्यू रूम में एंट्री करते ही बॉडी लैंग्वेज का सबसे पहला टूल हाथ मिलाना होता है। इंटरव्यूअर से हाथ मिलाते वक्त नर्वस न हों। इस दौरान आपकी थोड़ी सी भी झिझक सेल्फ कॉन्फिडेंस की कमी का संकेत होगी।
- आप किस तरह बैठते हैं यह भी महत्वपूर्ण है। अगर आप कुर्सी के एक किनारे की तरफ बैठेंगे तो भले ही जोश से भरे दिखाई दें लेकिन इससे आपका डर भी झलकेगा। मानो आप किसी भी समय कमरे से बाहर भागना चाहते हैं।?
- आपके हाथों की गतिविधियों से आपकी नर्वसनेस नहीं झलकनी चाहिए। इसलिए इंटरव्यू के दौरान सीट पर बैठकर न तो अपने नाखून कुतरिए ,न बालों पर हाथ फेरिए और न ही हाथों को मसलिए।



# बड़े होते ही केरियर का सपना देखन क्यों बंद कर देता है बच्चा

**हमारी बचपन की यादों में यह भी शामिल रहता है कि हम क्या बनना चाहते थे? पायलट से लेकर डॉक्टर-इंजीनियर बनने के सपने देखने वाला नन्हा बच्चा बड़ा होकर क्या वाकई वह बन पाता है, जो उसे बनना है। फिर ऐसा क्या हो जाता है कि वह अपने करियर का सपना देखना ही बंद कर देता है।**

बचपन ही अच्छा होता है, यह बात बड़े होकर हमें समझ में आती है। कॉलेज और स्कूल के दिन जिंदगी का सबसे खूबसूरत दिन होते हैं, यह बात हमें बड़े होने के बाद ही समझ आती हैं। बचपन में घर पर कोई मेहमान आ जाए औकाफी देर तक वह जाने का नाम नहीं लेता है तब घर का सबसे छोटा सदस्य यह कहने से भी बाज नहीं आता कि अंकल आप कब जाओगे? क्योंकि उसे शिष्टाचार की आदत नहीं, उसे समाज के आडंबरों से कोई मतलब नहीं। इसके अलावा कोई इन नन्हों से पूछ लेता है कि बड़े होकर आप क्या बनोगे? तब बड़े ही मासूम से जवाब होते हैं। कोई फायटर पायलट बनना चाहेगा तो कोई डॉक्टर तो कोई इंजीनियर।

उन्हें इस बात का कोई एहसास नहीं होता हैकि ये बनने में उन्हें कितनी बाधाओं को पार करना पड़ेगा। उनका लक्ष्य तो बस जो मन में ठान लिया है वही बनना है।कितना निःछल लक्ष्य है, जिसे पाने का पूर्ण आत्मविश्वास इन बच्चों में होता है। वे आपसे भी तरह-तरह के ऐसे प्रश्न करेंगे, जिनका जवाब आप नहीं दे सकते। हम आसमान क्यों नहीं छू सकते? आप जवाब नहीं देंगे तब वे स्पाइडरमैन या सुपरमैन को बुलाकर अपने प्रश्नों का उत्तर जरूर खोज लेंगे। आप जवाब नहीं दे सकते। बच्चों की कल्पनाएँ भी बड़ी ही अच्छी होती हैं। वे किसी का भी उत्तर संसार के किसी अन्य वस्तु से जोड़कर देख लेते हैं। उनके लिए उनके माता-पिता नायक-नायिका हैं और उन्हीं के बल पर वे संसार में किसी से भी लड़ भिड़ सकते हैं और अपने मुकाम पाने की ताकत रखते हैं।हम बड़े हो जाते हैं तब बचपना कहीं खो जाता है यह बात निश्चित है, पर बचपन में हमारे सपने देखने का पैमाना कितना बड़ा था, हम किसी भी बाधा को न जानते हुए लक्ष्य की बातें करते थे। फिर ऐसा क्यों हो जाता है कि बड़े होने के बाद उन कल्पनाओं को ताले लग जाते हैं और हम लक्ष्य की बात न कर बाधाओं को लेकर बैठ जाते हैं और तमाम तरह की नकारात्मक बातें सोचने लग जाते हैं।दोस्तों जिंदगी बहुत सरल और सहज होती है और इसमें लक्ष्य पाना भी बहुत ज्यादा मुश्किल नहीं होता है, पर हम जैसे-जैसे बड़े होते जाते हैं, अपनी अक्ल लगाते हैं और जिंदगी में आने वाली बाधाओं का विश्लेषण अपने मन से करने लगते हैं और इन विश्लेषणों के मकड़जाल में उलझकर असल लक्ष्य को भूल जाते हैं। बचपन को जिंदा रखोगे तब न केवल जिंदगी में लक्ष्य पाना आसान होगा।बल्कि सपनों का कैनवास भी बड़ा होगा।

यकीन नहीं होता तब थोड़ा समय बच्चों के साथ बिताएँ, उन्हें समझें और यह भी समझें कि वे दुनिया को किस नजरिए से देखते हैं। वे भी इसी माहौल में जी रहे हैं, पर उनका कोमल मन कहता है कि वे जरूर पायलट बनेंगे या जो भी जी में आए बन सकते हैं।कभी अपने आपको बच्चा बनाकर भी देखो। फिर देखना समस्याएँ बौनी नजर आएँगी और अपने आपमें आत्मविश्वास आएगा कि बचपन में जो पायलट बनने का ख्वाब देखा करता था, आज वह जरा-सी नाकामी से हताश कैसे हो सकता है। मुश्किलों से लडना है तो अपने दिल में एक बच्चा जरूर रखिए...

